रजिस्ट्री सं० डी०—(डी एन)—128

REGISTERED NO. D—(DN)—128

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

केन्द्रीय सचिवालय ग्रन्थागार CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY 14.1.88 GOVT. OF INDIA भारत सरकार

सं० 50] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 12, 1987 (अग्रहायण 21, 1909)

No. 50] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 12, 1987 (AGRAHAYANA 21, 1909)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate Compilation)

भाग III—खण्ड 4

[PART III—SECTION 4]

विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचना सम्मिलित हैं

[Miscellaneous Notifications Including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

स्टेट बैंक आफ त्रावणकोर

(भारतीय स्टेट बैंक का सहयोगी)

त्रिवेन्द्रम दिनांक 20 नवम्बर 1987

सूचना

सं० एम० डी०/1151—7 नवम्बर 1987 की सूचना के सिलसिले में और समनुषंगी बक साधारण अधिनियम की धारा 34 के अनुसार यह घोषित किया जाता है कि भारतीय स्टेट बैंक (समनुषगी बैंक) अधिनियम 1959 की धारा 25 (1) (डी) के अन्तर्गत निम्नलिखित व्यक्तियों को स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर के बोर्ड में निदेशकों के रूप में चुना गया है :—

1. श्री एन० एस० श्रीनिवासन
   टी० सी० 41/983 कुटिट्काड
   मणक्काड पी० ओ०
   त्रिवेन्द्रम—695 009

2. श्री सी० पी० गोपालन नायर
   आई० ए० एस० (सेवा निवृत्त)
   नं० 36 ब्लाक नं० 5ए०
   कोरामंगला
   बैंगलूर—560 034

बी० गुप्त
प्रबन्ध निदेशक

स्टेट बैंक आफ इन्दौर

(भारतीय स्टेट बैंक का सहयोगी बैंक)

प्रधान कार्यालय

इन्दौर-452003, दिनांक 28 नवम्बर 1987

सूचना

एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि स्टेट बैंक आफ इन्दौर के अंशधारियों की साधारण सभा गुरूवार दिनांक 14-

जनवरी, 1988 को 11 बजे (मानक समय रविन्द्र नाट्य गृह आर. एन. टी. मार्ग, इन्दौर में भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक) अधिनियम, 1959 की धारा 25(1) (डी) के अनुसरण में दो व्यक्तियों का बैंक के बोर्ड के निदेशक के रूप में निर्वाचित करने के प्रयोजन हेतु आयोजित की जाएगी जो बैंक के बोर्ड के निदेशक (1) श्री पी. एस. बापना एवं (2) श्री लक्ष्मण प्रसाद भार्गव के स्थान पर होंगे, जो उक्त अधिनियम की धारा 26(2) के अनुसार 15 जनवरी, 1988 को सेवानिवृत्त होंगे किन्तु उक्त अधिनियम की धारा 26(3) के अंतर्गत पुनः निर्वाचन हेतु पात्र हैं ।

प्रेम प्रकाश,
प्रबंध निदेशक

पंजाब नेशनल बैंक

कार्मिक प्रभाग

प्रधान कार्यालय

नई दिल्ली, दिनांक 6 नवम्बर 1987

बैंककारी कंपनी (उपक्रम का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम 1970 (1970 का 5) की धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पंजाब नेशनल बैंक का निदेशक मंडल भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से और केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से पंजाब नेशनल बैंक (अधिकारी) सेवा विनियमावली 1979 में और आगे संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है :—

2. संक्षिप्त शीर्षक और प्रारम्भ (1) इन विनियमों का नाम पंजाब नेशनल बैंक (अधिकारी) सेवा (संशोधन) विनियमावली, 1979 होगा ।

(2) ये विनियम भारत के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे ।

3. विनियम 19(1)

सरकार द्वारा समय-समय पर जारी हिदायतों के अनुसार निदेशक मंडल जो शर्तें निर्धारित करेगा उनके अनुसार अधिकारियों को सेवा निवृत्ति की आयु मानी जाएगी ।

परन्तु बैंक अपने विवेक से इन विनियमों में इसके बाद उल्लिखित ढंग से विशेष समिति/विशेष समितियों द्वारा समीक्षा के बाद उप विनियम (2) के अनुसार 55 वर्ष की आयु पूरी कर लेने के बाद अथवा अधिकारी कर्मचारी के रूप में अथवा/और/या 30 वर्ष की बैंक सेवा पूरी कर लेने पर अथवा उसके बाद (जो भी पहले हो) किसी अधिकारी को सेवा निवृत्त कर सकता है ।

परन्तु साथ ही किसी अधिकारी कर्मचारी को सेवा निवृत्त करने से पहले कम से कम तीन महीने का लिखित नोटिस अथवा तीन महीने के कुल वेतन/वेतन और भत्ते के बराबर की रकम ऐसे अधिकारी कर्मचारी को दी जाएगी होगी ।

परन्तु साथ ही उपविनियम (2) में की गई व्यवस्था के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के आदेशों से असंतुष्ट अधिकारी आदेश जारी किए जाने के एक माह के भीतर सक्षम प्राधिकारी के निर्णय के विरोध में निदेशक मंडल को लिखित प्रतिवेदन दे सकता है और संबंधित अधिकारी से इस प्रकार का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर निदेशक मंडल द्वारा उस पर विचार किया जाएगा और 3 महीने के भीतर निर्णय लिया जाएगा जहां निदेशक मंडल यह निर्णय करता है कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिया गया आदेश न्यायोचित नहीं है संबंधित अधिकारी को इस प्रकार बहाल किया जाएगा मानो सक्षम प्राधिकारी ने कोई आदेश न दिया हो ।

परन्तु साथ ही इस विनियम में उल्लिखित कोई भी बात ऐसी नहीं समझी जाएगी कि कोई अधिकारी कर्मचारी बैंक में मौजूद नियमों के अनुसार अपने विकल्प का प्रयोग करते हुए पहले सेवा-निवृत्त हो जाए ।

स्पष्टीकरण

कोई अधिकारी कर्मचारी उस महीने के अंतिम दिन सेवा निवृत्त होगा जिसमें वह अपनी सेवा निवृत्ति की आयु पूरी कर लें ।

नियम 19(2)

बैंक एक ऐसी विशेष समिति/विशेष समितियों का गठन करेगा जिसमें कम से कम तीन सदस्य होंगे जो इस बात की समीक्षा करेगी कि क्या इस विनियम के पहले परन्तुक के अनुसार किसी अधिकारी को सेवा निवृत्त किया जाना चाहिए अथवा नहीं । ऐसी समिति/समितियां समय-समय पर प्रत्येक अधिकारी के मामले की समीक्षा करेंगी और किसी भी अधिकारी कर्मचारी की सेवा निवृत्ति का आदेश तब तक नहीं दिया जाएगा जब तक विशेष समिति/विशेष समितियां सक्षम प्राधिकारी को लिखित रूप में अधिकारी कर्मचारी की सेवा निवृत्ति की सिफारिश न कर दें ।

विनियम 12(1)

इन विनियमों में उल्लिखित किसी बात के होते हुए भी नियत तिथि से तत्काल पूर्व बैंक में सेवारत किसी अधिकारी को यह विकल्प प्राप्त होगा कि नए वेतनमान में अपनी फिटमेंट की सूचना प्राप्त होने के 30 दिन के भीतर बैंक को सूचित करते हुए नियत तिथि से पूर्व अपने पर लागू वेतनमान में उसके बाद भी रहे ।

परन्तु ऐसा विकल्प तब तक जारी रहेगा जब तक विनियम 4 में उल्लिखित वेतनमानों में से किसी ऐसे वेतनमान में उसकी पदोन्नति न हो जाए जो नियत तिथि से तत्काल पूर्व उसको पात्रता के वेतनमान से ऊंचा हो और विनियम 7 के अनुसार उसके अनुरूप हो ।

विनियम 12(2)

उप विनियम (3) में बताए अनुसार यदि किसी अधिकारी ने ऐसा विकल्प दिया हो तो वह नियत तिथि से तत्काल पूर्व बैंक सेवा में अपनी पात्रता के अनुसार वेतन और भत्ते प्राप्त करता रहेगा ।

परन्तु किसी भी हालत में ऐसी पात्रता के अंतर्गत कोई अधिकारी परिलब्धियों का पात्र नहीं होगा बल्कि उसे वही परिलब्धियां दी जाएंगी जो इन विनियमों के अंतर्गत उसे देय हों।

विनियम 12(3)

कोई अधिकारी जिसने उपविनियम (1) में बताए अनुसार विकल्प दिया हो और उपविनियम (2) के अनुसार नियुक्ति की तारीख से तत्काल पहले सेवा में पात्रता के अनुसार वेतन और भत्ते लेता रहा हो 1-2-84 को तब से विनियम के अनुसार लागू होने वाले वेतन और भत्ते के लिए विकल्प दे सकेगा। इस प्रकार का विकल्प देने के बाद विनियम 8 में बताए गए अनुसार नियुक्ति की तारीख से नए वेतनमान में उनका सैधांतिक (नोशनल) फिटमेंट किया जाएगा और 31-1-84 तक इन विनियमों के अनुसार उन्हें मिलने वाली वेतनवृद्धियां देकर दिनांक 1-2-1984 को सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार विनियम (4)(1) में बताए अनुसार वेतनमान में उनका फिटमेंट किया जाएगा।

परन्तु यदि उपर्युक्त के अनुसार फिटमेंट करने पर अधिकारी का वेतन और भत्ते 31-1-84 को उसे मिलने वाले वेतन और भत्तों से कम हों ऐसी फिटमेंट से दोनों का अंतर उसे व्यक्तिगत भत्ते के रूप में दिया जाएगा और उसका समायोजन भावी वेतन वृद्धियों में प्रत्येक वेतन वृद्धि में से 33-1/3 प्रतिशत की दर से अथवा प्रत्येक वेतन वृद्धि के परिणाम स्वरूप वेतन में होने वाली बढ़ोतरी के (जो भी कम हो) 33-1/3 प्रतिशत की दर से किया जाएगा।

विनियम 6(2)

उपविनियम (1) के अंतर्गत पदों की श्रेणियां बनाने के उद्देश्य से बैंक की प्रत्येक शाखा का वर्गीकरण बैंक द्वारा सरकार की हिदायतों के अनुरूप छोटी, मध्यम, बड़ी बहुत बड़ी तथा अपवाद स्वरूप बहुत बड़ी श्रेणी में किया जाएगा।

विनियम 41(1)(1)

2925/- रुपए प्रति मास अथवा उससे अधिक पाने वाले अधिकारी रेल-गाडी में ए० सी० प्रथम श्रेणी से अथवा हवाई जहाज से यात्रा कर सकते हैं। यदि कोई अधिकारी हवाई जहाज से यात्रा करता है तो जब तक निदेशक मंडल द्वारा सामान्य अथवा विशेष निर्णय द्वारा व्यवस्था न की गई हो वह केवल बचत श्रेणी के किराए के लिए पात्र होगा।

(2) 2650/- रुपए प्रति मास और उससे अधिक परन्तु 2925/- रुपए प्रति मास से कम पाने वाले अधिकारी रेलगाडी से प्रथम श्रेणी में यात्रा कर सकते हैं। बहरहाल यदि यात्रा की दूरी 500 किलोमीटर से अधिक हो अथवा रात की यात्रा हो तो वे रेलगाडी में प्रथम श्रेणी ए० सी० से यात्रा कर सकते हैं और यदि सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमति ले ली जाए तो वे हवाई जहाज से भी यात्रा कर सकते हैं। यदि कोई अधिकारी हवाई जहाज से यात्रा करता है तो वह केवल बचत श्रेणी के किराए के लिए पात्र होगा।

(3) 2650/- रुपये प्रतिमास से कम वेतन पाने वाले अधिकारी रेलगाड़ी में प्रथम श्रेणी में यात्रा कर सकते हैं परन्तु कार्य की आवश्यकता अथवा जनहित को देखते हुए यदि सक्षम प्राधिकारी किसी अधिकारी को अनुमति दे तो वे स्थाई जहाज से भी यात्रा कर सकते हैं।

(4) 2925/- रुपये प्रतिमास और उससे भी अधिक वेतन पा वाले अधिकारी ऐसे स्थानों की यात्रा कार से भी कर सकते हैं जहां के लिये वायुयान अथवा रेलगाड़ी से यात्रा करने की सुविधा न हो बशर्ते कि यात्रा के स्थान की दूरी 500 कि० मी० से अधिक न हो।

बहरहाल, जब दो स्थानों के बीच की अधकांश दूरी वायु मार्ग अथवा रेलमार्ग से तय की जा सकती हो तो केवल शेष दूरी को ही कार द्वारा यात्रा से पूरा किया जाना चाहिये

विनियम 22(3)(11)

यदि कोई अधिकारी, अपने घर में रह रहा हो तो वह उस पर विनियम संख्या (2) में उसी के आधार पर मकान किराया भत्ता पाने का हकदार होगा मानो वह निम्नलिखित "क" अथवा "ख" में से अपनी रकम के 12वें हिस्से के बराबर की रकम मासिक किराये के रूप में दे रहा हो :—

(क) निम्नलिखित को जोड़ें :—

(1) आवास के सम्बन्ध में देय नगर पालिका कर; और

(2) भूमि की कीमत सहित आवास का पूंजीगत लागत का 12% और यदि वह आवास किसी भवन का हिस्सा हो तो उस आवास के लिये दी गई भूमि की पूंजीगत लागत का आनुपातिक हिस्सा परन्तु उसमें विशेष फिक्सचर वैसे ऐयर कंडिशनर आदि शामिल नही होंगे, अथवा

(ख) आवास के सम्बन्ध में नगर पालिका के निर्धारण के लिये माना गया वार्षिक किराया सम्बन्धी मूल्य।

विनियम 41(3)

1–1–87 को तथा इस तारीख से निम्नलिखित सारणी के कालम (1) में उल्लिखित ग्रेड/स्केल वाले अधिकारी अपने ग्रेड/स्केल के सामने कालम न० (2) में उल्लिखित दरों पर विराम भत्ता पाने के हकदार होंगे :—

अधिकारी का ग्रेड/स्कीम	प्रमुख "क" श्रेणी के नगर	दैनिक भत्ता एरिया I	(रुपये) अन्य स्थान
1	2	3	4
स्केल 6 और 7	100.00	80.00	60.00
स्केल 4 और 5	100.00	80.00	60.00
स्केल 2 और 3	70.00	60.00	50.00
स्केल 1	70.00	60.00	50.00

परन्तु यदि—

(क) अनुपस्थिति की कुल अवधि 8 घण्टे से कम परन्तु 4 घण्टे से अधिक हो तो उपर्युक्त दरों पर विराम भत्ता दिया जायेगा।

(ख) विभिन्न ग्रेड/स्केल के अधिकारियों को वास्तविक होटल खर्च की प्रतिपूर्ति की जा सकती है लेकिन वह भारतीय पर्यटक विकास निगम (आई० टी० डी० सी०) के एक बिस्तर वाले कमरे के प्रभार तक सीमित होगी बशर्ते वह नीचे बताई गई सीमा में हो :—

अधिकारी का ग्रेड/स्केल	ठहरने की पात्रता	प्रमुख "क" श्रेणी के नगर	भोजन का प्रभार रुपये)	
			एरिया 1	अन्य स्थान
(1)	(3)	(3)	(4)	(5)
स्केल 6 और 7	4* होटल	100.00	60.00	80.00
स्केल 4 और 5	3* होटल	100.00	80.00	60.00
स्केल 2 और 3	2* होटल (गैर वातानुकूलित)	70.00	60.00	50.00
स्केल 1	1* होटल (गैर वातानुकूलित)	70.00	60.00	50.00

(ग) जहां विराम के स्थान पर निशुल्क आवास की व्यवस्था उपलब्ध करवाई गई हो तो विराम भत्ते का 3/4 दिया जायेगा।

(घ) जहां विराम के स्थान पर निशुल्क भोजन की व्यवस्था उपलब्ध करवाई गई हो तो विराम भत्ते का 1/2 दिया जायेगा।

(ङ) जहां विराम के स्थान पर निशुल्क आवास और निशुल्क भोजन की व्यवस्था करवाई गई हो तो विराम भत्ते का 1/4 दिया जायेगा।

(च) सभी निरीक्षणकर्त्ता अधिकारियों को मुख्यालय से बाहर निरीक्षण ड्यूटी पर रुकने पर 10/- रु० प्रतिदिन की दर से पूरक दैनिक भत्ता दिया जायेगा।

स्पष्टीकरण

दैनिक भत्ते की गणना के उद्देश्य से "प्रतिदिन" का अर्थ है 24 घंटे की प्रत्येक अवधि अथवा उसका कोई हिस्सा और उसे वायु यात्रा के सम्बन्ध में प्रस्थान के समय से और अन्य यात्राओं के सम्बन्ध में प्रस्थान के निर्धारित समय से पहुंचने के वास्तविक समय तक गिना जायेगा। यदि अनुपस्थिति की कुल अवधि 24 घण्टे से कम हो तो "प्रतिदिन" का अर्थ है कम से कम 8 घण्टे की अवधि।

विनियम 23(5)

यदि किसी अधिकारी को बैंक के बाहर सेवा करने के लिए प्रतिनियुक्त किया जाता है तो वह उन परिलब्धियों को प्राप्त करने का विकल्प दे सकेगा जो उस पद से संलग्न हैं जिन पर उसे प्रतिनियुक्ति किया गया है। वैकल्पिक रूप से वह अपने वेतन के अतिरिक्त, वेतन का 15 प्रतिशत प्रतिनियुक्ति भत्ता और ऐसे अन्य भत्ते प्राप्त कर सकेगा जो वह उस दशा में प्राप्त करता जब उसे उस स्थान पर बैंक की सेवा में तैनात किया जाता।

परन्तुक–I

परन्तु यदि उसे ऐसे संगठन में प्रतिनियुक्ति किया जाता है जो उसी स्थान पर अवस्थित है जहां वह अपनी प्रतिनियुक्ति से ठीक पूर्व तैनात था तो वह अपने वेतन के 7½% के बराबर प्रतिनियुक्ति भत्ता प्राप्त करेगा।

परन्तुक–II

परन्तु साथ ही बैंक के प्रशिक्षण संस्थान में सकाय सदस्य के रूप में अथवा बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड में प्रतिनियुक्त पर जाने पर अधिकारी अपने वेतन के 7½% की दर से प्रतिनियुक्ति भत्ते का पात्र होगा।

विनियम 23 (11)

यह भी निर्णय लिया गया है कि पी० एन०बी० अधिकारी सेवा विनियमावली से विनियम 23(11) को काट दिया जाये।

विनियम 5(1)

विनियम 4 में विभिन्न वेतनमानों में बताये अनुसार वेतनवृद्धि सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति मिलने पर वार्षिक आधार पर देय होगी और देय होने के महीने के पहले दिन से दी जायेगी।

"परन्तु 1–1–85 को और उसके बाद से ऐसे अधिकारी जो जूनियर मैनेजमेंट ग्रेड स्केल–I और मिडिल मैनेजमेंट ग्रेड स्केल II और III में अपने वेतनमान के अधिकतम तक पहुंचते हैं, अपने वेतनमान के अधिकतम तक पहुंचने के बाद, प्रत्येक 5 वर्ष की सेवा पूरी करने पर अन्तिम वेतन वृद्धि के बराबर निष्क्रियता (स्टेगनेशन) वेतन वृद्धि दी जायेगी परन्तु जूनियर मैनेजमेंट ग्रेड स्केल–I के अधिकारियों को ऐसी अधिकतम दो वेतन वृद्धियां तथा मिडिल मैनेजमेंट ग्रेड स्केल–II और III के अधिकारियों को ऐसी एक वेतनवृद्धि दी जायेगी।

[illegible] के मामले में जिन्होंने अपने सम्बन्धित वेतनमान में 5 वर्ष से अधिक की सेवा पूरी कर ली है, पहली [illegible] वेतनवृद्धि उस तारीख से जब वह देय हो अथवा 1 जनवरी, 1985 से, इनमें से जो भी बाद में हो, दी जानी है परन्तु इस प्रकार की दूसरी वेतन वृद्धि पात्र अधिकारियों को दी जानी है परन्तु 1-1-1987 से पहले नहीं।"

विनियम 5(2)

सी० ए० आई० आई० बी परीक्षा का प्रत्येक भाग उत्तीर्ण करने के लिये वेतनमान में एक अतिरिक्त वेतनवृद्धि दी जायेगी ।

परन्तु दिनांक 1-2-84 को तथा उसके बाद से ऐसे अधिकारी जो अपने वेतनमान तक पहुंच गये हैं, अपने वेतनमान में अधिकतम पर पहुंचने के एक वर्ष पूरा करने के बाद सी० ए० आई० आई० बी० परीक्षा का भाग-1 उत्तीर्ण करने के लिये उन्हें 100/-- रु० प्रतिमाह का व्यावसायिक योग्यता भत्ता दिया जायेगा और वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के दो वर्ष पूरे करने के बाद सी० ए० आई० आई० बी परीक्षा के दोनों भाग उत्तीर्ण करने के लिये 200/- रु० प्रतिमाह दिये जायेंगे।

विनियम 22(2)

दिनांक 1-2-84 को तथा उसके बाद से, यदि किसी अधिकारी को बैंक की ओर से आवास की सुविधा न दी गई हो तो वह मकान किराया भत्ता पाने का हकदार होगा जो उसके वेतनमान के पहले चरण के वेतन के 10 से अधिक उसके द्वारा आवास के लिये दिये जाने वाले वास्तविक किराये के बराबर होगा परन्तु इसके सम्बन्ध में निम्नलिखित दरें होंगी :--

यदि कार्य स्थल निम्नलिखित स्थानों पर है	निम्नलिखित मकान किराया भत्ता दिया जायेगा
(1) सरकार की हिदायतों के अनुसार बोर्ड द्वारा समय-समय पर निर्दिष्ट बड़े "ए" श्रेणी के नगर तथा ग्रुप "ए" में परियोजना एरिया सेंटर	मूलवेतन का 17 1/2% जिसकी अधिकतम सीमा 500/— रु० प्रतिमाह होगी।
(2) उपर्युक्त मद (1) के अन्तर्गत न शामिल एरिया-1 तथा ग्रुप "बी" में परियोजना एरिया सेंटर	मूल वेतन का 15% जिसकी अधिकतम सीमा 400/- रु० प्रतिममाह होगी।
(3) उपर्युक्त मद (1) तथा (2) के अन्तर्गत न शामिल एरिया-II और राज्य राजधानियां	मूल वेतन का 12/1/2% जिसकी अधिकतम सीमा 300/-- रु० प्रतिमाह होगी
(4) एरिया-III	मूल वेतन का 10% जिसकी अधिकतम सीमा 250/- रु० प्रतिमाह होगी।

टिप्पणी: उपर्युक्त अनुसार किराये की रसीद प्रस्तुत करने पर मकान किराये भत्ते का भुगतान किया जायेगा। नगर उपर्युक्त दरों पर कोई अधिकारी प्रमाण पत्र के आधार पर निम्नलिखित सीमा तक मकान किराये भत्ते का दावा कर सकता है :—

"बड़े "ए" श्रेणी के नगर तथा ग्रुप "ए" में परियोजना एरिया सेंटर	अधिकतम 275/-रु०
एरिया-I में अन्य स्थान तथा ग्रुप "बी" में परियोजना ऐरिया सेंटर	अधिकतम 225/-रु०
एरिया-II तथा राज्य राजधानियां और संघशासित क्षेत्रों की राजधानियां	अधिकतम 165/-रु०
एरिया-III	110 /— रु० (नियत)

विनियम 23(4)

1-1-87 को और इसके बाद से यदि किसी अधिकारी को शैक्षिक वर्ष के बीच में एक स्थान से दूसरे स्थान को अन्तरित किया जाता है और यदि उसकी एक या अधिक सन्तान पूर्ववर्ती स्थान में विद्यालय या महाविद्यालय में अध्ययन कर रही है तो उस तारीख से जिस तारीख को वह पश्चात् कथित स्थान पर रिपोर्ट करता है, शैक्षिक वर्ष के अन्त तक, सभी सन्तानों की बाबत 150 रु० प्रतिमास शैक्षिक वर्ष के मध्य अन्तरण भत्ता परन्तु ऐसा भत्ता उस दशा में बन्द हो जायेगा जब सभी सन्तानें पूर्ववर्ती स्थान पर अध्ययन करना बन्द कर देंगी।

विनियम 23(6)

दिनांक 1-1-1985 तथा उसके बाद से यदि उससे कम से कम 7 दिन की निरन्तर अवधि के लिये या किसी कैलेण्डर मास के दौरान कुल 7 दिन के लिये किसी उच्चतर स्केल में किसी पद पर स्थानापन्न रूप में कार्य करने की अपेक्षा की जाती है तो स्थानापन्न कार्य करने की अवधि के लिये उसके द्वारा प्राप्त किया जाने वाला स्थानापन्न भत्ता उसके वेतन के 10% के बराबर होगा, परन्तु यह अधिकतम 250/— रु० प्रतिमाह होगा । स्थानापन्न भत्ता भविष्य निधि के प्रयोजनों के लिये वेतन होगा और अन्य प्रयोजनों के लिये नहीं।

परन्तु यदि कोई अधिकारी मात्र विनियम 6 के अधीन पदों के प्रवर्गीकरण के पुनर्विलोकन के परिणामस्वरूप उच्चतर वेतनमान में स्थानापन्न के रूप में कार्य करता है तो वह उस तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिये स्थानापन्न भत्ते का पात्र नहीं होगा जिस तारीख को प्रवर्गीकरण का पुनर्विलोकन प्रभावी होता है।

विनियम 23(10)

दिनांक 1-1-1985 तथा उसके बाद से यदि वह नीचे दी गई सारणी के स्तम्भ 1 में उल्लिखित स्थान पर

सेवारत है तो उसके स्तम्भ 2 में उस स्थान के सामने उल्लिखित दर पर पहाड़ और ईंधन भत्ता—

सारणी

स्थान	दर
1	2
माध्य समुद्र तल से 1500 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई पर स्थित कार्यालय	वेतन का 10 प्रतिशत जो अधिक से अधिक 130/— रु० प्रतिमाह होगा।
माध्य समुद्र तल से 1000 मीटर और उससे अधिक किन्तु 1500 मीटर से कम ऊंचाई पर स्थित कार्यालय	वेतन का 8 प्रतिशत, जो अधिक से अधिक 100/— रु० प्रतिमाह होगा।

विनियम 24

दिनांक 1-1-87 तथा उसके बाद से निम्नलिखित बीमारियों के सम्बन्ध में किया जाने वाला चिकित्सा व्यय जिसके लिये आवासीय इलाज की आवश्यकता हो, मान्यता-प्राप्त अस्पताल के प्राधिकारियों तथा बैंक के चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रमाणित होने पर उसे हास्पिटललाइजेशन व्यय के रूप में माना जायगा और अधिकारी के मामले में 75 तथा परिवार के सदस्यों के मामले में 50 प्रतिशत की सीमा तक उसकी प्रतिपूर्ति की जायेगी:—

कैंसर, तपेदिक, लकवा, हृदय से सम्बन्धित बीमारियां, ट्यूमर, चेचक, उरोग्रह (प्लूयूरिस), डिप्थीरिया, कुष्ठ रोग, गुर्दे की बीमारियां।

विनियम 42 (2) (11)

दिनांक 1-1-1987 से तथा उसके बाद से पूरे वैगन के लिए पात्र अधिकारी यदि रेलवे की "कन्टेनर सेवा की सुविधा प्राप्त करता है तो जूनियर अथवा मिडिल मैनेजमेंट ग्रेड में होने पर उसे एक कन्टेनर के तथा वरिष्ठ अथवा "टाप" मैनेजमेंट ग्रेड में होने पर उसे दो कन्टेनरों के वास्तविक प्रभार की प्रतिपूर्ति की जाएगी। यदि रेल से जुड़े हुए स्थानों पर सड़क द्वारा सामान भेजा जाता है तो बिल प्रस्तुत करने पर वास्तविक भाड़ा प्रभार की प्रतिपूर्ति की जाएगी बशर्ते उसकी लागत मालगाड़ी द्वारा अधिकतम सामान भेजे जाने की पात्रता की लागत से अधिक न हो। यदि तैनाती के पुराने अथवा नए स्थान पर कोई रेलवे स्टेशन अथवा रेलवे "आउट एजेंसी" न हो तो अधिकारी को सड़क द्वारा माल भेजने के लिए निकटतम रेलवे स्टेशन अथवा रेलवे "आउट एजेंसी" तक की प्रतिपूर्ति की जाएगी। यदि दोनों स्थानों पर कोई रेलवे स्टेशन/आउट एजेंसी न हो तो अधिकारी को अनुमोदित परिवहन आपरेटर द्वारा निर्दिष्ट वजन तक सड़क द्वारा माल के परिवहन की वास्तविक लागत दी जाएगी।

विनियम 42 (3)

दिनांक 1-1-1987 को तथा उसके बाद से स्थानान्तरण होने पर अधिकारी बैंकिंग, न्यू स्थानीय परिवहन, सामान का बीमा आदि कराने के लिए नीचे बताए अनुसार एक मुश्त राशि पाने का पात्र होगा :—

ग्रेड	एक मुश्त राशि
टाप मैनेजमेंट तथा सीनियर्ड्ड मैनेजमेंट	1500/- रु०
मिडिल मैनेजमेंट तथा जूनियर मैनेजमेंट	1000/- रु०

विनियम 44(2)

दिनांक 1-1-1987 को तथा उसके बाद से जब कोई अधिकारी प्रत्येक चार वर्ष में एक बार छुट्टी यात्रा रियायत लेता है तब उसे एक साथ अधिक से अधिक एक मास की विशेषाधिकार छुट्टी समर्पित करने और उसके लिए नकद राशि प्राप्त करने की अनुज्ञा दी जा सकेगी। ऐसी नकद राशि प्राप्त करने के प्रयोजन के लिए छुट्टी यात्रा रियायत आरम्भ होने के माह में देय वेतन अनुज्ञ होगा।

परन्तु अधिकारी को एक दिन की अतिरिक्त विशेषाधिकार छुट्टी के बदले में नकद राशि प्रधानमंत्री सहायता कोष में दान करने के लिए विकल्प देने की अनुमति होगी बशर्ते वह इस संबंध में बैंक को पत्र दे तथा कोष में राशि भेजने के लिए बैंक को प्राधिकृत करें।

राशिद जिलानी
कार्यकारी निदेशक

इलाहाबाद बैंक

प्रधान कार्यालय

कलकत्ता-700001, दिनांक 20 नवम्बर 1987

सं० विधि/6/87—सा०का०नि० बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण अधिनियम 1970 (1970 का 5) की धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इलाहाबाद बैंक का निदेशक मंडल भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से और केन्द्रीय सरकार के पूर्वानुमोदन से इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 में और आगे संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है :—

2. संक्षिप्त शीर्षक एवं आरंभ : (1) इन विनियमों का नाम इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा (संशोधन) विनियम, 1987 होगा। (2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तिथि से लागू होंगे।

3. इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा नियम, 1979 का विनियम 41 (4) निम्नांकित द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा:—

"41(4) 1-1-1987 से, नीचे दी गई सारणी के स्तम्भ 1 में उप-वर्णित श्रेणी/वेतनमान का अधिकारी उसके स्तम्भ 2 में

उप वर्णित तत्स्थानी दरों पर विराम भत्ते का हकदार होगा:—

अधिकारियों की श्रेणी/वेतनमान	दैनिक भत्ता (रुपए)		
	प्रमुख "क" वर्ग नगर	क्षेत्र—1	अन्य स्थान
1	2	3	4
वेतनमान VI एवं VII	100/—	80/—	60/—
वेतनमान IV एवं V	100/—	80/—	60/—
वेतनमान II एवं III	70/—	60/—	50/—
वेतनमान I	70/—	60/—	50/—

परन्तु—

(क) यदि अनुपस्थिति की कुल अवधि 8 घण्टे से कम, लेकिन 4 घण्टे से अधिक है तो विराम भत्ता उपयुक्त दरों से आधी दरों पर संदेय होगा।

(ख) विभिन्न श्रेणी/वेतनमान के अधिकारियों को, नीचे दी गई सीमाओं के अध्यधीन, आई०टी०डी०सी० होटलों में एकल कमरे के प्रवासी प्रभार तक सीमित वास्तविक होटल व्यय की प्रतिपूर्ति की जा सकेगी :—

अधिकारियों की श्रेणी/वेतनमान	ठहरने की पात्रता	भोजन खर्च (रुपए)		
		प्रमुख "क" वर्ग नगर	क्षेत्र—I	अन्य स्थान
1	2	3	4	5
[illegible]	V 4* होटल	100/—	80/—	60/—
वेतनमान एवं V	3* होटल	100/—	80/—	60/—
वेतनमान II एवं III	2* होटल (गैर-वातानुकूलित)	70/—	60/—	50/—
वेतनमान—I	1* होटल (गैर-वातानुकूलित)	70/—	60/—	50/—

(ग) जहां किसी विराम स्थान पर निःशुल्क आवास की व्यवस्था की जाती है वहां विराम भत्ते 3/4 अनुज्ञेय होगा।

(घ) जहां किसी विराम स्थान पर निःशुल्क भोजन की व्यवस्था की जाती है वहां विराम भत्ते का 1/2 अनुज्ञेय होगा।

(ङ) जहां किसी विराम स्थान पर निःशुल्क आवास और निःशुल्क भोजन की व्यवस्था की जाती है वहां विराम भत्ते का 1/4 अनुज्ञेय होगा।

(च) समस्त निरीक्षण अधिकारियों को निरीक्षण कार्य पर मुख्यालय से बाहर विराम के लिए प्रतिदिन 10 रु० के हिसाब से अनुपूरक दैनिक भत्ते का संदाय किया जा सकेगा।

स्पष्टीकरण :

विराम भत्ते की संगणना के प्रयोजन के लिए "प्रतिदिन" से 24 घण्टे की प्रत्येक अवधि अथवा उसका पश्चातवर्ती भाग अभिप्रेत है जिसकी गणना वायुयान द्वारा यात्रा की दशा में प्रस्थान हेतु रिपोर्ट करने के समय से तथा अन्य दशाओं में प्रस्थान के अनुसूचित समय से, आगमन के वास्तविक समय तक की जाएगी। जहां अनुपस्थिति की कुल अवधि 24 घण्टे से कम है, वहां "प्रतिदिन" से कम से कम 8 घंटे की अवधि अभिप्रेत है।

एम० आर० सर्वाधिकारी
सहायक महाप्रबंधक (विधि)

भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान, मद्रास

मद्रास, दिनांक 18 नवम्बर 1987

(चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस)

सं० 3-एस० सी० ए० (8)/8/87-88—रेगूलेशन 10 (1) की धारा (4) जिसे चार्टर्ड-एकाउन्टैन्ट्स के रेगूलेशन 1964 के अधिनियम 10(2)(बी) के साथ पढ़ा जाए, के अनुसार एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित सदस्यों को कार्य करने का प्रमाण-पत्र उनके आगे दी गई तिथियों से रद्द समझे जाएंगे क्योंकि उन्होंने कार्य प्रमाण पत्र हेतु वार्षिक शुल्क का भुगतान नहीं किया था।

क्र० सं०	सदस्यता सं०	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	6843	श्री ए० जगन्नाथन, एफ० सी०ए०, 8407, पैज ग्लेन-ऐव, स्प्रिंगफील्ड, वी०ए०-22152 यू०एस०ए.	1—8—1986
2.	19209	श्री अब्राहम मोहन जोस, ए०सी०ए०, कोट्टूराथु जोस-विल्ला, टैम्पल रोड, चेंगानूर पोस्ट 689 121	1—8—1986
3.	23156	श्री गुनुपुती सुब्बा राव, ए०सी०ए०, मैनेजर, आन्ध्रा-बैंक, अडोनी, कुरनूल डिस्ट० ए०पी०	1—8—1985

1	2	3	4
4.	23391	श्री वी० चन्द्रासेकरन, ए०सी०ए०, 38, मोतीलाल-स्ट्रीट, टी० नगर, मद्रास 600 017	1-8-1986

सं० 3-एस० सी० ए० (8) /9/87-88—चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 1964 के विनियम 10 (1) खण्ड (तीन) के अनुसरण में एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों को जारी किए प्रैक्टिस प्रमाण-पत्र उनके आगे दी गई तिथियों से रद्द कर दिए गए हैं क्योंकि वे अपने प्रैक्टिस प्रमाण पत्र को रखने के इच्छुक नहीं हैं।

क्र० सं०	सदस्यता सं०	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	2063	श्री टी० दोराइस्वामी, ए० सी०ए०, फ्लैट नं० 18/1, फर्स्ट फ्लोर, फर्स्ट स्ट्रीट, अभिरामापुरम, मद्रास-600 018	1-4-1987
2.	2476	श्री एस०टी० वॉचीनाथन, एफ०सी०ए०, "करपाका", 97, रोयापेट्टाह हाई रोड, माइलापोर, मद्रास-600 004	19-10-1987
3.	11937	श्री जी० बालासुब्रामनियन, ए०सी०ए०, बी०-4, रामलीला, 33, थर्ड स्ट्रीट, अभिरामापुरम, मद्रास-600 018	31-10-1987
4.	18672	श्री आर० भास्कर, ए०सी० ए०, एजे, 63, अन्ना नगर, मद्रास-600 040	31-7-1987
5.	18729	श्री वी० मेकर, ए०सी०ए०, 27, रोजरी चर्च 2 लेन, सन्थोम, मद्रास-600 004	1-4-1987
6.	20027	श्री मनुकोन्डा अंजानेयुलु, ए०सी०ए०, प्लाट नं० 71, मधुसुधना नगर, मलकाजगिरी, हैदराबाद-500 047	31-5-1987
7.	20282	श्री ए० एन० लक्ष्मनन, एफ०सी०ए०, 3/7, वेलकम-कोलीनी, अन्ना नगर वैस्ट, मद्रास-600 101	16-8-1987
8.	22797	श्री एम० अब्दुल कासिम, ए०सी०ए०, मुस्ताज कोटेज, पी०एच० रोड, कोचीन-682 018	24-2-1987
9.	23712	श्री टी० सेणा विक्रमादित्या सर्मा, ए०सी०ए०, एकाउन्ट्स-आफिसर, हिन्दुस्तान जिंक लि०, डब्ल्यू० बी०-62, वेस्टर्न-कालोनी, विशाखापत्तनम-530 015	1-4-1987
10.	24747	श्री एन० सीथा रामन, ए०सी०ए०, 10, स्वामी मुदा-लियर स्ट्रीट, बंगलौर-560 001	21-10-1985
11.	25557	श्री पी० एस० नारायनन, ए०सी०ए०, 49, कार स्ट्रीट, त्रिप्लीकेन, मद्रास-600 005	31-7-1987
12.	26026	श्री० ए० शाह नवाज, ए०सी०ए०, 13, वीरास्वामी-मैन स्ट्रीट, आयनावरम, मद्रास-600 023	1-7-1987
13.	26226	श्री सी०जी० मुरलीधरन, ए०सी०ए०, एक्स-49, कोवाइ-पुदुर, कोयम्बाटोर-641 042	24-9-1987
14.	26741	श्री सी० श्रीनिवास, ए०सी० ए०, 30/3, आर० टी० प्रकाशम नगर, हैदराबाद-500 016।	18-9-1987

दिनांक 19 नवम्बर 1987

3-एस० सी० ए० (5)/9/87-88 :— इस संस्थान की अधिसूचना नं० 3-एस० सी० ए० (4)/7/85-86 दिनांक 30 सितम्बर 1985, के सन्दर्भ में चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 18 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमों के विनियम 17 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद् ने अपने सदस्यता रजिस्टर में श्री एन० वी० एन० राम साई, ए० सी० ए०, 49, डाक्टर्स कालोनी, सीथाम्माधरा, विसाखा-पटनम-530013 का नाम पुनः 15 अक्तूबर 1987 से स्थापित कर दिया है उसकी सदस्यता संख्या 200/22398 है।

3-एस० सी० ए० (5)/10/87-88 :- इस संस्थान की अधिसूचना नं० 4-एस० सी० ए० (1)/9/79-80 दिनांक 15 मार्च 1980, के सन्दर्भ में चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 18 के अनुसरण में एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमों के विनियम 17 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद के अपने सदस्यता रजिस्टर में श्री टी० श्रीनिवासा चारलु, ए० सी० ए०, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट 686, 10 ए० मैन रोड, 4 ब्लोक, जयानगर, बंगलौर 560011 का नाम पुनः 2 नवम्बर, 1987 स्थापित कर दिया है। उसकी सदस्यता संख्या 9502 है।

दिनांक 23 नवम्बर 1987

3-एस० सी० ए० (4)/6/87-88 :- चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 16 के अनुसरण में एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार अधिनियम 1949 की धारा 20 की उपधारा (1) (क) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर में से मृत्यु हो जाने के कारण निम्नलिखित सदस्यों का नाम उनके आगे दी गई तिथि से हटा दिया है।

क्र० सं०	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
1.	1971	श्री एस० श्री निवासाअयर अजन्था, थिरूनावक्करा, कोट्टायाम 686001	14-7-1987
2.	8903	श्री सी० जी० राजगोपालन, चथापुरम, पालघाट-3	16-9-1987
3.	25409	मिसिज श्यामला संकरा नारायनन, फ्लैट नं० 9 "कनारा कोम्पलैक्स", 21, वेंकटानारायना रोड, टी० नगर, मद्रास-600017	12-7-1987

आर० एल० चोपड़ा,
सचिव

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नई दिल्ली, दिनांक 20 नवम्बर 1987

शुद्धिपत्र

सं : आर० 12/19/9/84-बीमा-1-भ्रमणशील चिकित्सा बोर्ड के अध्यक्ष को कोई अन्य विशेषज्ञ सहयोजित करने के लिए प्राधिकृत करने से संबंधित भारत के राजपत्र के भाग-3 अनुभाग-4 दिनांक 7-3-1987 में पृष्ठ 1084 पर प्रकाशित अधिसूचना संख्या : आर० 12/19/9/84-बीमा-1 दिनांक 24 फरवरी 1987, में निम्नलिखित शुद्धि की जाएगी, अर्थात् :-

पृष्ठ 1084 पर तीसरी लाइन में "150" अंक को शुद्ध कर के "1950" कर दिया जाए।

पृष्ठ 1084 पर आठवीं लाइन में अंग्रेजी के "ओथारीटीज" शब्द को शुद्ध करके अंग्रेजी में ही "ओथोराइजिज" कर दिया जाए।

नरोत्तम व्यास
बीमा आयुक्त

गुजरात क्षेत्रीय कार्यालय

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

अहमदाबाद, दिनांक 23 नवम्बर 1987

क्रमांक : 37-बी० 253 (गठन)/87-स्थापना-अधिसूचित किया जाता है कि, क० रा० बी० (सामान्य), विनियम, 1950 के विनियम 10-अ के अन्तर्गत इस कार्यालय की सम-संख्यक अधिसूचना दि० : 21-7-1984 द्वारा नवसारी क्षेत्र के लिए गठित स्थानीय समिति का इस अधिसूचना की तिथि से निम्नलिखित सदस्यों के साथ पुनर्गठन किया गया है :-

1. जिलाधीश, जिलाधीश का कार्यालय, वलसाड़	अध्यक्ष क० रा० बी० (सामान्य) विनियम, 1950 के विनियम 10-अ 1 (अ) के अन्तर्गत।
2. वरिष्ठ फैक्टरी निरीक्षक वलसाड़	गुजरात सरकार द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि (क० रा० बी०) (सामान्य विनियम, 1950 के विनियम, 10-अ 1 (ब) के अन्तर्गत।
3. प्रशासनिक चिकित्सा अधिकारी योजना औषधालय, नवसारी	निदेशक, चिकित्सा सेवाएं डी०-1, कर्मचारी राज्य बीमा क० रा०बी० योजना, अहमदाबाद-14 द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि, (क० रा० बी०) (सामान्य), विनियम, 1950 के विनियम 10-अ 1 (क) के अन्तर्गत)
4. श्री बाबूभाई लाखानी अध्यक्ष, नवसारी चैम्बर्स आफ कोमर्स एंड इंडस्ट्रीज लाखानी स्टोर, सत्तापीर, नवसारी।	नियोजकों के प्रतिनिधि
5. श्री रविन्द्र भाई जमनादास कंसारा उपाध्यक्ष, द्वारा, नवसारी उद्योगनगर सहकारी संघ, उद्योगनगर, नवसारी	नियोजकों के प्रतिनिधि

6. श्री अरविन्द भाई मगनभाई बारोड सचिव, द्वारा, मजूर महाजन मंडल, महारानी, शांतादेवी रोड, नवसारी — नियोजकों के प्रतिनिधि

7. श्री दिनकर भाई देसाई (सामान्य सचिव, रूरल लेबर एसोसिएशन, नवसारी) द्वारा, 3-अ, नवसारी हाईस्कूल, शोपिंग सेंटर नवसारी — श्रमिकों के प्रतिनिधि

प्रबन्धक, स्था० का० नवसारी सदस्य-सचिव
स्था० का० नवसारी,
क० रा० बी० निगम, नवसारी

आदेश से

स्वामीनाथन गोपालन,
कृते क्षेत्रीय निदेशक एवं
सदस्य सचिव, गुजरात रीजनल बोर्ड
क० रा० बी० नि० गुजरात, अहमदाबाद-14

केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त का कार्यालय

नई दिल्ली-110001, दिनांक दिसम्बर 1987

सं०पी०-11/1(10)/84—आबंटन नियम कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 5 की उपधारा (7) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से केन्द्रीय बोर्ड कर्मचारी भविष्य- निधि केन्द्रीय बोर्ड कर्मचारियों (निवास का आबंटन) नियम 1972 में पुनः संशोधन करके निम्नलिखित नियम बनाता है अर्थात् :

(1) ये नियम कर्मचारी भविष्य निधि केन्द्रीय बोर्ड कर्मचारी (निवास आबंटन संशोधन) नियम, 1987 कहलाएंगे।

(2) ये नियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से लागू होंगे।

2. कर्मचारी भविष्य निधि केन्द्रीय बोर्ड कर्मचारी (निवास आबंटन) नियम 1972 में :—

(क) नियम 5 के नीचे तालिका के स्थान पर निम्नलिखित तालिका प्रतिस्थापित की जाएगी अर्थात् :

"तालिका"

निवास की श्रेणी	पात्र अधिकारियों की श्रेणी आबंटन वर्ष के प्रथम दिन को कर्मचारियों की मासिक परिलब्धियां
(i)	रु० 950/- से कम
(ii)	रु० 1500 से कम परन्तु 950/- से कम नहीं
(iii)	रु० 2800/- से कम परन्तु 1500 से कम नहीं
(iv)	रु० 3600/- से कम परन्तु 2800/- से कम नहीं।
(v)	रु० 4500/- से कम परन्तु 3600/- से कम नहीं
(vi)	वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी/ अपर केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त।
(vii)	केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

(ख) अनुसूची "क" के अन्त में वर्तमान तालिका से निम्नलिखित तालिका प्रतिस्थापित की जाएगी। अर्थात्

पात्र अधिकायों की श्रेणी/ वेतनसीमा	निवास की श्रेणी
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त	VII
वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी/ अपर केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त	VI
रु० 4500/- प्रतिमाह से कम परन्तु 3600/- प्रतिमाह से कम नहीं	V
रु० 3600/- प्रति माह से कम परन्तु रु० रु० 2800/- प्रतिमाह से कम नहीं.	IV
रु० 2800/- से कम परन्तु 1500/- प्रतिमाह से कम नहीं	III
रु० 1500/-प्रतिमाह से कम परन्तु 950/-रु० प्रतिमाह से कम नहीं	II
रु० 950/- प्रतिमाह से कम	I

वि० का० भट्टाचार्य,
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त
तथा
सचिव, केन्द्रीय न्यासी बोर्ड,
कर्मचारी भविष्य निधि।

पाद टिप्पणी :

1. अधिसूचना सा० स० नि० दिनांक के द्वारा भारत के राजपत्र के भाग-II, धारा 3(1) में प्रकाशित मूल नियमावली द्वारा संशोधित

2. भारत के राजपत्र के भाग-II, धारा 3(1) में प्रकाशित सा० सं० नि० सं० 1318 दिनांक 1 दिसम्बर, 1973

3. भारत के राजपत्र के भाग-II धारा 3(1) खण्ड-II में प्रकाशित अधिसूचना संख्या जैड-17011/7/74, पी० एफ०-1, दिनांक 24-12-1975

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम

39वीं वार्षिक रिपोर्ट 1986–87

औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 35 के अधीन निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट

अध्याय 1

परिचालन वातावरण और परिप्रेक्ष्य

1.01 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (औविनि) का निदेशक बोर्ड 30 जून, 1987 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लेखा परीक्षित लेखा विवरण सहित भाऔविनि के परिचालनों पर 39वीं वार्षिक रिपोर्ट सहर्ष प्रस्तुत करता है।

1.02 यह प्रासंगिक ही है, कि 1986–87 में भाऔविनि की परिचालन गतिविधियों, कार्य प्रगति और कार्य परिणामों की पृष्ठभूमि के रूप में परिचालनात्मक आर्थिक और औद्योगिक वातावरण, उद्योग की सामान्य प्रगति तथा भविष्य के प्रति दृष्टिकोण की संक्षिप्त चर्चा सामान्यतः की जाये।

(क) आर्थिक परिदृश्य

1.03 कुछ चिन्ताजनक लक्षणों के बावजूद, 1986–87 में भारतीय अर्थव्यवस्था यह प्रदर्शित कर सकी कि वह उच्च विकास-पथ की ओर अग्रसर है। 1986–87 के प्रमुख आर्थिक सूचकों से, पिछले वर्षों में प्राप्त आर्थिक स्तरों की तुलना में उल्लेखनीय प्रगति दिखाई दी, और उनमें से अनेक सूचक, वर्ष के लिये निर्धारित लक्ष्यों के काफी निकट अथवा बराबर रहे।

1.04 तीन लगातार कमजोर मानसूनों के बावजूद खाद्य स्थिति सन्तोषप्रद रही। औद्योगिक उत्पादन पिछले वर्ष से बेहतर रहा, और विकास दर के भी पिछले वर्ष की तुलना में कुछ अधिक ही रहने का अनुमान है। मुद्रा स्फीति नियंत्रण में रही, तथा व्यापार घाटा कम हो गया। पूंजी बाजार में गड़बड़ी के बावजूद पूंजी निर्माण प्रक्रिया प्रभावित नहीं हुई। सकल पूंजी निर्माण दर, प्रचलित बाजार मूल्यों पर सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में, जो 1985–86 में 24.1 % प्राप्त रही थी, उसके 1986–87 में कुछ बेहतर होने की संभावना है।

1.05 सारणी 1 में, 1985–86 और 1986–87 दोनों वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था के कुछ प्रमुख सूचक तथा 1985–86 की तुलना में 1986–87 में प्रतिशत परिवर्तन प्रस्तुत किये गये हैं:

सारणी : 1 भारतीय अर्थव्यवस्था के विशिष्ट सूचक

आधारभूत आर्थिक सूचक	इकाई	1985–86 (अप्रैल–मार्च)	1986–87 (अप्रैल–मार्च)	1985–86 की तुलना में 1986–87 में प्रतिशत अन्तर
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
—जनसंख्या	करोड़	75.4	77.0*	2.1*
—सकल राष्ट्रीय उत्पाद (सराउ) (1970–71 मूल्यों के आधार पर)	रु० करोड़	64,583	67,750*	5.0*
—सराउ प्रति व्यक्ति (1970–71 मूल्यों के आधार पर)	रु.	856	680*	2.8*
—कृषि उत्पादन सूचक	1969–70=100	158.0	159.6	1.0
—खाद्यान्न उत्पादन	मिलि० टन	150.5	151.0	0.7
—उर्वरक उत्पादन (पोषकों के आधार पर नाइट्रोजन पोटाश खाद)	मिलि० टन	5.7	7.1	23.0
—बिजली उत्पादन	बिलियन किलोवाट	170.0	187.6	10.3
—कोयला उत्पादन	मिलि० टन	154.2	165.8	7.5
—तेल उत्पादन	मिलि० टन	30.1	30.4	1.0
—सीमेंट उत्पादन	मिलि० टन	33.1	36.5	10.2
—विक्रययोग्य इस्पात उत्पादन	मिलि० टन	7.7	8.2	5.7
—रेलवे द्वारा राजस्व अर्जक माल यातायात	मिलि० टन	258.5	277.4	7.3
—प्रमुख बन्दरगाहों पर माल का लदान उतार	मिलि० टन	120.0	124.7	3.9
—औद्योगिक उत्पादन (सामान्य सूचकांक)	1980–81=100	142.1	154.7*	8.9*
—निर्यात	रु० करोड़	11,012	12,550	14.0
—आयात	रु० करोड़	19,766	20,063	1.5
—व्यापार सन्तुलन	रु० करोड़	(–) 8,754	(–) 7,513	(–) 14.2
—विदेशी मुद्रा रिजर्व (स्वर्ण एवं विशिष्ट आहरण अधिकारों को छोड़कर)	रु० करोड़	7,384	7,645	3.5

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
—विदेशी सहायता (संवितरण वर्ष की समाप्ति पर)	रु० करोड़	2,938	3,841	30.7
—ऋण शोधन	रु० करोड़	1,367	1,600	17.0
—मुद्रा पूर्ति (मुद्रा)	रु० करोड़	1,18,330	1,39,320	17.7
—बैंक प्रदत्त उधार	रु० करोड़	56,067	62,757	11.9
—वाणिज्यिक बैंकों की कुल जमा	रु० करोड़	85,404	1,02,127	19.6
—थोक मूल्य सूचक (औसत)	1970–71=100	357.8	377.4	5.4
—औद्योगिक कामगारों के लिये उपभोक्ता मूल्य सूचक (औसत)	1960=100	620	674	8.7
—मुद्रा स्फीति दर (सी० पी० आई डब्ल्यू० पर आधारित (बिन्दु से बिन्दु आधार पर)	(प्रतिशत)	8.9	7.5	—

*केवल अनुमानित

1.06 1986–87 की एक उल्लेखनीय उपलब्धि थी, वर्ष के लिये निर्धारित लक्ष्य से आगे बढ़कर निर्यात में 14.0 की वृद्धि। इसी प्रकार, 1.5 की आयात विकास दर पिछले 10 वर्ष के रिकार्ड से भी न्यूनतम रही। इन दोनों स्थितियों के परिणामस्वरूप व्यापार घाटा 14.2 % कम हो गया जबकि 1985–86 में इसमें 62.4 % की वृद्धि परिलक्षित हुई थी।

(ख) निवेश वातावरण

1.07 निम्नलिखित सारणी 2 में 1985 और 1986 में औद्योगिक निवेश वातावरण के चुनिन्दा सूचकों के सम्बन्ध में आंकड़े दिये गये हैं।

सारणी 2 : औद्योगिक निवेश वातावरण के चुनिंदा सूचक

सूचक	इकाई	1985 (जनवरी-दिसम्बर)	1986 जनवरी-दिसम्बर	1985 की तुलना में 1986 में प्रतिशत अन्तर
(1)	(2)	(4)	(4)	(5)
—विदेशी सहयोग	संख्या	1,024	957	(–) 6.5
—अनुमोदित विदेशी निवेश	रु० करोड़	126.86	106.90	(–) 15.7
—जारी किये गये आशय पत्र	संख्या	1,457	1,130	(–) 22.4
—प्रदान किये गये औद्योगिक लाइसेंस	संख्या	985	718	(–) 37.3
—औद्योगिक पंजीकरण	संख्या	1,961	1,162	(–) 40.7
—पूंजी माल निर्बाधता	रु० करोड़	747	1,211	48.7
—पूंजी निर्गमों के लिये अनुमति (बोनस निर्गम सहित)	रु० करोड़	2,579	6,168	139.2
शेयरों और डिबेंचरों के पूंजी निर्गम	रु० करोड़	2,111	4,576	116.8

1.08 हालांकि, भारतीय उद्योग के प्रौद्योगिकीय आधार की निरन्तर मजबूती और उदार लाइसेंसिंग की सरकारी नीतियों के कारण, जिनका उद्देश्य अनेक उद्योगों को लाइसेंस मुक्त करना और औद्योगिक उत्पादों का विस्तृत वर्गीकरण करना था, विदेशी सहयोगियों की संख्या अथवा जारी किये गये आशय पत्रों, औद्योगिक लाइसेंसों की संख्या में गिरावट आई, किन्तु जहां तक नये निर्गम बाजार का सम्बन्ध है, शेयरों और डिबेंचरों के माध्यम से निगमित कुल पूंजी में 116.8 की महत्वपूर्ण वृद्धि हुई। ये निवेश निवल घरेलू बचतों का लगभग 11 % भाग रहे, जबकि पांच वर्ष पहले ये निवेश निवल घरेलू बचतों के केवल 2 से 3% तक हुआ करते थे।

1.09 एक अन्य महत्वपूर्ण विशेषता 1986 में शेयरों और डिबेंचरों के पूंजी निर्गमों की थी, संपरिवर्तनीय डिबेंचरों और साधारण शेयर निर्गमों की तुलना में गैर संपरिवर्तनीय डिबेंचर निर्गमों (2,556 करोड़ रुपये) की प्रमुखता। पूंजी बाजार के इतिहास में इससे पूर्व कभी भी गैर-संपरिवर्तनीय डिबेंचरों के माध्यम से इतनी अधिक राशि नहीं जुटाई गई।

1.10 स्टाक बाजार स्थिति भी कुल मिलाकर फरवरी, 1987 तक उत्साहजनक बनी रही। फरवरी, 1987 के बाद से स्टाक बाजार में परिलक्षित मन्दी की स्थिति को सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक स्टाक एक्सचेंजों और सरकारी वित्तीय संस्थानों द्वारा किये गये समयोचित उपायों से नियंत्रित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप बाजार निदेशकों का विश्वास दुबारा प्राप्त कर सके। पूंजी बाजार का गहन अध्ययन करने के लिये, अस्थिरता के कारणों की जांच करने तथा यह देखने के लिये कि संतत प्रगति दर किस प्रकार और किस सर्वोत्तम विधि से प्राप्त की जा सकती है तथा पूंजी बाजार में अस्थिरता की पुनरावृत्ति को कैसे रोका जा सकता है, सरकार तथा भारतीय रिजर्व बैंक दोनों ने "उच्च अधिकार प्राप्त कार्यकारी दलों" का अलग अलग गठन भी किया है।

(ग) औद्योगिक प्रगति

औद्योगिक उत्पादन की प्रवृत्ति

1.11 1986–87 में उद्योग की प्रगति मे निम्नलिखित पहलुओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा :

—सरकारी नीतियों में, बेहतर क्षमता उपयोग, टक्नोलाजी उन्नयन, उत्पादन का बेहतर आर्थिक पैमाना और स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा एवं विद्यमान नीतियों के उदारीकरण तथा कार्यविधियों के सतत सरल और कारगर बनाने पर अधिक महत्व दिया जाना,

—प्रगति-उन्मुख राजकोषीय, मुद्रा एवं साख नीतियां;

—पहली अप्रैल, 1987 से 15 % की दर से अधिक सभी बैंक उधार ब्याज दरों में 1 % की कमी के साथ-साथ ऋण का सरल प्रवाह और संवितरण;

—प्रमुख मूलभूत अवस्थापना क्षेत्र जिसमें पिछले तीन वर्षों के दौरान लगभग 10 % की लगातार औसत विकास दर से निरन्तर प्रगति;

—बेहतर और सुधरे हुए औद्योगिक सम्बन्ध, पिछले वर्ष की तुलना में हड़तालों और तालाबन्दी से नष्ट होने वाले श्रम दिवसों की संख्या में 24.7 की कमी।

1.12 औद्योगिक उत्पादन का औसत सामान्य सूचक (आधार 1980-81=100) जो 1983–84 में 120.4, 1984–85 में 130.7, 1985–86 में 142.1 था, 1986–87 में बढ़कर अनुमानतः 154.7 हो गया। अनुमानित औद्योगिक विकास की विकास दर 1986–87 में 8.9 % रही, जबकि 1984–85 और 1985–86 में यह क्रमशः 8.5 % और 8.7 % हासिल रही थी।

1.13 प्रवृत्ति अनुसार, औद्योगिक उत्पादन का मासिक सरकारी सूचक, पिछले महीने की तदनुरूप अवधि की तुलना में लगातार वृद्धि एवं अपेक्षाकृत बेहतर प्रगति का द्योतक रहा, जैसा निम्नलिखित सारणी 3 से स्पष्ट है।

सारणी 3: औद्योगिक उत्पादन का सूचकांक

1980–81=100

मास	1985–86	1986–87	प्रतिशत अन्तर
(1)	(2)	(3)	(4)
अप्रैल	128.9	137.4	6.7
मई	131.5	139.9	6.4
जून	134.8	141.8	5.2
जुलाई	133.1	144.0	8.2
अगस्त	135.5	144.7	6.8
सितम्बर	135.5	149.7	10.5
अक्तूबर	141.1	152.8	8.3
नवम्बर	141.5	150.8	6.6
दिसम्बर	159.4	164.5	3.1
जनवरी	152.5	174.1	14.1
फरवरी	146.1	169.2	15.8
मार्च	165.1	186.9	13.2
अप्रैल से मार्च के दौरान औसत	142.1	154.7	8.9

1.14 1985–86 और 1986–87 के दौरान औद्योगिक उत्पादन में क्षेत्रवार प्रवृत्तियां (क्रमशः वास्तविक और अनुमानित) आगामी पृष्ठ पर सारणी 4 में दी गई है :

सारणी 4: औद्योगिक उत्पादन में क्षेत्रवार प्रवृत्ति

1980–81=100

भार	क्षेत्र	पिछले वर्ष से प्रतिशत वृद्धि 1985–86 (अप्रैल–मार्च)	1986–87 (अप्रैल–मार्च)
(1)	(2)	(3)	(4)
11.5	खान एवं खदान	4.2	6.2
77.1	विनिर्माण	9.7	9.0
11.4	बिजली	8.5	10.3
100	समस्त उद्योग	8.7	8.9

1.15 औद्योगिक उत्पादन की प्रगति की प्रमुख उल्लेखनीय विशेषता है, खानन और खदान क्षेत्र तथा बिजली जनन के सूचक में वृद्धि। 1986–87 में विकास दर में कमी प्रमुखतः विनिर्माण क्षेत्र मे हुई, जिसका सूचकांक में औसत भार तीन चौथाई से भी अधिक है।

1.16 विनिर्माण क्षेत्र में, बिजली मशीनरी, उपकरणों और साधनों (जिनमें इलैक्ट्रानिक्स शामिल है) की प्रगति 17.8% की विकास दर से सर्वाधिक प्रभावशाली रही। इसमें से कम्प्यूटरों और उनके उपंगों में 35.5% की वृद्धि हुई। लेकिन, इंजीनियरिंग समूह के आटोमोबाइल उद्योग की प्रवृत्ति मिश्रित रही। हालांकि वाणिज्यिक वाहनों का उत्पादन सामान्यतः और विशेष रूप से, मध्यम तथा भारी वाणिज्यिक वाहनों के उत्पादन में 1986–87 में गिरावट आई, हल्के वाणिज्यिक वाहनों का उत्पादन 7% बढ़ गया। यात्री कारों का उत्पादन 21.3% अधिक रहा और जीपों का 2.9%। दुपहिये और तिपहिये में हालांकि मोटर साइकिलों तथा स्कूटरों का उत्पादन क्रमशः 13.5% और 37.4% बढ़ गया, किन्तु मोपेड का उत्पादन 2.6% कम हो गया। यद्यपि, तिपहियों के उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में 12% की वृद्धि परिलक्षित हुई।

1.17 रसायन तथा रसायन उत्पाद उद्योग समूह में यद्यपि उर्वरक स्टाक का अधिक्य होते हुए भी, उर्वरकों के

टिप्पणी: पैरा 1.16, 1.17 और 1.18 में दिये गये आंकड़े अप्रैल, दिसम्बर 1986 की अवधि के लिये उत्पादन आंकड़ों पर आधारित है।

उत्पादन में 23% वृद्धि हुई। डी० एम० टी० उत्पादन में 163.3% की सर्वाधिक प्रगति परिलक्षित हुई। कैल्शियम कार्बाइड के उत्पादन में 25.1% की वृद्धि हुई, और उच्च घनत्व पोलिथिलीन में 14.09% मानव निर्मित रेशों में से पोलिएस्टर रेशे और पोलिएस्टर फिलामेंट धागे के उत्पादन में क्रमश 49.7% तथा 22.8% की वृद्धि हुई।

1.18 सूती वस्त्र उद्योग, 3 से कम गांठ की मन्द प्रगति पर रुद्ध बना रहा। 1986-87 में पटसन के उत्पादन और प्रेषण में 4% से अधिक गिरावट आई, पश्चिम बंगाल में वर्ष 1986-87 के दौरान बन्द होने वाली पटसन मिलों की संख्या बढ़कर 14 हो गई।

1.19 1986-87 में चीनी उद्योग की प्रगति अहैछी रही। संभावना यह है कि चीनी का अनुमानित उत्पादन, 1981-82 में प्राप्त 8.4 मिलियन टन के अधिकतम उत्पादन तक पहुंच जायेगा।

क्षमता उपयोग की प्रवृत्तियां

1.20 संस्थापित क्षमता के इष्टतम उपयोग द्वारा उत्पादन अधिकतम करने के लिये सरकार द्वारा अपनाये गये नीति उपायों, अर्थात् क्षमता का पुनः पृष्ठांकन, उद्योगों का विस्तृत वर्गीकरण, परिचालन के न्यूनतम आर्थिक पैमाने, निर्यात संवर्द्धन को प्रोत्साहन आदि के परिणामस्वरूप पिछले वर्ष की तुलना में कुछ बेहतर औद्योगिक क्षमता का उपयोग हुआ। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि अप्रैल-दिसम्बर 1986 के दौरान 131 औद्योगिक उपक्रमों द्वारा लाइसेंस शुदा क्षमता के पुनः पृष्ठांकन के अन्तर्गत लाभ उठाया गया, जबकि अप्रैल-दिसम्बर, 1985 की अवधि के दौरान यह संख्या 52 थी। फिर भी, क्षमता उपयोग में सुधार, विस्तृत पैमाने पर कार्य करने वाली सम्पन्न बड़ी औद्योगिक संस्थाओं तक सीमित रहा। औद्योगिक संस्थायें जो या तो न्यूनतम पैमाने पर परिचालन कर रही थीं, जैसे लघु इस्पात, लघु सीमेंट, लघु कागज, आदि अथवा जो सीमांत थीं, अपने क्षमता उपयोग में पर्याप्त मात्रा में सुधार नहीं ला सकीं। एक मूल्यांकन के अनुसार सीमांत औद्योगिक इकाइयों में असुरक्षा की भावना उनके बढ़ते हुए प्रतियोगी बाजार में प्रवेश करने और अपने उत्पाद बेचने में सफल हो पाने में उनकी अपनी असमर्थता के कारण बनी रही, विशेषतया, जबकि अन्तिम रूप से उपयोग करने वाले उत्पादकों को यह विकल्प प्राप्त था कि वे उन्हें अधिक प्रतियोगी मूल्यों पर विदेश से आयात कर सकें। वास्तव में, मध्यम और मध्यम बड़े आकार की अधिकांश औद्योगिक इकाइयों के सामने मुख्य समस्या बाजार द्वारा अदा किये जाने वाले मूल्य पर अपेक्षित किस्म के माल का उत्पादन करने में असमर्थता और बाजार में उच्च गुणवत्ता—उन्मुख उत्पादों के लिये उपभोक्ताओं की वरीयता से सम्बन्धित थी।

1.21 बिजली की कमी वाले राज्यों, जैसे बिहार, कर्नाटक, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु में और यहां तक केरल में भी औद्योगिक इकाइयां अपने उत्पादन स्तर नहीं बढ़ा सकीं, जिसका कारण अंशतः बिजली की अत्यधिक कटौती और अनियमित पावर सप्लाई थी। आन्तरिक उपयोग के लिये डीजल के माध्यम से पावर जनन की अनुमति और इसे अनेक औद्योगिक इकाइयों द्वारा अपनाये जाने से निश्चन्देह उत्पादन स्तर बना रहा, लेकिन इसके साथ ही यह उत्पादन लागत में वृद्धि का कारण भी बन गया।

1.22 इस रिपोर्ट के परिशिष्ट I में वर्ष 1986-87 के लिये 55 चुनिंदा उद्योगों की संस्थापित क्षमता, उत्पादन और क्षमता उपयोग प्रतिशत तथा उनके सन्दर्भ में, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की 645 वित्तपोषित संस्थाओं से प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर समकक्षी आंकड़े दिये गये हैं।

उद्योगों की वित्तीय प्रगति

1.23 उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 1986-87 में अधिकांश औद्योगिक इकाइयों (सर्वोच्च बड़ी कम्पनियों के सिवाय) की वित्तीय प्रगति, 1985-86 में उपलब्ध विकास दरों की तुलना में दबी रही। संरक्षित और नियंत्रित वातावरण से अधिक प्रतिस्पर्द्धात्मक वातावरण में पदार्पण के फलस्वरूप अल्प काल में अन्तरण से समायोजन की कई समस्यायें सामने आई, जिनके परिणामस्वरूप अधिकांश वित्त पोषित इकाइयां 1986-87 में अपनी वित्तीय प्रगति में सुधार प्रदर्शित नहीं कर सकीं। विशेषतः उन उद्योगों में, जिनमें उत्पादन लागत में वृद्धि होने से अथवा बेहतर टेक्नोलॉजी या प्रक्रिया अपनाकर इसकी लागतों को कम करने के लिये उद्योग तत्काल सक्षम नहीं था, और जिनका मूल्य ढांचा व्यवस्थित और/या नियंत्रित है, लाभप्रदता में सुधार नहीं हो सका।

(ब) नीति, गतिविधियां और परिप्रेक्ष्य

1.24 औद्योगिक क्षेत्र को नियंत्रण और अनुशासन से मुक्त करने के लिये सातवीं पंचवर्षीय योजना से आरम्भ की गई प्रक्रिया को लागू रखे जाने की संभावना है और इसमें नीति ढांचे को तर्कसंगत बनाने एवं पुनः संरचना करने पर विशेष बल दिया जाना अपेक्षित है। न्यूनतम आर्थिक क्षमतायें 73 उद्योगों के लिये विनिर्दिष्ट कर दी गई है। लाइसेंस मुक्त करने की योजना, जो 17 रसायन उद्योगों पर लागू की गई थी, ताकि उन्हें अपनी टेक्नोलोजी अद्यतन करने और संयंत्रों के आधुनिकीकरण में सहायता मिल सके, अब 44 विस्तृत उद्योग समूहों पर और 82 मूलाधार औषधियों के सम्बन्ध में भी लागू कर दी गई है। एम० आर० टी० पी० कम्पनियों को एकाधिकार तथा निर्बन्धनकारी व्यापार प्रथा अधिनियम, 1969 की धारा 21 और 22 से छूट 52 और उद्योगों को भी प्रदान कर दी गई तथा अब यह 79 उद्योगों पर लागू है जिनमें नौपरिवहन और होटल उद्योग शामिल हैं। एम० आर० टी० पी० और फेरा कम्पनियों को क्षेत्र "क" (उद्योग रहित/विशेष खण्ड) अधिसूचित पिछड़े जिलों में बिना किसी निर्यात दायित्व के और लघु पैमाने के क्षेत्र के लिये आरक्षित मदों के सम्बन्ध में भी श्रेणी "ख" और "ग" जिलों में 25% के घटे हुए

निर्यात दायित्व पर परिशिष्ट I उद्योगों से भिन्न उद्योग लगाने की अनुमति प्रदान की गई है। लाइसेंस क्षमता की पुनः पुष्ठांकन योजनाओं को 94% की पूर्ववर्ती सीमा की बजाय 80% क्षमता उपयोग प्राप्त करने वाली इकाइयों को भी इसकी सुविधा उपलब्ध करवाने के लिये उदार बनाये रखा गया है। यह योजना, सातवीं पंचवर्षीय योजना की सम्पूर्ण अवधि के दौरान लागू रहेगी। उद्योगों के विस्तृत वर्गीकरण की योजना, उद्योगों के 32 से अधिक विस्तृत समूहों पर लागू कर दी गई है, जिनमें कांच, इस्पात की पाइपें और ट्यूबें, सिन्थोटिक रेशा और फिलामेंट धागा, बिजली की केबलें और तारें, बाल और रोलर बेयरिंग्स, विनिर्दिष्ट कृषि मशीनरी, सोया उत्पाद, रसायन उत्पाद तथा वस्त्र मशीनरी शामिल है।

1.25 18 दिसम्बर, 1986 को नई औषधि नीति की घोषणा की गई। इस नीति के अन्तर्गत, औषधि और फार्मास्युटिकल उद्योगों के विकास सम्बन्धी मामलों पर सलाह देने के लिये राष्ट्रीय औषधि एवं फार्मास्यूटिकल प्राधिकरण नामक शिखर संस्था की स्थापना का विचार है। नियंत्रित मूल्य व्यवस्था के अन्तर्गत औषधियों के मूल्य निर्धारण और उनमें संशोधन की समग्र प्रक्रिया को शीघ्र ही सुव्यवस्थित बना दिये जाने की संभावना है। औद्योगिक लागत एवं कीमत ब्यूरो, रसायन और पैट्रो रसायन विभाग के साथ, औषधि निर्माताओं से मूल्य निर्धारण और इसके संशोधन के लिये प्राप्त आवेदनों के शीघ्र निपटान की व्यवस्था बनाने हेतु विचार कर रहा है। पेट्रो-रसायन उद्योग के विकास और प्रगति के लिये राष्ट्रीय पेट्रो-रसायन विकास परिषद की स्थापना की गई है जिसमें अद्यतन टेक्नोलाजी बड़े पैमाने की किफायतों, ऊर्जा संरक्षण, आदि के उपयोग पर विशेष बल दिया जाना अपेक्षित है।

1.26 सीमेंट उद्योग की लाभप्रदता में सुधार लाने की दृष्टि से सरकार ने 15 दिसम्बर, 1986 से सभी सीमेंट इकाइयों के लेवी दायित्व को 10% कम कर दिया है। पहली अप्रैल, 1986 को या उसके बाद उत्पादन आरम्भ करने वाली नई इकाइयों के लेवी दायित्व को 15% और भी कम कर दिया गया है।

1.27 1986–90 की अवधि के लिये 12 दिसम्बर, 1986 को नई चीनी नीति की घोषणा की गई। दोहरे मूल्य सहित चीनी पर आंशिक नियंत्रण की नीति लागू रहनी है, और मुक्त बिक्री चीनी नियतांश के अनुपात को 45% से बढ़ाकर 50% कर दिया गया है। चीनी विकास निधि अधिनियम, 1982 के अधीन चीनी मिलों के पुनःस्थापन और आधुनिकीकरण को सुविधाजनक बनाने, चीनी उद्योग के विकास के उद्देश्य से अनुसन्धान और विकास कार्यक्रमों को अनुदान प्रदान करने, गन्ना विकास की योजनाओं को लागू करने, चीनी के मूल्यों को स्थिर रखने के उद्देश्य से चीनी के भारी भण्डार जमा करने और इनका रख रखाव करने पर व्यय करने, आदि के प्रयोजन हेतु "चीनी विकास निधि" की स्थापना की गई है।

1.28 वस्त्र इकाइयों के आधुनिकीकरण हेतु भाऔवि बैंक के केन्द्र एजेन्सी के रूप में "वस्त्र आधुनिकीकरण निधि योजना" पहली अगस्त 1986 से लागू हो गई है। केन्द्रीय सरकार द्वारा 18 सितम्बर, 1986 को पटसन उद्योग के लिये घोषित "पैकेज सहायता" की शर्तों के अधीन भाऔविनि के केन्द्र एजेन्सी के रूप में "जूट आधुनिकीकरण निधि" योजना 1 नवम्बर, 1986 से लागू हो गई है। इसके अतिरिक्त, पटसन उद्योग की अर्थव्यवस्था में पुनरुद्धार लाने की दृष्टि से कृषि क्षेत्र, अनुसन्धान और विकास, श्रम के औचित्यकरण, आदि के सम्बन्ध में सहायता प्रदान करने के लिये सरकार ने 100 करोड़ रुपये की राशि से एक विशेष "जूट विकास निधि" की स्थापना की है।

1.29 निर्यात को बढ़ावा देने के लिये दिसम्बर, 1986 में कम्प्यूटर साफ्टवेयर नीति की घोषणा की गई। सरकार ने पिछले तीन वर्षों के दौरान 434 करोड़ रुपये मूल्य के कम्प्यूटर आयात करने के लिये विभिन्न सरकारी, अर्ध सरकारी तथा अन्य संगठनों को पहले ही अनुमति दे दी है।

1.30 लाइसेंसिंग प्रक्रिया को भी काफी सरल बना दिया गया है। मई, 1987 में सरकार ने प्रक्रियाओं को सरल बनाने तथा परियोजनाओं के शीघ्र कार्यान्वयन के लिये बनाये गये उपायों की एक शृंखला घोषित की। कार्यान्वित न किये गये आशय पत्र पांच वर्ष की अवधि के बाद स्वतः ही व्ययगत हो जायेंगे, यदि उन्हें इसी अवधि में पुनः विधिमान्यकृत न किया गया। अब सहायकीकरण पर विशेष बल दिया जा रहा है, और औद्योगिक लाइसेंसों के लिये आवेदनों पर उनके द्वारा किये जाने वाले सहायकीकरण के स्वरूप और मात्रा की विशेष शर्त लगाई जाती है। 1986–87 में पारित किये गये उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 को आगामी वर्षों में सक्रिय रूप से क्रियान्वित किये जाने की संभावना है। विदेशी मुद्रा विनियम अधिनियम, 1973 के उपबन्धों का भी कड़ाई के साथ अनुपालन अपेक्षित है।

1.31 उद्योग, कृषि और व्यापार के लिये अल्पावधि तथा दीर्घावधि दोनों प्रकार के वित्त और साख के प्रवाह का समग्र जायजा लेने की दृष्टि से भारतीय रिजर्व बैंक से सरकार के साथ परामर्श करके राष्ट्रीय वित्त एवं साख परिषद की स्थापना की है। राष्ट्रीय वित्त एवं साख परिषद पूंजी और मुद्रा बाजार की गतिविधियों पर उनके कार्य और दक्षता बढ़ाने की दृष्टि से विचार करेगी। इसकी प्रथम बैठक 24 दिसम्बर, 1986 को आयोजित की गई। राष्ट्रीय वित्त एवं साख परिषद की, मुद्रा प्रणाली के कार्यपालन की समीक्षा के लिये गठित समिति की, और राष्ट्रीय वित्त एवं साख परिषद द्वारा गठित मुद्रा बाजार कार्यकारी समूह की सिफारिश को ध्यान में रखते हुए राजकोषीय, मुद्रा और साख नीतियों द्वारा व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाये जाने की पूरी संभावना है।

1.32 निर्यात संवर्द्धन के लिये पहली जुलाई, 1986 से एक नई योजना, "नकद क्षतिपूर्ति सहायता योजना' आरम्भ की गई है। मार्च, 1990 तक की अवधि के लिये 220 मदों को नकद क्षतिपूर्ति सहायता पहले ही घोषित कर दी गई है। शुल्क वापसी दरों की समीक्षा, कम की गई लागत, टेक्नोलाजी उन्नयन और विदेशी बाजारों में भारतीय वस्तुओं के अधिक प्रभावशाली संवर्द्धन द्वारा निर्यात को प्रतिस्पर्द्धात्मक बनाने के लिये अनेक उपाय किये गये हैं।

1.33 निदेशकों को अधिक लोच प्रदान करने के लिये और शेयरों में निवेश की गई पूंजी की तरलता बढ़ाने के लिये भी पूंजीगत अभिलाभ कर के गणन के प्रयोजन के लिये न्यूनतम धरण अवधि को तीन वर्ष से कम करके एक वर्ष कर दिया गया है। निवेशों के अधिकारों के संरक्षण के लिये तथा व्यापार अनाचार को रोकने के लिये सरकार ने स्टाक एक्सचेंजों और प्रतिभूतियों के विनियमन एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिये एक अलग बोर्ड स्थापित करने का निर्णय लिया है। बैंकिंग विनियमन अधिनियम में संशोधन किया गया है, ताकि बैंक पारस्परिक निधियां स्थापित कर सके। पिछले वर्ष भारतीय यूनिट ट्रस्ट द्वारा स्थापित पारस्परिक निधि के अनुरूप भारतीय स्टेट बैंक ने भी एक पारस्परिक निधि स्थापित करने का निर्णय लिया है। सरकारी क्षेत्र की इकाइयों द्वारा निर्गमित बांडों के लिये माध्यमिक बाजार के विकास की दृष्टि से भारतीय स्टेट बैंक ने सरकारी क्षेत्र के इन बांडों की बिक्री तथा खरीद के लिये संस्थानात्मक सुविधा देने का भी निर्णय किया है। नये बचत पत्र जैसे, इन्दिरा विकास पत्र, 10% कर मुक्त बांड और सरकारी क्षेत्र की इकाइयों द्वारा 80ठ के अन्तर्गत कर-लाभ प्राप्त 14% बांड प्रारम्भ किये गये हैं।

1.34 पहली अप्रैल, 1987 से उदार मूल्य ह्रास दरें लागू की गई हैं, ताकि उद्योग द्वारा पूंजीगत उपकरणों को शीघ्र बदला जा सके और उनका आधुनिकीकरण किया जा सके। पूंजीगत माल के लिये आयात शुल्क ढांचे की पुनः संरचना की गई है, और उसे तर्कसंगत बनाया गया है। पूंजीगत माल उत्पादन करने वाले उद्योगों द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाले कुछ आयातित उत्पादेयों, जैसे, वस्त्र मशीनरी, बायलर, और टरबाइन पर आयात शुल्क कम कर दिया गया है।

1.35 ग्रामीण एवं लघु उद्योग क्षेत्र की प्रगति और विकास के लिये सरकार ने कई सहायक नीतियां अपनाई हैं और कार्यक्रम प्रारम्भ किये हैं। मई, 1986 में "लघु उद्योग निधि" की स्थापना और अगस्त, 1987 में भाऔवि बैंक द्वारा "राष्ट्रीय इक्विटी निधि योजना" का लागू किया जाना ऐसे उल्लेखनीय उपाय हैं जो कुटीर, अति लघु और लघु पैमाने के क्षेत्र की नई इकाइयों की प्रगति में न केवल उत्प्रेरक का कार्य करेंगे अपितु इनसे विद्यमान इकाइयों के विस्तार, विशाखन, आधुनिकीकरण और पुनर्स्थापन में भी सहायता मिलेगी।

(ङ) संभावनायें

1.36 उपर्युक्त गतिविधियों के परिप्रेक्ष्य में समुचित उच्च औद्योगिक प्रगति दर प्राप्त करने के लिए सामान्य आर्थिक वातावरण काफी प्रेरक हो गया है। यद्यपि 1987–88 में मानसून के भ्रामक रहने के कारण देश के बड़े भाग में अभूतपूर्व सूखा पड़ा है, और इसके साथ ही उत्तर-पूर्वी भाग और पूर्वी भाग के कुछ भागों में अभूतपूर्व बाढ़ आई है, और इनसे कुछ सीमा तक कृषि उत्पादन और कृषि आधारित उद्योगों पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है लेकिन, अनाज के समुचित भण्डार तथा चीनी के बफर स्टाक को देखते हुए स्थिति के समग्र नियंत्रण में रहने की संभावना है। पिछले तीन वर्षों के दौरान मानसून के लगातार भ्रामक रहने के बावजूद भी उक्त वर्षों में कृषि उत्पादन काफी सन्तोषजनक रहा है और इसने "हरित क्रान्ति" की सफलता को ठोस आधार पर सिद्ध किया है। फिर भी, स्थिति से सावधानी-पूर्वक निपटने की आवश्यकता अवश्यंभावी है।

1.37 यद्यपि औद्योगिक क्षेत्र पर कृषि का प्रभाव नकारा नहीं जा सकता तो भी समुचित मार्किटिंग कौशलताओं के साथ निर्यातों में वृद्धि करने से और औद्योगिक क्षेत्र के उत्पादन तथा गुणवत्ता में ठोस प्रयासों द्वारा इसकी प्रगति को बनाये रखा जा सकता है।

1.38 1986–87 में अवस्थापना क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, और 1987–88 के दौरान भी इसके इसी प्रकार बने रहने की संभावना है। आने वाले वर्षों में पावर आपूर्ति में भी उल्लेखनीय सुधार परिलक्षित होने की आशा है, यद्यपि अभी कुछ वर्षों तक मांग और आपूर्ति में अन्तर बना रह सकता है। उत्साहवर्धक बात यह है कि देश में 1986–87 के दौरान थर्मल पावर स्टेशनों का औसत संयंत्र भार गुणक 53.2% तक पहुंच गया जो पिछले 10 वर्षों में प्राप्त से सर्वधिक है। आने वाले वर्षों में इसमें और सुधार हो सकता है। अपर्याप्त वर्षा से संभवतः हाइडल पावर जेनरेशन के लक्ष्य से कम रहने की संभावना है, परन्तु परमाणु पावर व्यवस्था के द्वारा बेहतर परिणाम दिखाने की अपेक्षा है। आवश्यकता लेकिन इस बात की है कि ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा के वैकल्पिक तथा नवीकरणीय साधनों का बेहतर उपयोग किया जाये।

1.39 परिरक्षित एवं संरक्षित बाजार से खुले प्रति-स्पर्द्धात्मक वातावरण में आने पर प्रगति और विकास की प्रक्रिया में और अधिक गुणवत्ता, सचेत औद्योगिक आधार बनाने में प्रारम्भिक वर्षों में उद्योग को कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन जितनी जल्दी उद्योग नवीन पद्धतियां अपनाकर ज्ञात चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने का प्रण लेता है उतनी ही जल्दी यह असुरक्षा एवं अनिश्चितता की वर्तमान स्थिति से बाहर निकलकर आशापूर्ण भविष्य की ओर अग्रसर हो सकता है।

1.40 आर्थिक लक्षणों के सम्बन्ध में कहा जा सकता है; कि सातवीं पंचवर्षीय योजना के प्रथम दो वर्षों में कुल

आर्थिक विकास की औसत दर लगभग 5% वार्षिक रही है, और विकासात्मक व्यय के लिये आबंटित संसाधनों के नियमित विस्तार से विकास की गति बढ़ने की संभावना है, यह भी संभावना है, कि सातवीं योजना के प्रथम तीन वर्षों के दौरान देश, वास्तविक अर्थों में योजना लक्ष्यों के 60% से अधिक लक्ष्य प्राप्त कर लेगा, और यदि ऐसा हुआ, तो यह एक ऐसी उपलब्धि होगी, जो पिछली पंचवर्षीय योजनाओं में कभी भी प्राप्त नहीं की जा सकती थी।

1.41 माल और सेवाओं दोनों के निर्यात की सशक्त और लगातार प्रगति, आयात प्रतिस्थापन पर अधिक बल देने, और बेहतर तथा दक्ष संसाधन प्रबन्ध व्यवस्था से, अदायगी सन्तुलन स्थिति नियंत्रण में रह सकती है। खाद्यान्नों की सन्तोषजनक आपूर्ति, स्थिरता और योजनेतर व्यय रोकने के लिये सरकार द्वारा किये गये अनेक उपायों तथा उपलब्ध स्रोतों के अन्यथा विवेक सम्मत उपयोग से मुद्रा स्फीति दबावों के भी नियंत्रण में रहने की पूरी संभावना है।

अध्याय 2

परिचालन, संसाधन एवं कार्य परिणाम

(क) परिचालन :

समग्र परिचालन :

2.01 भाऔविनि के परिचालनों में 1986–87 में उल्लेखनीय प्रगति हुई। वर्ष के दौरान मंजूरियां पहली बार 800 करोड़ रुपए की सीमा पार कर गईं, जो एक वर्ष में 270 करोड़ रुपए से अधिक वृद्धि की द्योतक थीं। 1986–87 के दौरान मंजूरियों की वृद्धि दर 47.2% रही जो भाऔविनि के अस्तित्व के दौरान किसी भी वर्ष की सर्वाधिक है। संवितरण पहली बार 500 करोड़ रुपए की सीमा पार कर गए और 1985–86 में किए गए संवितरणों से 22.5% अधिक रहे। उद्योग की समग्र वित्तीय प्रगति के धीमे रहने के बावजूद औसत ऋण वसूली अनुपात में भी सुधार हुआ, लेकिन यह केवल 1% ही रहा। किन्तु यह वृद्धि, पिछले वर्ष की 7 प्रतिशत वसूली अनुपात में वृद्धि के ऊपर थी।

परिचालन गतिविधियां :

2.02 उल्लेखनीय संस्थानात्मक गतिविधियां जिनका भाऔविनि के कार्यों के विकास में योगदान रहा, इस प्रकार थीं :

— औद्योगिक वित्त निगम (संशोधन) अधिनियम, 1986 (1986 का 50) का अधिनियम, जो 2 फरवरी, 1987 से प्रभावी हुआ और इससे भाऔविनि की गतिविधियों के क्षेत्र और विस्तार में पर्याप्त वृद्धि हुई। भाऔविनि की संविधि अर्थात् औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 में किए गए संशोधन का स्वरूप और सीमा इस रिपोर्ट के परिशिष्ट–II में दिए गए हैं।

— सामूहिक वित्तपोषण व्यवस्था को पहली सितम्बर 1986 से सरल और कारगर बनाना तथा वर्ष के अन्त में पुनः इसे युक्तिसंगत बनाना।

— सरकार से प्राप्त मार्गनिर्देशों के अनुसार तथा अपने अनुभव एवं अधिकांश परियोजना-मूल्यांकन कार्य का कम्प्यूटरीकरण करके विशेषतः तुलन-पत्र और कार्य परिणामों का विश्लेषण, अनुभूति विश्लेषण, घरेलू संसाधन लागत का गणन, आन्तरिक प्रतिलाभ दर एवं विभिन्न अन्य माप-दण्ड और अनुपात, सहायता की मंजूरी के लिए अन्तर-संस्थानात्मक तथा सक्षम प्राधिकारी को प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कम्प्यूटरीकृत मानक प्रपत्रों का प्रयोग करके परियोजना मूल्यांकन तकनीकों में सुधार।

— सभी वित्तपोषित संस्थाओं को उनकी अवस्था और स्थिति के आधार पर श्रेणीबद्ध करके अनुरक्षण प्रणाली में ए० बी० सी० विश्लेषण धारणा प्रारम्भ करना, ताकि उन वित्तपोषित संस्थाओं पर अधिक ध्यान दिया जा सके जिन्हें गहन अनुरक्षण की आवश्यकता है अथवा जो इकाइयां अपने विस्तार, विशाखन, आधुनिकीकरण, पुनर्स्थापन अथवा पुनरुद्धार से सम्बन्धित कार्यक्रम में लिप्त हों।

— 'अग्रणी संस्थान' धारणा को गहन करना जिसका उद्देश्य उद्यमियों की परियोजनाओं का 'एक ही स्थान पर निपटान', 'एक ही बार दस्तावेजीकरण,' 'एक ही संस्थान द्वारा अनुरक्षण और अनुवर्तन' तथा 'देय राशियों की एक ही संस्थान द्वारा वसूली'।

— 'परियोजना वित्तपोषण भागीदारी योजना' के क्षेत्र को 6 फरवरी, 1987 से विस्तृत करना ताकि सभी सरकारी वित्तीय संस्थान, अर्थात भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम, भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम, साधारण बीमा निगम और इसकी चार सहायक कम्पनियां तथा भारतीय यूनिट ट्रस्ट को रुपया सावधि ऋण, हामीदारी और/अथवा शेयरों/डिबेंचरों/बांडों/अन्य प्रतिभूतियों में प्रत्यक्ष अभिदान, गारंटियों और प्रति-गारंटियों (सामूहिक रूप से वित्तीय सहायता के रूप में ज्ञात) के रूप में परियोजना वित्तपोषण में भागीदारी योजना के अधीन लाया जा सके।

— पहली अक्तूबर, 1986 से सरलीकृत मानक साझा ऋण करार लागू करना तथा साझे ऋण करारों के निर्गम की कार्यविधि को सरल बनाना।

2.03 उपर्युक्त के अतिरिक्त, वर्ष के दौरान कुछ विद्यमान योजनाओं, जैसे मुख्यतः उपस्कर वित्त योजना और आधुनिकीकरण सहायता योजना की समीक्षा की गयी तथा चीनी, वस्त्र और जूट उद्योगों के विकास एवं आधुनिकीकरण के लिए विशेष योजनाएं परिचालित की गईं। "गिनमित अस्पतालों/बहुमुखी-औषधालय स्वास्थ्य केन्द्रों के वित्तपोषण" के लिए एक योजना को अन्तिम रूप दिया गया और 1 फरवरी 1987 से इसे लागू किया गया।

2.04 औद्योगिक इकाइयों को उनके निर्यात बढ़ाने के लिए और अधिक प्रोत्साहित करने की दृष्टि से औद्योगिक इकाइयों को निर्यात के आधार पर रुपया ऋण पर ब्याज में छूट देने के लिए एक नई योजना पहली दिसम्बर 1986 से लागू की गई जिसके अन्तर्गत न केवल 100% निर्यातोन्मुख इकाइयां अपितु सभी औद्योगिक इकाइयों को शामिल किया गया। होटलों को भी इस योजना के दायरे में 24 मार्च 1987 से लाया गया।

2.05 उन वित्तपोषित औद्योगिक इकाइयों की कठिनाइयों को कम करने के लिए जिन्हें पहली मार्च 1987 से पूर्व वित्तीय संस्थानों द्वारा वित्तीय सहायता मंजूर की गयी थी, और जिनके पूंजीगत माल और/अथवा उपस्कर को उस तारीख से पहले सीमा शुल्क से अनुमोदन प्राप्त नहीं हुआ था, तथा जिनके परिणामस्वरूप वित्तपोषित औद्योगिक इकाइयों की पूंजी लागत, सीमा शुल्क दरों के बढ़ने के कारण बढ़ गई थी, स्वतः ऋण व्यवस्था योजना आरम्भ की गयी जिसकी व्यवस्थाओं के अनुसार, देय अतिरिक्त शुल्क के 90% की सीमा तक और अधिकतम 5 करोड़ रुपए तक, सावधि ऋण सहायता स्वयमेव आधार पर उपलब्ध की जा सकती है।

2.06 उपरलिखित अनेक नई योजनाएं, कारोबार विकास और प्रगति पर महत्व, विद्यमान प्रणालियों और कार्यविधियों को कारगर बनाने के लिए सतत प्रयास, परिचालनों में अनावश्यकता को दूर करने के उपक्रम तथा सुनिश्चित लेकिन समस्या सुलझाने के लिए सुदृढ़ दृष्टिकोण का प्रतिपादन, आदि ऐसे कुछ अन्य उपाय थे जिनका भाऔविनि की उत्पादकता और प्रगति में समग्र सुधार में योगदान रहा।

वित्तीय सहायता के लिए आवेदनों की प्राप्ति :

2.07 वर्ष 1986–87 के दौरान भाऔविनि ने स्वयं अपनी ओर से अथवा संयुक्त वित्तपोषण आधार पर 548 पात्र संस्थाओं से कुल 3,285.68 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता के लिए रिकार्ड संख्या में आवेदनों पर विचार किया। 17.82 करोड़ रुपए की सहायता के लिए 5 संस्थाओं के आवेदनों को या तो आवेदकों द्वारा वापस ले लिया गया अथवा प्रगति के अभाव में या प्रस्तावित परियोजनाओं के व्यवहार्य न होने के कारण बन्द किया हुआ मान लिया गया। वर्ष की समाप्ति पर संयुक्त वित्तपोषण आधार पर कुल 184.08 करोड़ रुपए की सहायता के लिए भाऔविनि के अग्रणी दायित्व में केवल 41 संस्थाओं (35 संयुक्त वित्तपोषण आधार पर) के आवेदन विचाराधीन थे। वर्ष के दौरान 502 संस्थाओं के अन्य सभी आवेदनों पर वित्तीय सहायता मंजूर की गयी — 94.9% मामलों में निपटान पूरी सूचना एवं आंकड़ों की प्राप्ति की तारीख से चार माह से भी कम अवधि में किया गया।

2.08 भाऔविनि के अग्रणी दायित्व में 41 संस्थाओं के आवेदनों के अतिरिक्त, 2,806.26 करोड़ रुपए की समग्र सहायता (अधिकतर संयुक्त वित्तपोषण आधार पर) 133 संस्थाओं के आवेदन भाऔवि बैंक और भाऔऋानिनि के अग्रणी दायित्व में विचाराधीन थे, इनमें भाऔविनि को भी सम्मिलित किए जाने तथा भागीदार बनाए जाने की संभावना आगामी समय में थी।

2.09 जहां तक आवेदनों की आवती का सम्बन्ध है, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, नागालैण्ड, सिक्किम, अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह, दमण और दीव तथा लक्षद्वीप के सिवाय, भाऔविनि को सभी राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों से वित्तीय सहायता के लिए आवेदन प्राप्त हुए। वित्तीय सहायता के लिए सबसे अधिक आवेदन महाराष्ट्र से प्राप्त हुए और क्रमवार उसके बाद गुजरात, आन्ध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु का स्थान रहा। उद्योग-वार वस्त्र उद्योग से प्राप्त होने वाले आवेदनों का स्थान अग्रणी बना रहा, और इसके पश्चात् बिजली मशीनरी एवं उपकरण। (जिनमें इलैक्ट्रानिक्स शामिल है), रसायन और रसायन उत्पाद, लोहा व इस्पात, परिवहन उपस्कर एवं पुर्जे, सीमेंट, कृत्रिम रेजिन्स और प्लास्टिक, विविध खाद्य उत्पादों तथा चीनी का स्थान रहा।

मंजूरियां एवं संवितरण :

2.10 भाऔविनि की सभी वित्तीय सहायता योजनाओं के अन्तर्गत कुल निवल मंजूरियां, वर्ष के दौरान (रद्द की गई मंजूरियों के पश्चात्) 493 पात्र संस्थाओं की 556 परियोजनाओं के लिए 853.02 करोड़ रुपए रहीं। 1986–87 में मंजूरियों में, विकास दर 1985–86 की 365 परियोजनाओं के लिए 579.45 करोड़ रुपए की मंजूरियों के मुकाबले में 47.2% अधिक रही। वित्तपोषित परियोजनाओं की संख्या में भी पिछले वर्ष के आंकड़ों की तुलना में 52% की वृद्धि परिलक्षित हुई।

2.11 1986–87 में भाऔविनि के कुल संवितरण 506.85 करोड़ रुपए के रहे। यह 1985–86 के दौरान किए गए 413.92 करोड़ रुपए के कुल संवितरणों के मुकाबले में 22.5% अधिक थे।

2.12 संचयी रूप से, जून 1987 की समाप्ति तक भाऔविनि द्वारा 2,541 परियोजनाओं को कुल 4,042.58 करोड़ रुपए की मंजूरियां दी जा चुकी थी। 30 जून 1987 तक संवितरण 2,886.54 करोड़ रुपए के रहे थे जिसमें से 'नकद संवितरण', अर्थात् दी गयी गारंटियों को छोड़कर संवितरण 2,819.78 करोड़ रुपए के थे। 30 जून 1987 तक संवितरित कुल संचयी सहायता, उक्त तारीख तक की गई कुल संचयी मंजूरियों का 71.4% रही। 30 जून, 1987 की स्थिति के अनुसार बकाया सहायता, ऋणी संस्थाओं द्वारा निवल पुनर्अदायगी के पश्चात् 2,211.86 करोड़ रुपए की थी।

मंजूरियों और संवितरणों का सुविधा-वार वर्गीकरण :

2.13 सारणी 5 में, 30 जून 1987 की स्थिति के अनुसार मंजूरियों, संवितरणों एवं बकायों का उल्लेख करते हुए 1986-87 के दौरान भाऔविनि की मंजूरियों एवं संवितरणों और संचयी कार्यों का सुविधा-वार वर्गीकरण दिया गया है।

सारणी 5 : मंजूरियों और संवितरणों और बकाया का सुविधा-वार वर्गीकरण : (करोड़ रुपए

सुविधा	1986–87 (जुलाई-जून)		30 जून, 1987 तक संचयी		30 जून, 1987 की स्थिति के अनुसार
	मंजूरियां रु०	संवितरण रु०	मंजूरियां रु०	संवितरण रु०	बकाया रु०
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रुपया ऋण . . .	600.64 (70.5%)	389 27 (76.8%)	2,886.06 (71.4%)	2,276.48 (78.9%)	1,785.98 (80.7%)
विदेशी मुद्रा ऋण . .	194.49 (22.8%)	103.77 (20.5%)	748.41 (18.5%)	460.83 (16.0%)	331.12 (15.0%)
हामीदारियां . . .	54.58 (6.4%)	5.88 (1.2%)	276.74 (6.9%)	63.88 (2.2%)	41.19 (1.9%)
प्रत्यक्ष अभिदान . .	2.06 (0.2%)	6.69 (1.3%)	20.13 (0.5%)	18.59 (0.6%)	31.64* (1.4%)
गारंटियां					
आस्थगित अदायगियों के लिए .	1.25 (0.1%)	1.24 (0.2%)	74.27 (1.8%)	38.85 (1.3%)	17.17 (0.8%)
—विदेशी ऋणों के लिए .	—	—	36.97 (0.9%)	27.91 (1.0%)	4.76 0.2)
जोड़ . . .	853.02 (100%)	506.85 (100%)	4,042.58 (100%)	2,886.54 (100%)	2,211.86 (100%)

टिप्पणी : (i) कोष्ठकों में दिए गए आंकड़ों जोड़ के प्रतिशत के द्योतक हैं ।

(ii) *ऋणों/डिबेन्चरों के शयरों में संपरिवर्तन के द्वारा अर्जित शेयर/डिबेन्चर सम्मिलित है ।

2.14 भाऔविनि द्वारा प्रदान की गयी सुविधा-वार सहायता का एक उभरती हुई प्रवृत्ति इसकी सहायता में विदेशी मुद्रा ऋणों का बढ़ता हुआ भाग है । वर्ष 1986-87 में भाऔविनि की मंजूरियों और संवितरणों में, विदेशी मुद्रा ऋणों की मंजूरियों और संवितरणों का भाग क्रमशः 22.8% और 20.5% रहा, और दोनों में पिछले वर्ष की तुलना में विदेशी मुद्रा ऋणों की मंजूरियों और संवितरणों में वृद्धि की दर, क्रमशः 26.9% और 19.2% रही ।

भाऔविनि की सहायता की विशेषताएं (1986–87)

(क) नई परियोनाओं को सहायता :

2.15 1986–87 में भाऔविनि द्वारा मंजूर की गई कुल सहायता में से 60.3% (514.51 करोड़ रुपए) 203 नई परियोजनाओं को प्राप्त हुआ । इनमें से 17 परियोजनाओं की प्रत्येक की पूंजी लागत 3 करोड़ रुपए तक थी, 47 परियोजनाएं अलग-अलग 3 करोड़ रुपए से 5 करोड़ रुपए की पूंजी लागत के बीच की थीं, 61 परियोजनाओं की, प्रत्येक की पूंजी लागत 5 करोड़ रुपए से 10 करोड़ रुपए के बीच थी, 52 परियोजनाओं की, प्रत्येक की पूंजी लागत 10 करोड़ रुपए से 20 करोड़ रुपए के बीच थी, और 26 परियोजनाएं ऐसी थी जिनकी पूंजी लागत प्रति परियोजना 20 करोड़ रुपए से अधिक थी ।

(ख) विस्तार और विशाखन परियोजनाओं के लिए सहायता

2.16 1986–87 में 40 परियोजनाओं को उनके विस्तार एवं विशाखन कार्यक्रमों के लिए 69.70 करोड़ रुपए (कुल सहायता का 8.2% भाग) की सहायता प्राप्त हुई । यह पिछले वर्ष इन्हीं प्रयोजनों के लिए मंजूर की गयी सहायता से 13.9% अधिक थी ।

(ग) आधुनिकीकरण कार्यक्रमों के लिए सहायता :

2.17 वर्ष के दौरान, 135 परियोजनाओं को आधुनिकीकरण प्रयोजनों के लिए 128.71 करोड़ रुपए (कुल सहायता का 15.1% भाग) की सहायता प्राप्त हुई जबकि 1985–86 में 104 परियोजनाओं को 84.62 करोड़ रुपए की सहायता प्राप्त हुई थी, जो उक्त प्रयोजनों के लिए अनुमोदित वित्तीय सहायता में 52.1% की वृद्धि का द्योतक थी । आधुनिकीकरण परियोजनाओं की संख्या में भी पिछले वर्ष की तुलना में 29.8% की वृद्धि हुई ।

2.18 भाऔविनि द्वारा 1986–87 में मंजूर की गयी आधुनिकीकरण सहायता का योजना-वार वर्गीकरण सारणी 6 में दिया गया है ।

सारणी 6 : आधुनिकीकरण सहायता का योजना-वार वर्गीकरण

(करोड़ रुपए)

आधुनिकीकरण सम्बन्धी योजनाएं	परियोजनाओं की संख्या	राशि (रु०)
(1)	(2)	(3)
उदार ऋण योजना	61 (45.2%)	58.20 (45.2)
वस्त्र आधुनिकीकरण निधि योजना	49 (36.3)	33.36 (25.9%)
पटसन आधुनिकीकरण निधि योजना	1 (0.7%)	0.98 (0.8%)
आधुनिकीकरण प्रयोजनों के लिए अन्य सहायता	24 (17.8%)	36.17 (28.1%)
जोड़ :	135 (100%)	128 1 (100%)

2.19 वर्ष 1986–87 के दौरान उदार ऋण योजना के अधीन सहायता में कुछ बढ़ोतरी परिलक्षित हुई । उदार ऋण योजना के क्षेत्र में वर्ष की समाप्ति पर कुछ और उदार करने का विचार था । तदनुसार कास्टिक सोडा इकाइयों को मेम्ब्रेन सेल टेक्नोलोजी में संपरिवर्तित करने के लिए उदार शर्तों पर सहायता 4 करोड़ रुपए की सामान्य सीमा के स्थान पर 6 करोड़ रुपए तक हो सकती है । इसी प्रकार, 2,500 टन दैनिक पिराई क्षमता (पहले यह क्षमता 1,500 टन दैनिक थी) तक विस्तार करने वाली चीनी इकाइयों को भी मामले-वार आधार पर उदार ऋण योजना के अन्तर्गत पूर्ववर्ती 4 करोड़ रुपए के स्थान पर 6 करोड़ रुपए की सीमा तक सहायता प्राप्त हो सकती है ।

2.20 पहली अगस्त, 1986 से लागू वस्त्र आधुनिकीकरण निधि योजना दो वर्ष की अवधि के लिए आरम्भ की गयी थी और तत्पश्चात् उसकी समीक्षा की जानी थी, वर्ष के दौरान इनमें उभार परिलक्षित हुआ । हालांकि, योजना के परिचालन और प्रवर्तक अंशदान के भाग के रूप में विशेष ऋण उपलब्ध करवाने का प्रमुख दायित्व भाऔविबैंक का ही रहा, किन्तु योजना के अन्तर्गत मंजूर आधुनिकीकरण ऋणों में भाऔविनि का भी भाग रहा ।

2.21 वस्त्र आधुनिकीकरण निधि योजना के ढांचे के अनुसार पहली नवम्बर, 1986 से जूट आधुनिकीकरण निधि योजना आरम्भ की गई जिसके परिचालन के लिए भाऔविनि को प्रमुख एजेंसी के रूप में नामित किया गया । इस योजना को विद्यमान पटसन मिलों (अधिकांश पश्चिम बंगाल में) से अधिक स्वीकार्यता प्राप्त नहीं हो सकी, क्योंकि ऐसी मिलों में बिक्री कर, कच्चे पटसन पर देय कर राशि की अदायगी, श्रमिक औचित्यकरण आदि मामलों से सम्बद्ध पहलू अभी निपटाए जाने शेष थे । वर्ष के दौरान, केवल एक ही पटसन मिल योजना के अन्तर्गत विशेष ऋण (प्रवर्तक अंशदान के लिए) और आधुनिकीकरण ऋण (संयंत्र, मशीनरी और उपस्कर के आधुनिकीकरण/नवीकरण के लिए) की सुविधा का लाभ उठा सकी । संस्थानात्मक और सरकारी दोनों स्तरों पर ही योजना की स्थिति लगातार समीक्षाधीन रही ।

(घ) स्वतः ऋण व्यवस्था सहित अधि-व्यय सहायता :

2.22 133 परियोजनाओं को उनकी परियोजना लागत में अधि-व्यय को पूरा करने के लिए और उपस्कर, पुनर्स्थापन आदि को संतुलित करने के लिए 111.08 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की गई । 1987–88 के लिए बजट प्रस्तावों के अनुसार पहली मार्च 1987 से, मशीनरी और उपस्कर, आदि पर सीमा शुल्क की दरों में वृद्धि के कारण देय अतिरिक्त शुल्क की राशि में 90% सीमा तक उपलब्ध करवाई जा रही 'स्वतः ऋण व्यवस्था' भी इस सहायता में शामिल है ।

(ङ) उपस्कर वित्त योजना के अन्तर्गत सहायता

2.23 वर्ष के दौरान, उपस्कर वित्त योजना का पुनरवलोकन किया गया, और संतोषप्रद प्रगति रिकार्ड एवं सुदृढ़ वित्तीय स्थिति वाली विद्यमान औद्योगिक संस्थाओं को देश या विदेश से कोई भी उपस्कर (किसी विशेष परियोजना या योजना का भाग नहीं) खरीदने के लिए ऋण सहायता प्रदान की गई । योजना को वर्ष में पर्याप्त स्वीकार्यता प्राप्त हुई, और इसके अन्तर्गत 45 इकाइयों को 29.02 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मंजूर की गई । यह पिछले वर्ष उपस्कर वित्त योजना के अन्तर्गत मंजूर की गई सहायता के दुगुने से अधिक थी और इस प्रकार इसमें 130.9 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई ।

(च) नए उद्यमियों/प्रवासी भारतीयों द्वारा प्रवर्तित परियोजनाओं को सहायता

2.24 वर्ष के दौरान, वित्तपोषित 203 नई परियोजनाओं में से 26 परियोजनाएं ऐसी थीं, जिनका प्रवर्तन नए और तकनीकज्ञ उद्यमियों द्वारा किया गया था । इन्हें 42.96 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई । परियोजनाओं की संख्या तथा सहायता राशि पिछले वर्ष के रिकार्ड से लगभग दुगुनी रही जो प्रथम-पीढ़ी उद्यमियों के विकास तथा देश में उद्यमीयता आधार को विस्तृत करने में महत्वपूर्ण प्रगति का द्योतक है । नए उद्यमियों द्वारा प्रवर्तित ये परियोजनाएं प्लास्टिक उत्पाद, रसायन उत्पाद, इलैक्ट्रानिक्स, परिवहन उपस्कर, अधातु खनिज उत्पाद, विविध खाद्य उत्पाद, आदि, उद्योगों से संबंधित है । वर्ष के दौरान, वित्तपोषित नई परियोजनाओं में से तीन परियोजनाओं का प्रवर्तन प्रवासी भारतीय द्वारा किया गया ।

(छ) प्रदूषण नियंत्रण और उपशमन उपाय करने वाली परियोजनाओं को सहायता

2.25 पर्यावरण संरक्षण और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के बढ़ते हुए महत्व के कारण भाऔविनि ने नई और विद्यमान परियोजनाओं को अपनी सभी मंजूरियों में, उद्योग द्वारा किए जा रहे प्रदूषण नियंत्रण और उपशमन उपायों पर विशेष बल दिया। वर्ष के दौरान वित्तपोषित बहुत सी परियोजनाओं की परियोजना लागत में, व्यर्थ पदार्थ निपटान, वायु, मिट्टी और जल प्रदूषण नियंत्रण, पर्यावरण संरक्षण तथा प्राकृतिक संसाधनों के परिरक्षण के लिए विशेष प्रावधान किए गए।

(ज) वैकल्पिक और नवीकरणीय ऊर्जा साधनों का निर्माण और उपयोग करने वाली परियोजनाओं को सहायता

2.26 वैकल्पिक/नवीकरणीय ऊर्जा साधनों के निर्माण तथा उपयोग को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से रियायती वित्त प्रदान करने के लिए एक योजना भाऔविनि में पहले ही सितम्बर, 1981 से लागू है। वर्ष के दौरान, जिन परियोजनाओं को सहायता मंजूर की गई उनमें से छः परियोजनाएं ऐसी थीं जो अधिकतर सौर, वायु अथवा जीव-पुंजऊर्जाओं पर आधारित वैकल्पिक/नवीकरणीय ऊर्जा के विनिर्माण अथवा उपयोग से किसी न किसी रूप में सम्बद्ध थीं।

(झ) निर्यात-उन्मुख तथा आयात-प्रतिस्थापन परियोजनाओं को सहायता

2.27 संस्थानात्मक वित्तपोषण के लिए किसी औद्योगिक परियोजना की उपयुक्तता पर विचार करते समय, इकाइयों की निर्यात प्रगति तथा नई इकाइयों की निर्यात संभावना पर वर्ष के दौरान पर्याप्त ध्यान दिया गया। इसी प्रकार, विदेशी मुद्रा की बचत करने के उद्देश्य से आयात प्रतिस्थापन वाली परियोजनाओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया। वर्ष के दौरान, वित्तपोषित ऐसी निर्यात-उन्मुख और आयात-प्रतिस्थापन औद्योगिक परियोजनाओं की संख्या 27 रही जिन्हें 113.01 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी गई।

(ञ) विदेश से प्रौद्योगिकी अन्तरण करने वाली परियोजनाओं को सहायता

2.28 वर्ष के दौरान, वित्तपोषित 556 परियोजनाओं में से 47 परियोजनाएं, जिन्हें 239.10 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई थी, विदेशी सहयोग और/अथवा विदेशों से प्रौद्योगिकी अन्तरण पर आधारित थीं। उपर्युक्त में से, 15 परियोजनाएं तकनीकी तथा वित्तीय दोनों प्रकार के सहयोग पर आधारित थीं जबकि शेष 32 परियोजनाएं केवल तकनीकी सहयोग से सम्बद्ध थीं। जिन देशों से और जितनी परियोजनाओं के लिए प्रौद्योगिकी प्राप्त की गई, वह क्रमानुसार है : जर्मन संघीय गणराज्य (13), जापान (9), संयुक्त राज्य अमरीका (8) स्वीडन (5), इंगलैंड (4), इटली (3), स्विटजरलैंड (1) स्पेन (1), आस्ट्रेलिया (1), फ्रांस (1) और ताइवान (1)। शेष परियोजनाएं देश में उपलब्ध प्रौद्योगिकी, तकनीकी प्रक्रियाओं, आदि पर अथवा देश में विकसित प्रौद्योगिकी पर आधारित थीं जो देश की प्रौद्योगिकी क्षमित और बढ़ती हुई क्षमताओं का द्योतक है।

भाऔविनि द्वारा वित्तपोषित कुछ परियोजनाओं की प्रमुख विशेषताएं (1986-87)

2.29 औद्योगिक वित्त निगम (संशोधन) अधिनियम, 1986 से भाऔविनि के लिए, अन्य बातों के साथ-साथ, चिकित्सा, स्वास्थ्य अथवा अन्य समवर्गीय सेवाओं के लिए सहायता प्रदान करना संभव हो गया। इसके अनुसरण में, भाऔविनि ने वर्ष के दौरान, निजी निगमित क्षेत्र में कोयम्बटूर में स्थापित किए जाने वाले एक चिकित्सा केन्द्र और अस्पताल को तथा दिल्ली में स्थापित किए जाने वाले एक स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र को सहायता मंजूर की। इसी प्रकार, औद्योगिक सम्पदाओं के वित्तपोषण की इसकी योजना के अधीन भाऔविनि ने पहली बार, सहकारी क्षेत्र में गुजरात की एक औद्योगिक सम्पदा के वित्तपोषित तथा राज्य इलैक्ट्रानिक्स निगम द्वारा पश्चिम बंगाल में स्थापित किए जाने वाले इलैक्ट्रानिक्स काम्पलैक्स के विकास के लिए मंजूरी प्रदान की। वर्ष के दौरान, वित्तपोषित कुछ परियोजनाएं देश में पहली बार कुछ उत्पादों का निर्माण करेंगी, उदाहरणार्थ, थर्मोप्लास्टिक पॉलियूरेथेनम रेसिन्स/कम्पाउंड, विशेष प्रयोजन इलैक्ट्रोड्स के लिए कोर राड, वीडियो डेक्स, इलैक्ट्रानिक पुश बटन टेलीफोन, चाय और सीमेंट की पैकिंग के लिए मल्टीवाल पेपर सैक, ब्रश रहित आल्टर्नेटर, आदि। वर्ष के दौरान, भाऔविनि द्वारा वित्तपोषित अन्य अनेक परियोजनाओं की ईंधन बचत प्रधान या पावर बचत प्रधान टेक्नोलाजी, उप-उत्पादों अथवा व्यर्थ माल के पूर्ण उपयोग अथवा देश में विकसित बेहतर और उन्नत प्रौद्योगिकी को पहली बार प्रारम्भ करना, आदि है।

सहायता का क्षेत्र-वार वर्गीकरण

2.30 27 अप्रैल, 1983 को केन्द्रीय सरकार द्वारा घोषित प्रोत्साहन योजनाओं के आधार पर, पिछड़े क्षेत्र के विकास के लिए संस्थानात्मक योजना 31 मार्च, 1987 तक और उसके बाद भी इस शर्त पर लागू रही कि पिछड़े क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए पहली अप्रैल, 1987 और उसके बाद से मंजूर की गई सहायता को केन्द्रीय सरकार द्वारा घोषित की जाने वाली संशोधित योजना के अनुसार समीक्षा की जाएगी। वर्ष की समाप्ति के समय केन्द्रीय सरकार से घोषणा की अपेक्षा थी।*

2.31 वर्ष 1986-87 के दौरान, अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों की 296 परियोजनाओं को भाऔविनि की सहायता 426.39 करोड़ रुपये रही। यह वर्ष के दौरान मंजूर की गई निवल वित्तीय सहायता की कुल राशि का 50 प्रतिशत भाग है।

*प्राप्त सूचना के अनुसार केन्द्रीय सरकार ने वर्तमान योजना की अवधि को 31 जनवरी, 1988 तक बढ़ा दिया है।

2.32 श्रेणी "क", "ख" और "ग" के अन्तर्गत पिछड़े जिलों/क्षेत्रों के वर्गीकरण की विद्यमान योजना के अनुसार श्रेणी "क" (उद्योग रहित/विशेष क्षेत्र) जिलों में स्थित 76 परियोजनाओं को 127.05 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई श्रेणी "ख" जिलों/क्षेत्रों में स्थित 128 परियोजनाओं को 189.54 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई, श्रेणी "ग" जिलों/क्षेत्रों की 92 परियोजनाओं को 109.80 करोड़ की सहायता प्राप्त हुई। अधिसूचित पिछड़े जिलों की प्रत्येक श्रेणी, अर्थात् श्रेणी "क", "ख" और "ग" को, पिछड़े क्षेत्रों की परियोजनाओं को मंजूर की गई कुल सहायता में प्राप्त भाग, क्रमशः 29.8 प्रतिशत, 44.5 प्रतिशत और 25.7 प्रतिशत रहा।

2.33 श्रेणी "क" (उद्योग रहित/विशेष क्षेत्र) जिलों की परियोजनाओं को 1986–87 में प्रदान वित्तीय सहायता में पिछले वर्ष के रिकार्ड की तुलना में 38.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। श्रेणी "क" (उद्योग रहित/विशेष क्षेत्र) जिलों/क्षेत्रों में वित्तपोषित परियोजनाओं की संख्या 1985–86 के 40 की तुलना में 1986–87 में 76 हो गई, जोकि 90.0 प्रतिशत वृद्धि की द्योतक थी। उद्योग रहित/विशेष जिलों/क्षेत्रों में पनपने वाली। परियोजनाओं पर इस प्रकार पर्याप्त ध्यान दिया गया। अधिसूचित श्रेणी "ख" और श्रेणी "ग" जिलों/क्षेत्रों की परियोजनाओं को सहायता की राशि में 1985–86 की तुलना में 1986–87 में क्रमश. 42.3 और 10.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

2.34 संचयी रूप से, 30 जून, 1987 तक भाअौविनि ने अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों में स्थित 1,184 परियोजनाओं को 2,109.87 करोड़ रुपये की कुल वित्तीय सहायता मंजूर की जो भाअौविनि की कुल निवल संचयी मंजूरियों का 52.2 प्रतिशत भाग है।

सहायता का सेक्टर-वार वर्गीकरण

2.35 सारणी 7 में वर्ष के दौरान तथा 30 जून, 1987 तक संचयी रूप से, परियोजनाओं और उनको मंजूर की गई सहायता का सेक्टर-वार वर्गीकरण दिया गया है।

सारणी 7 : मंजूर और संवितरित की गयी सहायता का क्षेत्रवार वर्गीकरण (करोड़ रुपए)

क्षेत्र	1986–87 (जुलाई–जून)			30 जून, 1987 तक संचयी		
	मंजूरियां		संवितरण	मंजूरियां		संवितरण
	परियोजनाओं की संख्या	राशि रु०	राशि रु०	परियोजनाओं की संख्या	राशि रु०	राशि रु०
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
निजी .	428	620.65 (72.8%)	358.29 (70.7%)	1,765 (69.5%)	2,684.58 (66.4%)	1,856 18 (64.3%)
संयुक्त .	62	93.35 (10.9%)	67.52 (13.3%)	221 (8.7%)	534.74 (13.2%)	364.12 (12.6%)
सरकारी .	40	93.71 (11.0%)	37.87 (7.5%)	254 (10.0%)	443.83 (11.0%)	324.96 (11.3%)
सहकारी .	26	45.31 (5 3%)	43.17 (8.5%)	301 (11.8%)	379.43 (9.4%)	341.28 (11.8%)
जोड़ .	556	853.02 (100%)	506.85 (100%)	2,541 (100%)	4,042.58 (100%)	2,886.54 (100%)

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े जोड़ के प्रतिशत के द्योतक हैं।

(क) सहकारी क्षेत्र को सहायता

2.36 वर्ष के दौरान, भाअौविनि ने सहकारी क्षेत्र की 26 परियोजनाओं को 45.31 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की। इनमें 13 चीनी सहकारिताएं थीं। जिन्हें 17.88 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई, 11 वस्त्र सहकारिताएं थीं। जिन्हें 10.43 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई, एक उर्वरक सहकारिता को 15.00 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई तथा एक सहकारिता को औद्योगिक काम्पलैक्स स्थापित करने के लिए 2 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई। 1986-87 में औद्योगिक सहकारिताओं को मंजूर की गई कुल सहायता, 1985–86 में औद्योगिक सहकारिताओं को मंजूर की गई सहायता से 3.7 प्रतिशत अधिक रही।

2.37 30 जून, 1987 तक संचयी रूप से भाऔविनि ने सहकारी क्षेत्र की 301 परियोजनाओं को 379.43 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की, जिसमें से 341.28 करोड़ रुपए (89.9 प्रतिशत) पहले ही संवितरित किए जा चुके थे। सारणी 8 में 30 जून, 1987 तक औद्योगिक सहकारिताओं को मंजूर और संवितरित सहायता का उद्योग-वार वर्गीकरण दिया गया है।

सारणी 8 : औद्योगिक सहकारिताओं को सहायता (1948–87)

(करोड़ रुपये)

उद्योग की प्रकृति	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर की गई राशि रु०	संवितरित राशि रु०
(1)	(2)	(3)	(4)
चीनी	200	224.25	217.73
वस्त्र	86	84.90	71.23
पटसन	1	0.79	0.79
कागज	4	4.45	4.34
उर्वरक	4	47.75	42.60
कृत्रिम रेशे	2	13.00	2.50
वनस्पति तेल	1	0.22	0.22
कोकोआ प्रोसेसिंग	1	1.87	1.87
रसायन	1	0.20	—
औद्योगिक सम्पदा	1	2.00	—
जोड़	301	379.43	341.28

(ख) निगमित क्षेत्र को सहायता

2.38 वर्ष के दौरान, 530 परियोजनाओं को 807.71 करोड़ रुपये की सहायता निगमित क्षेत्र को दी गई। निजी निगमित क्षेत्र, जो हमेशा भाऔविनि से सर्वाधिक वित्तीय सहायता प्राप्त करता रहा है, को 428 परियोजनाओं के लिए 620.65 करोड़ रुपये (कुल का 72.8 प्रतिशत) की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई जो पिछले वर्ष 284 परियोजनाओं को मंजूर की गई 399.23 करोड़ रुपये की सहायता से 55.5 प्रतिशत अधिक है।

2.39 संयुक्त क्षेत्र में हालांकि वर्ष के दौरान सहायता प्राप्त करने वाली परियोजनाओं की संख्या पिछले वर्ष की 40 की तुलना में 62 हो गई, कुल मंजूर राशि 93.35 करोड़ रुपये रही जबकि 1985–86 में 97.68 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की गई थी। सरकारी क्षेत्र की 40 परियोजनाओं को 93.71 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई जबकि पिछले वर्ष 21 परियोजनाओं को 38.86 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई थी। इस प्रकार 141.1 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई।

2.40 30 जून, 1987 की स्थिति के अनुसार संचयी रूप से भाऔविनि की कुल सहायता में से निगमित क्षेत्र की परियोजनाओं की सहायता का भाग 90.6 प्रतिशत था जिसमें से निजी, संयुक्त और सरकारी क्षेत्र की परियोजनाओं का भाग, क्रमशः 66.4 प्रतिशत, 13.2 प्रतिशत और 11.0 प्रतिशत रहा। निगमित क्षेत्र को मंजूर कुल सहायता में से संचयी संवितरण 69.5 प्रतिशत रहा।

सहायता का उद्योग-वार प्रसार

2.41 वर्ष के दौरान तथा 30 जून, 1987 तक संचयी रूप से सहायता का उद्योग-वार प्रसार सारणी 9 में दिया गया है।

सारणी 9 : सहायता का उद्योग-वार प्रसार

(करोड़ रुपए)

उद्योग	1986–87 (जुलाई-जून)			30 जून, 1987 तक संचयी		
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि रु०	कुल का प्रतिशत	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि रु०	कुल का प्रतिशत
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
चीनी :						
—सहकारिताएं	13	17.88	2.1	200	224.25	5.5
—अन्य	11	12.42	1.4	72	70.73	1.8
वस्त्र	106	85.60	10.0	496	533.98	13.2
पटसन उत्पाद	2	1.36	0.2	28	20.82	0.5
रसायन :						
—मूल रसायन	26	40.65	4.8	120	254.01	6.3
—उर्वरक व कीटनाशक	17	70.37	8.2	64	266.35	6.6
—कृत्रिम रेशे	12	51.30	6.0	51	232.45	5.8

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
—कृत्रिम रेशिम, प्लास्टिक उत्पादन व उत्पाद	14	12.45	1.5	61	69.49	1.7
—अन्य रसायन व रसायन उत्पाद . .	35	43.62	5.1	120	124.23	3.1
सीमेंट	30	61.02	7.1	138	416.47	10.3
कागज व कागज उत्पाद . . .	17	15.99	1.9	110	195.38	4.8
रबर उत्पाद	5	8.41	1.0	37	71.79	1.8
लोहा व इस्पात . . .	37	55.68	6.5	167	260.49	6.4
मशीनरी	24	26.97	3.2	139	138.77	3.4
परिवहन उपस्कर व पुर्जे . . .	31	69.02	8.1	122	215.60	5.3
बिजली मशीनरी व उपस्कर (इलेक्ट्रानिक्स सहित)	53	123.30	14.5	162	255.28	6.3
अलौह धातूएं	4	7.39	0.9	35	71.19	1.8
अधातु खनिज उत्पाद . . .	26	33.91	4.0	92	149.32	3.7
होटल	19	19.08	2.2	63	80.76	2.0
विविध अन्य उद्योग . . .	74	96.60	11.3	264	391.22	9.7
जोड़	556	853.02	100.0	2,541	4,042.58	100.0

2.42 उच्च राष्ट्रीय प्राथमिकता प्राप्त उद्योगों तथा अन्य चुने महत्वपूर्ण उद्योगों को (जो सामान्यतः 2 फरवरी, 1973 के समय-समय पर यथा संशोधित औद्योगिक नीति विवरण के परिशिष्ट–1 उद्योगों के रूप में विख्यात हैं) वर्ष के दौरान, मंजूर कुल सहायता का 78.9 प्रतिशत प्राप्त हुआ। कुल मिलाकर दशक (1977–87) के दौरान भाग्रौविनि द्वारा मंजूर की गई सहायता का 80 प्रतिशत से अधिक भाग उच्च राष्ट्रीय प्राथमिकता प्राप्त उद्योगों और अन्य चुने हुए महत्वपूर्ण उद्योगों को प्राप्त हुआ।

2.43 जिन उद्योगों को 1986–87 के दौरान भाग्रौविनि की सहायता में विशिष्ट भाग प्राप्त हुआ, वे हैं : इलेक्ट्रिक मशीनरी, उपकरण और पुर्जे तथा इलैक्ट्रानिक्स (14.5 प्रतिशत), वस्त्र (10.00 प्रतिशत), रसायन और रसायन उत्पाद (9.9 प्रतिशत), उर्वरक एवं कीटनाशक (8.2 प्रतिशत), परिवहन उपस्कर और पुर्जे (8.1 प्रतिशत), सीमेंट (7.1 प्रतिशत), लोहा व इस्पात (6.5 प्रतिशत), कृत्रिम रेशे (6.0 प्रतिशत), विविध खाद्यउत्पाद (4.2 प्रतिशत), चीनी (3.6 प्रतिशत)। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि इलैक्ट्रानिक्स, परिवहन उपस्कर और खाद्य उत्पादों ने देश के औद्योगिक परिवेश में महत्वपूर्ण स्थान लेना आरम्भ कर दिया है। वर्ष के दौरान, वस्त्र उद्योग ने भी वस्त्र आधुनिकीकरण निधि योजना का समुचित लाभ उठाया और 1986–87 में भाग्रौविनि की सहायता में परियोजना–संख्या–वार इसकी स्थिति अच्छी रही।

2.44 समग्र रूप से, वस्त्र, सीमेंट और रसायन एवं रसायन उत्पाद भाग्रौविनि की सर्वाधिक सहायता प्राप्त करने वाले उद्योगों के रूप में उभर कर आए जिन्हें भाग्रौविनि की कुल सहायता का 32.9 प्रतिशत प्राप्त हुआ और उसके बाद चीनी (7.3 प्रतिशत), उर्वरक और कीटनाशक (6.6 प्रतिशत), लोहा व इस्पात (6.4 प्रतिशत), बिजली मशीनरी एवं उपकरण (6.3 प्रतिशत), कृत्रिम रेशे (5.8 प्रतिशत), परिवहन उपस्कर (5.3 प्रतिशत), कागज (4.8 प्रतिशत), आदि का स्थान रहा।

2.45 उत्पादों के उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार वर्ष 1986–87 के दौरान मंजूर तथा 30 जून, 1987 की स्थिति के अनुसार मंजूर संचयी सहायता का उद्योग-वार वितरण सारणी 10 में दिया गया है।

2.46 पिछले वर्ष की तुलना में 1986–87 में पूंजी माल उद्योगों द्वारा प्राप्त की गई सहायता में 250.3 प्रतिशत की असाधारण वृद्धि हुई, उसके बाद सेवा उद्योगों में 143.7 प्रतिशत, उपभोक्ता माल उद्योगों में 97.1 तथा मध्यवर्ती माल उद्योगों में 28.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वर्ष के दौरान, उपभोक्ता माल उद्योगों की वित्तपोषित परियोजनाओं की संख्या में सर्वाधिक, अर्थात् 88.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, और उसके बाद सेवा उद्योगों में 69.2 प्रतिशत, पूंजी माल उद्योगों में 68.7 प्रतिशत, मध्यवर्ती माल उद्योगों में 56.5 प्रतिशत तथा मूल उद्योगों में 6 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

सारणी 10 : उत्पादों के उपयोग आधारित वर्गीकरण के अनुसार सहायता का उद्योग-वार वितरण (करोड़ रुपए)

उद्योग	1986–87 (जुलाई–जून)			30 जून 1987 तक संचयी		
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि रु०	कुल का प्रतिशत	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि रु०	कुल का प्रतिशत
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
मूल उद्योग : (अर्थात मूल धातु अद्योगिक, मूल औद्योगिक रसायन, उर्वरक, सीमेंट, खनन, शक्ति जनन, आदि)	122 (115)	249.30 (276.41)	29.2 (47.7)	555 (509)	1,406.77 (1,167.34)	34.8 (36.1)
पूंजी माल उद्योग : (अर्थात मशीनरी व उपांग, बिजली मशीनरी और उपकरण, परिवहन उपस्कर, आदि)	108 (64)	219.29 (62.60)	25.7 (10.8)	423 (345)	609.65 (400.31)	15.1 (12.4)
मध्यवर्ती माल उद्योग : (अर्थात रसायन उत्पाद, धातु उत्पाद, अधातु खनिज उत्पाद, पटसन, टायर एवं ट्यूब आदि)	108 (69)	175.09 (136.44)	20.5 (23.5)	479 (430)	770.37 (610.63)	19.0 (18.9)
उपभोक्ता माल उद्योग : (अर्थात चीनी, अन्य खाद्य उत्पाद, सूती/ऊनी वस्त्र, कागज और अन्य विविध उद्योग)	196 (104)	186.63 (94.68)	21.9 (16.4)	1,020 (929)	1,174.89 (990.82)	29.1 (30.6)
सेवा उद्योग : (अर्थात होटल, चिकित्सा सेवाएं, जहाजरानी आदि)	22 (13)	22.71 (9.32)	2.7 (1.6)	64 (59)	80.90 (62.57)	2.0 (2.0)
जोड़	556 (365)	853.02 (579.45)	100.0 (100.0)	2,541 (2,272)	4,042.58 (3,231.67)	100.0 (100.0)

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े पिछले वर्ष से सम्बन्धित अथवा 30 जून 1986 की स्थिति अनुसार है ।

सहायता का राज्य-वार प्रसार

2.47 वर्ष 1986–87 में और 30 जून 1987 तक संचयी रूप से भामौविनि की सहायता का राज्य-वार प्रसार सारणी 11 में दिया गया है ।

सारणी 11 : सहायता का राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश-वार प्रसार (करोड़ रुपए)

राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश	1986–87 (जुलाई–जून)			30 जून, 1987 तक संचयी		
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि रु०	कुल का प्रतिशत	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि रु०	कुल का प्रतिशत
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
आंध्र प्रदेश	60	143.30	16.8	223	433.71	10.7
अरुणाचल प्रदेश . . .	—	—	—	1	0.16	—
असम	9	8.87	1.0	28	36.81	0.9
बिहार	9	15.33	1.8	68	82.69	2.1

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
गोवा	3	4.15	0.5	14	15.91	0.4
गुजरात	74	98.00	11.5	246	458.34	11.3
हरियाणा	24	29.67	3.5	116	132.92	3.3
हिमाचल प्रदेश	9	7.17	0.8	29	39.95	1.0
जम्मू व कश्मीर	3	7.54	0.9	18	21.65	0.5
कर्नाटक	32	28.30	3.3	179	233.01	5.8
केरल	11	15.87	1.9	72	98.40	2.4
मध्य प्रदेश	26	58.00	6.8	106	195.76	4.8
महाराष्ट्र	73	112.40	13.2	442	597.91	14.8
मेघालय	1	1.71	0.2	4	5.25	0.1
नागालैण्ड	—	—	—	3	2.09	0.1
उड़ीसा	12	21.76	2.5	58	121.38	3.0
पंजाब	32	44.87	5.2	107	192.96	4.8
राजस्थान	32	28.32	3.3	111	225.59	5.6
सिक्किम	—	—	—	2	1.90	—
तमिलनाडु	38	45.57	5.3	215	314.85	7.8
त्रिपुरा	1	1.47	0.2	2	2.63	0.1
उत्तर प्रदेश	70	153.14	18.0	286	590.88	14.6
पश्चिम बंगाल	23	15.07	1.8	163	175.88	4.4
अण्डमान व निकोबार द्वीप समूह	—	—	—	1	0.91	—
चण्डीगढ़	1	0.75	0.1	3	1.30	—
दादरा व नगर हवेली	1	0.65	0.1	3	2.14	0.1
दिल्ली	7	6.32	0.7	26	41.48	1.0
पांडिचेरी	5	4.79	0.6	15	16.12	0.4
जोड़	556	853.02	100.0	2,541	4,042.58	100.0

2.48 वर्ष के दौरान, माला के अनुसार उत्तर प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश राज्यों को भाओविनि की सहायता में प्रथम पांच स्थान प्राप्त हुए जब कि परियोजना संख्या-वार प्रथम पांच स्थान गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश और तमिलनाडु को प्राप्त हुए।

2.49 पिछले वर्ष की तुलना में आन्ध्र प्रदेश, असम, बिहार, जम्मू व कश्मीर, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, मेघालय और उड़ीसा राज्यों की वर्ष के दौरान भाओविनि की सहायता में उनके अपने भाग की बढ़ोतरी एवं उन्नति हुई।

2.50 अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम राज्यों तथा अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह, दमण और दीव, लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्रों को, 1986–87 के दौरान वित्तीय सहायता के लिए आवेदनों के अभाव में इन राज्यों संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्राप्त नहीं हुई; अन्यथा लगभग प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में माला अनुसार तथा परियोजना संख्या-वार 1986–87 में उल्लेखनीय वृद्धि परिलक्षित हुई। पंजाब में न केवल सहायता की माला 1985–86 के 39.20 करोड़ रुपये से बढ़कर 1986–87 के 44.87 करोड़ रुपये हो गई, अपितु सहायता प्राप्त करने वाली परियोजनाओं की संख्या भी 1985–86 के 26 से बढ़कर 1986-87 में 32 हो गई। संस्थानों ने पंजाब के नए उद्योगों के लिए प्राथमिकता प्रवृत्ति, रियायती सहायता प्रदान करने की अपनी नीति कायम रखी और इस सुविधा को 31 मार्च, 1988 तक किए जाने के लिए सहमति व्यक्त की गई।

2.51 संचयी रूप से, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, गुजरात, आन्ध्र प्रदेश और तमिलनाडु राज्य 30 जून, 1987 के अनुसार भाओविनि की कुल सहायता में प्रथम पांच स्थानों पर रहे। उसके बाद क्रमवार कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब और पश्चिम बंगाल का स्थान रहा।

योजना-वार मंजूरियां और संवितरण

2.52 छठी पंचवर्षीय योजना (1980–85) के दौरान भाओविनि की कुल मंजूरियां और संवितरण 1,510.51 करोड़ रुपए और 1,119.84 करोड़ रुपए के रहे, जो पांचवी

पंचवर्षीय योजना अवधि तथा उसके बाद के दो वर्षों, अर्थात् 1978–79 और 1979–80 की मंजूरियां और संवितरणों से क्रमश: 156.1 प्रतिशत और 189.2 प्रतिशत अधिक थे। सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के प्रथम दो वर्षों, अर्थात् 1985–86 और 1986–87 में भाग्रौविनि की कुल मंजूरियां और संवितरण, छठी योजना अवधि के प्रथम दो वर्षों के संबंधित आंकड़ों से क्रमश: 210.9 प्रतिशत और 186.0 प्रतिशत अधिक थे।

निवेश परिचालन

2.53 वर्ष के दौरान, भाग्रौविनि ने इक्विटी शेयरों के लिए 123 संस्थाओं को 52.48 करोड़ रुपये की एवं डिबेंचरों के लिए 3 संस्थाओं को 2.10 करोड़ रुपये की हामीदारी सहायता मंजूर की, जो पिछले वर्ष मंजूर की गई कुल हामीदारी सुविधा से 36.0% अधिक थी। 1986-87 के दौरान हामीदारी सुविधा मंजूर की गई संस्थाओं की संख्या में भी पिछले वर्ष से 72.6% की उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

2.53 वर्ष के दौरान, प्रत्यक्ष अभिदान से सम्बन्धित मंजूरियों में भी पिछले वर्ष के रिकार्ड से उल्लेखनीय वृद्धि परिलक्षित हुई। जबकि 1985-86 में 6 संस्थाओं के लिए 0.41 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष अभिदान मंजूर किया गया जो पूर्णत: शेयरों के संबंध में था, 1986-87 में 14 संस्थाओं के शेयरों के लिए 2.06 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष अभिदान मंजूर किया गया जो कि राशि में 402.4% तथा संस्थाओं की संख्या में 133.3 की वृद्धि का द्योतक रहा।

2.55 वर्ष के दौरान, कुल 24.33 करोड़ रुपये की राशि के भाग्रौविनि द्वारा हामीदारीकृत, शेयरों के 51 निर्गम और एक इक्विटी-डिबेंचर निर्गम, बिक्री के लिए बाजार में प्रस्तावित किए गए। हामीदारी दायित्व के अनुसार भाग्रौविनि को 7.73 करोड़ रुपये की राशि के शेयर लेने पड़े। इसके अतिरिक्त, भाग्रौविनि ने 22 कम्पनियों के शेयरों और डिबेंचरों में 6.69 करोड़ रुपये का वास्तविक अभिदान किया, जबकि 1985-86 में यह अभिदान 0.98 करोड़ रुपये का था।

2.56 हाल के वर्षों में, सार्वजनिक निर्गमों की लागत में उल्लेखनीय वृद्धि को तथा सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से पूंजी जुटाने में लघु नई कम्पनियों के सामने आने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए, वर्ष की समाप्ति पर भाग्रौविनि ने अन्य वित्तीय संस्थानों के साथ मिलकर ऐसी कम्पनियों को सार्वजनिक निर्गम के बदले इक्विटी पूंजी में प्रत्यक्ष अभिदान सुविधा की सीमा को 50 लाख रुपये की वर्तमान सीमा से बढ़ाकर 1.000 करोड़ रुपये करने का निर्णय किया।

2.57 भारत सरकार ने वर्ष के दौरान, पूंजी बाजार के व्यवस्थित कार्यचालन को नियमित करने तथा उद्योग को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से यथेष्ठ समीक्षा की, और पूंजी निर्गमों की हामीदारी, बोनस शेयरों के निर्गम, पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा विद्यमान शेयरों/निर्गमित पूंजी की बिक्री/डिबेंचरों के निर्गम, वित्तीय संस्थानों के पास निजी रूप से धारित डिबेंचरों के नियंत्रित करने की कार्य-विधि, डिबेंचरों के शोधन, डिबेंचर विमोचन रिज़र्व के सृजन, प्रतिभूतियां सूचीबद्ध करने आदि के संबंध में नए/पूरक मार्गदर्शक सिद्धान्त जारी किए।

2.58 भारतीय जहाजरानी साख एवं निवेश निगम लिमिटेड (भाजसानिनि) के प्रारंभिक अभिदाता के रूप में भाग्रौविनि ने 5.00 करोड़ रुपये की सीमा तक इसकी इक्विटी शेयर पूंजी में अभिदान किया जिसमें से 2.50 करोड़ रुपये वर्ष के दौरान अदा किए गए। भाग्रौविनि ने हिन्दुस्तान तेल अन्वेषण कम्पनी लिमिटेड (हितेअक) की प्रारम्भिक शेयर पूंजी में भी 10.00 लाख रुपये का अभिदान किया। भारतीय जहाजरानी साख एवं निवेश निगम द्वारा जहाजरानी उद्योग को वित्त प्रदान किए जाने, तथा हिन्दुस्तान तेल अन्वेषण कम्पनी लि० द्वारा देश में तेल अन्वेषण कार्य को गहन किए जाने की आशा है।

संपरिवर्तनीयता मार्ग-निदेशक सिद्धान्त

2.59 सरकार द्वारा पहले जारी किए गए संपरिवर्तनीयता मार्गनिदेशक सिद्धान्तों में वर्ष के दौरान कोई परिवर्तन नहीं हुआ।

2.60 वर्ष के दौरान की गई मंजूरियों के संबंध में 80 मामलों में वर्तमान मार्गनिदेशक सिद्धान्तों के अनुसार संपरिवर्तनीयता खण्ड की शर्त लगाई गई। वर्ष के दौरान, 8 मामलों में संपरिवर्तनीयता अधिकार का प्रयोग किया गया और 36 मामलों में छूट प्रदान की गई।

2.61 संचयी रूप से, संपरिवर्तनीयता मार्गनिर्देशक सिद्धान्तों के लागू किए जाने से लेकर भाग्रौविनि ने 1,125 मामलों में संपरिवर्तनीयता खण्ड लागू किया, 114 मामलों में संपरिवर्तनीयता विकल्प का प्रयोग किया और 439 मामलों में, सभी सम्बन्धित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए उससे छूट प्रदान की।

नामित निदेशक

2.62 वर्ष के दौरान, भाग्रौविनि ने 229 वित्तपोषित संस्थाओं के बोर्डों में नामित निदेशक (शासकीय तथा गैर-शासकीय) नियुक्त/प्रतिस्थापित किए। इनमें 76 संस्थाएं ऐसी थीं जिनमें नई नियुक्तियां/चक्रानुक्रम परिवर्तन किए गए। भाग्रौविनि द्वारा वित्तपोषित कुल 2,077 संस्थाओं में से 834 मामलों में भाग्रौविनि अग्रणी था। भाग्रौविनि ने 30 जून, 1987 तक 576 वित्तपोषित संस्थाओं के बोर्डों में 298 नामित निमुक्त किए थे जिनमें 138 शासकीय थे और 160 गैर-शासकीय।

2.63 सरकार द्वारा जारी मार्गनिदेशक सिद्धान्तों के अनुसार भाग्रौविनि द्वारा गठित नामित निदेशक कक्ष, वित्तपोषित संस्थाओं के अनुरक्षण में यथोचित ध्यान देता रहा,

और भाआवित्रि तथा सम्बन्धित नामित निदेशकों के बीच प्रभावशाली कड़ी के रूप में कार्य करता रहा।

2.64 सरकारी उपक्रमों पर गठित संसदीय समिति (कोपू) ने भी अपनी 27वीं रिपोर्ट में वित्तीय संस्थाओं द्वारा निदेशक नामित किए जाने की पद्धति की वर्ष के दौरान समीक्षा की। समिति ने पद्धति के संबंध में कुछ सिफारिशें कीं/सुझाव दिए, जो वर्ष की समाप्ति पर सरकार तथा वित्तीय संस्थानों के बीच विचाराधीन थे।

ब्याज दर

2.65 रुपया ऋण पर लागू मूल उधार ब्याज दर में वर्ष के दौरान कोई परिवर्तन नहीं हुआ। लेकिन, पहली दिसम्बर, 1986 को या उसके बाद ऋणी संस्थाओं द्वारा निष्पादित ऋण करारों के अन्तर्गत विदेशी मुद्रा ऋणों पर लगाए जाने वाले ब्याज की दरों को पहली दिसम्बर, 1986 से निम्नानुसार कम कर दिया गया :

—डालर ऋण पर प्लवमान दर	लिबोर से 1.5% वार्षिक अधिक
—के०एफ०डब्ल्यू० ऋण तथा जर्मन मार्क आवर्ती निधि में से जर्मन मार्क उप-ऋण	9.5% वार्षिक
—जापानी येन उप-ऋण	8.5 वार्षिक

2.66 ब्याज परिकलन पद्धति में एकरूपता लाने की दृष्टि से, सभी मामलों में (चाहे रुपया ऋण हो अथवा विदेशी मुद्रा उप-ऋण) वास्तविक दिनों की संख्या के आधार पर और 365 दिन का एक वर्ष मानते हुए ब्याज परिकलन करने का निर्णय किया गया।

भाआवित्रि के सामान्य विनियमों में संशोधन

2.67 वर्ष के दौरान, औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 43 की व्यवस्थाओं के अनुरूप भारतीय औद्योगिक विकास बैंक का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के बाद भाआवित्रि सामान्य विनियम, 1982 में कुछ संशोधन किए गए। महत्वपूर्ण संशोधन (क) वार्षिक महासभा/विशेष महासभा के कोरम के प्रयोजन के लिए शेयरधारियों की संख्या और (ख) भाआवित्रिबैंक से भिन्न शेयरधारियों द्वारा, केन्द्रीय सरकार/भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमोदित लेखा-परीक्षकों के पैनल में से लेखा-परीक्षकों को चुनाव की व्यवस्था करने से सम्बन्धित थे। वार्षिक महासभा अथवा किसी अन्य विशेष महासभा में कोरम, ऐसी बैठक के प्रारम्भ होने के समय मत देने के हकदार, प्रॉक्सी अथवा प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित शेयरधारियों का एक तिहाई अथवा पांच शेयरधारी का, जो भी कम हो, होगा।

जन-हित में की गई मंजूरियां

2.68 वर्ष के दौरान, ऐसा कोई मामला नहीं था जिसमें औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 26(2) की व्यवस्थाओं के अनुसार निवेशकों के हितबद्ध होने के कारण भाआवित्रि को भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (विनिर्दिष्ट औद्योगिक संस्थाओं के साथ कारोबार का संव्यवहार) विनियम, 1982 की शर्तों के अनुसार जन-हित में सहायता मंजूर करनी पड़ी हो।

भाआवित्रि के परिचालनों का आर्थिक और सामाजिक प्रभाव

2.69 भाआवित्रि के परिचालन देश के औद्योगिक विकास ढांचे तथा देश के नियोजित आर्थिक विकास युग के दौरान हुए संरचनात्मक परिवर्तनों की लघु स्तरपर लेकिन महत्वपूर्ण रूप में छवि प्रस्तुत करते है। सहायता की राशि अथवा भाआवित्रि द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं की संख्या से अधिक महत्वपूर्ण है भाआवित्रि का उत्प्रेरक दायित्व जो 30 जून, 1987 तक वित्तपोषित 2,541 परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 32,558.91 करोड़ रुपये के समग्र संसाधन जुटाने में सहायक रहा है।

2.70 1986-87 में भाआवित्रि के परिचालनों से, 446 परियोजनाओं की (1986-87 के दौरान परियोजनाओं की लागत, आदि में पूर्णतः अभिव्यय के वित्तपोषण के लिए अतिरिक्त सहायता की मंजूरियों के 110 मामलों के सिवाय) वित्तपोषण प्रवृत्ति अध्ययन के अनुसार पता चलता है कि भाआवित्रि ऐसी औद्योगिक परियोजनाओं में निवेश के लिए 5,013.60 करोड़ रुपये के साधन जुटाने में सहायक रहा, जिसका विवरण सारणी 12 में दिया गया है।

2.71 प्रत्यक्ष आर्थिक योगदान की दृष्टि से, 1986-87 में भाआवित्रि द्वारा वित्तपोषित 243 में से 236 नई और विस्तार/विशाखन परियोजनाओं के अध्ययन से पता चलता है, कि वर्ष के दौरान मंजूर की गई भाआवित्रि की सहायता से उद्योगों में व्यापक रूप से अतिरिक्त क्षमताओं के सृजन की आशा है। उपर्युक्त परियोजनाओं से लगभग 54,720 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। इन का मूल्य अनुमानतः 4,502.94 करोड़ रुपये होने की संभावना है। सकल मूल्य वृद्धि के 1,593.06 करोड़ रुपये होने की संभावना है, जिससे देश के सकल राष्ट्रीय उत्पाद में इन परियोजनाओं के योगदान का पता चलता है। बाकी सात परियोजनाओं, यतः असम में प्राकृतिक गैस के परिवहन के लिए पाइप लाइन बिछाने, महाराष्ट्र में तेल एवं प्राकृतिक गैस की खोज एवं विकास के लिए तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग से पूरे के पूरे किराए पर लिए जाने वाले अप-तटीय गहन ड्रिलिंग रिग्स प्राप्त करने, पश्चिम बंगाल, गुजरात और पंजाब में क्रमशः इलैक्ट्रानिक्स काम्पलेक्स, औद्योगिक काम्पलेक्स और चमड़ा काम्पलेक्स के विकास और तमिलनाडु में चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने से सम्बन्धित इकाइयों से भी आशा की जाती है कि वे भी अपने-अपने क्षेत्रों में महत्वपूर्ण आर्थिक योगदान देंगी। इस संबंध में विस्तृत विवरण परिशिष्ट-III में अनुबद्ध है।

सारणी 12 : भा औविनि द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं की वित्तपोषण प्रवृत्ति (करोड़ रुपये)

वित्तपोषण प्रवृत्ति	नई परियोजनाएं	विस्तार/ विशीकरण परियोजनाएं	आधुनिकी-करण परियोजनाएं	पुनर्स्थापन, सन्तुलन उपस्कर आदि के लिए सहायता	जोड़
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
परियोजनाओं की संख्या	203	40	135	68	446
I प्रवर्तक योगदान					
—शेयर पूंजी	549.70	102.87	29.53	10.38	692.48
	(15.9%)	(19.5%)	(3.8%)	(4.2%)	(13.8%)
—अप्रतिभूत गौण ऋण	9.40	12.65	7.86	3.68	33.59
	(0.3%)	(2.4%)	(1.0%)	(1.5%)	(0.7%)
—आन्तरिक प्रोद्भूत, आदि	138.67	89.41	168.70	50.95	447.73
	(4.0%)	(17.0%)	(21.5%)	(20.8%)	(8.9%)
II दीर्घकालीन ऋण प्रदान करने वाले संस्थान अर्थात् भाऔविनि, भाऔविबैंक, भाऔसानिनि एवं भाऔपुबैंक द्वारा सहायता					
—ऋण तथा अग्रिम	1,882.63	286.37	532.93	124.02	2,825.95
	(54.5%)	(54.3%)	(67.7%)	(50.5%)	(56.4%)
—इक्विटी सहायता	219.02	5.68	6.81	2.83	234.34
	(6.3%)	(1.1%)	(0.8%)	(1.2%)	(4.7%)
III निवेश संस्थानों अर्थात् जीबीनि, साबीनि और भायूट्र द्वारा सहायता					
—ऋण तथा अग्रिम	19.40	0.90	9.53	11.22	41.05
	(0.5%)	(0.2%)	(1.2%)	(4.6%)	(0.8%)
— इक्विटी सहायता	82.23	—	2.60	—	84.83
	(2.4%)		(0.3)		(1.7%)
IV (क) बैंकों द्वारा सहायता (दीर्घकालीन वित्त)	151.14	8.69	10.84	14.34	185.01
	(4.4%)	(1.6%)	(1.4%)	(5.8%)	(3.7%)
(ख) बैंकों आदि द्वारा इक्विटी सहायता	123.90	0.57	1.38	1.18	127.03
	(3.6%)	(0.1%)	(0.2%)	(0.5%)	(2.5%)
V. (क) राज्य स्तरीय संस्थानों द्वारा सहायता	6.53	1.00	—	0.10	7.63
	(0.2%)	(0.2%)	(—)	(—)	(0.1%)
(ख) इक्विटी सहायता	23.12	—	—	—	23.12
	(0.7%)	(—)	(—)	(—)	(0.5%)
VI अधिकारिक निर्गम	43.57	8.17	6.05	1.50	59.29
	(1.7%)	(1.5%)	(0.8%)	(0.6%)	(1.2%)
VII आस्थगित अदायगियां	(—)	7.28	1.70	0.25	9.23
		(1.4%)	(0.2%)	(0.1%)	(0.2%)

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
VIII विदेशी संस्थानों से ऋण . . .	105.40	(—)	(—)	(—)	105.40
. . . . .	(3.1%)	(—)	(—)	(—)	(2.1%)
IX अन्य	99.85	3.54	8.50	25.03	136.92
	(2.9%)	(0.7%)	(1.1%)	(10.2%)	(2.7%)
जोड़	3,454.56	527.13	786.43	245.48	5,013.60
. . . . .	(100%)	(100%)	(100%)	(100%)	(100%)

टिप्पणी : 1. कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े जोड़ के प्रतिशत के द्योतक हैं।

2. उपरोक्त में परियोजना लागत आदि में अधिव्यय को पूरा करने के लिए सहायता की मंजूरियों के मामले शामिल नहीं हैं।

पिछड़े जिलों की परियोजनाओं पर भाआवित्रि की सहायता का प्रभाव

2.72 प्रत्येक वर्ष भाआवित्रि की सहायता का लगभग 50% भाग पिछड़े जिलों (उद्योग-रहित जिलों सहित) में स्थापित परियोजनाओं को प्राप्त हो रहा है। 50 करोड़ रुपये तक की लागत वाली और उद्योग-रहित जिलों में स्थापित की जा रहीं नई परियोजनाओं को रियायती वित्त प्रदान किए जाने के अतिरिक्त उनकी निर्माण अवधि के दौरान 'परियोजना-विशिष्ट अवस्थापना सुविधाओं' के विकास के लिए ब्याज-मुक्त ऋण भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। परियोजना द्वारा उत्पादन आरम्भ किए जाने के बाद ही 'परियोजना-विशिष्ट अवस्थापना सुविधा ऋण', पर जो परियोजना लागत के 20% या 5.00 करोड़ रुपये, जो भी कम हो, तक सीमित है, पिछड़े जिलों की परियोजनाओं के रुपया ऋणों पर लागू ब्याज की रियायती दर लगती है। परियोजना-विशिष्ट अवस्थापना सुविधा पर व्यय के सम्बन्ध में प्रवर्तक अंशदान की अपेक्षा नहीं की जाती। इसके अतिरिक्त, परियोजना-विशिष्ट अवस्थापना सुविधा ऋण, परियोजना वित्तपोषण ऋण के अलावा है, अन्य शब्दों में, उद्योग-रहित जिले में स्थापित की जा रही नई परियोजना अधिकतम 10 करोड़ रुपये तक रियायती ऋण का लाभ उठा सकती है जिसमें से 5.00 करोड़ रुपये परियोजना वित्तपोषण के लिए और 5.00 करोड़ रुपये परियोजना-विशिष्ट अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए हो सकते हैं। उद्योग-रहित जिलों/औद्योगिक रूप से पिछड़े अन्य क्षेत्रों की परियोजनाओं को भाआवित्रि की सहायता का आर्थिक और सामाजिक प्रभाव का जायजा, स्थानीय लोगों के आर्थिक कल्याण में सुधार लाने तथा सामाजिक अवस्थापना सुविधाओं को मजबूत बनाने में इन परियोजनाओं द्वारा सृजित 'विकासात्मक सचेतना' से लगाया जा सकता है। पिछड़े क्षेत्रों की परियोजनाओं से न केवल प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध हुआ, बल्कि अनेक अति लघु और लघु स्तर की इकाइयों तथा विभिन्न व्यापारिक दुकानें, मरम्मत सर्विस, आदि की स्थापना से सर्वाधिक उल्लेखनीय रूप से पर्याप्त रूप में अप्रत्यक्ष रोजगार भी उपलब्ध हुआ है।

सहकारी क्षेत्र की परियोजनाओं को भाआवित्रि की सहायता का प्रभाव

2.73 इस कथन में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि सहकारी आन्दोलन ने भाआवित्रि के अवतरण से उद्योग में अपनी जड़ें जमाई हैं। अब तक 300 से अधिक औद्योगिक सहकारिताओं को भाआवित्रि की सहायता प्राप्त हुई है जिन्हें 379.43 करोड़ रुपये के ऋण सहायतार्थ प्रदान किये गये हैं। हालांकि, औद्योगिक क्षेत्र में सहकारी आन्दोलन के इतिहास में महाराष्ट्र अग्रणी रहा है, पर भाआवित्रि के लिए यह पर्याप्त संतोषजनक तथ्य है, कि सहकारी क्षेत्र के उद्यमों को इसकी सहायता और प्राथमिकता से सहकारी आन्दोलन को अन्य राज्यों में भी संवेग प्राप्त हुआ है। इस समय, भाआवित्रि की सहायता प्राप्त 301 सहकारिताओं में से 108 महाराष्ट्र में हैं और उसके बाद 39 उत्तर प्रदेश में, 27 कर्नाटक में, 24 आन्ध्र प्रदेश में, 23 गुजरात में, 19 तमिलनाडु में, 15 पंजाब में, 10 उड़ीसा में, 8 हरियाणा में, असम, बिहार और मध्य प्रदेश प्रत्येक में 5, केरल और राजस्थान प्रत्येक में 4, पश्चिम बंगाल में 2, पांडिचेरी में 2 और गोआ में एक है। चूंकि, औद्योगिक क्षेत्र की लगभग सभी सहकारिताएं या तो कृषि आधारित हैं या कृषि को उत्पादेय उपलब्ध करवाती हैं, अतः भाआवित्रि ने उद्योग में सहकारी आन्दोलन को प्रोत्साहन प्रदान करके जहां कृषि और उद्योग के बीच अच्छा तारतम्य विकसित करने में सफल रहा है, वहां ग्रामीण क्षेत्रों में, आर्थिक विकास को भी इसने प्रोत्साहित किया है।

2.74 ग्रामीण और/अथवा अर्ध-शहरी क्षेत्रों में स्थापित औद्योगिक सहकारिताओं ने, सहकारी आन्दोलन में ग्रामीणों के विश्वास को मजबूत बनाने और कृषि क्षेत्र की बचत को उत्पादक उपयोग के लिए जुटाने के अलावा बेहतर सड़कें बेहतर सिंचाई सुविधाएं, पीने के पानी की व्यवस्था, विद्यालय तथा स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना करके क्षेत्र की अर्थ-व्यवस्था में आमूल परिवर्तन किया है। चीनी सहकारिताएं अनेक अनुषंगी इकाइयों और सम्बद्ध उद्योगों,

जैसे औद्योगिक अल्कोहल के निर्माण के लिए डिस्टलरी, कन्फैक्शनरी इकाइयां, खोई आधारित कागज संयंत्र अथवा मिश्रित और दानेदार उर्वरकों का उत्पादन, आदि के प्रवर्तन में सहायक रही हैं। वस्त्र कताई सहकारिताओं ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में हैंडलूम के विकास के लिए अवसर प्रदान किए हैं। पठसन, उर्वरक, कृत्रिम रेशे, वनस्पति तेल, कोकोआ प्रोसैसिंग, कागज, औद्योगिक सम्पदा का विकास, आदि जैसे अनेक अन्य उद्योगों में सहकारी आन्दोलन का विस्तार, भाऔविनि से पर्याप्त वित्तीय सहायता से पिछले चार दशकों के दौरान समग्र देश में मध्यम और बड़े आकार की औद्योगिक सहकारिताओं द्वारा उपलब्ध सफलताओं और क्षमताओं का ज्वलन्त प्रमाण है।

(ख) संसाधन

2.75 भाऔविनि के संसाधन हैं, इसकी शेयर पूंजी रिजर्व, ऋणियों द्वारा ऋणों की पुनर्अदायगी, निवेशों, की बिक्री/विमोचन, बांड निर्गम द्वारा बाजार से उधार, भाऔविबैंक और केन्द्रीय सरकार से ऋण, विदेशी वित्तीय संस्थानों से प्राप्त विदेशी ऋण और अन्तरराष्ट्रीय पूंजी बाजारों से उधार। 1986-87 में भाऔविनि की संसाधन सम्बन्धी गतिविधियां निम्नानुसार हैं।

शेयर पूंजी

2.76 औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 4 की उप-धारा (1ख) की व्यवस्थाओं के अनुसार केन्द्रीय सरकार ने वर्ष के दौरान भा-औकिनि की प्राधिकृत पूंजी को 50 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 100 करोड़ रुपए करने की अनुमति प्रदान की। केन्द्रीय सरकार ने 12.50 करोड़ रुपए की सीमा तक अतिरिक्त शेयर पूंजी के निर्गम की भी अनुमति दी। तदनुसार, पिछले वर्ष निर्गमित शेयरों की ग्यारहवीं सीरीज की 2,500 रुपए प्रति शेयर बकाया राशि की वर्ष के दौरान मांग की गई तथा 12.50 करोड़ रुपए की राशि के लिए शेयर पूंजी के लिए अतिरिक्त निर्गम (बारहवीं सीरीज) किया गया जिसमें 3,000 रुपए प्रति शेयर की मांग की गई। 30 जून, 1987 की स्थिति के अनुसार भाऔविनि की प्रदत्त पूंजी 57.50 करोड़ रुपए हो गई जबकि जून, 1986 के अन्त में यह 45.00 करोड़ रुपए थी।

रिजर्व

2.77 30 जून, 1987 को समाप्त वर्ष के लाभ में से 37.81 करोड़ रुपए के अन्तरण से और ब्याज अन्तर-जन्य निधि में 1.16 करोड़ रुपए की निबल वृद्धि की व्यवस्था करने के बाद तथा छिलकारी आरक्षित निधि के 1.68 करोड़ रुपए की सीमा तक के उपयोग को ध्यान में रखने के पश्चात् भाऔविनि के रिजर्व 144.88 करोड़ रुपए से बढ़कर 182.17 करोड़ रुपए हो गए। यह भाऔविनि की प्रदत्त पूंजी से 124.67 करोड़ रुपए अधिक हो गये।

ऋणों की पुनर्अदायगी और निवेशों की बिक्री/विमोचन

2.78 वर्ष के दौरान, ऋणियों द्वारा मूलधन की अदायगी के रूप में निबल नकद प्राप्ति 111.52 करोड़ रुपए हुई जबकि यह पिछले वर्ष 101.11 करोड़ रुपए थी।

2.79 निवेशों की बिक्री/विमोचन से वर्ष के दौरान 1.50 करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई जबकि पिछले वर्ष यह 2.29 करोड़ रुपए थी।

2.80 1986-87 में (क) ऋणियों द्वारा ऋणों की पुनर्अदायगी, (ख) निवेशों की बिक्री/विमोचन, (ग) 2.19 करोड़ रुपए तक के ऋणों के इक्विटी शेयरों में संपरिवर्तन के रूप में 115.21 करोड़ रुपए की कुल प्राप्ति, पिछले वर्ष के 103.21 करोड़ रुपए की प्राप्ति की तुलना में 11.6% अधिक है।

बांड निर्गम

2.81 भाऔविनि ने अपने रुपया साधनों में वृद्धि करने के लिए तीन सार्वजनिक बांड निर्गम किए, अर्थात् 25 नवम्बर, 1986 को 145.50 करोड़ रुपए के 11% बांड 2001 (45वीं सीरीज), 10 मार्च, 1987 को 36.75 करोड़ रुपए के 11% बांड 2002 (46वीं सीरीज) और 27 मई, 1987 को 100 करोड़ रुपए के 11% बांड 2002 (47वीं सीरीज)। तीनों निर्गमों में पूर्ण अभिदान हुआ, निर्गमों की उक्त राशियों से अधिक अनुमत्य अतिरिक्त अभिदान सहित जिसको कि भाऔविनि द्वारा रोके रखा जा सकता था, वर्ष के दौरान, बांडों के निर्गम द्वारा जुटाई गई कुल निधियां 310.20 करोड़ रुपए रही जबकि पिछले वर्ष के दौरान बांडों के द्वारा 300.68 करोड़ रुपए की निधियां जुटाई गई थीं।

2.82 संचयी रूप से, जून, 1987 के अन्त तक भाऔविनि 47 बांड निर्गम सीरीज के माध्यम से बाजार उधारों से 1,863.69 करोड़ रुपए की राशि जुटा चुका था तथा 30 जून, 1987 तक 267.03 करोड़ रुपए के अंकित मूल्य के बांडों का विमोचन किया जा चुका था।

भाऔविबैंक और केन्द्रीय सरकार से उधार

2.83 वर्ष के दौरान भाऔविबैंक या केन्द्रीय सरकार से कोई ऋण नहीं लिया गया। लेकिन, वर्ष के दौरान भाऔविबैंक और केन्द्रीय सरकार को क्रमशः 7.50 करोड़ रूपए और 0.68 करोड़ रुपए पुनर्अदा किए गए जिसके परिणामतः 30 जून, 1987 की स्थिति के अनुसार भाऔविबैंक तथा केन्द्रीय सरकार से निबल बकाया उधार 77.75 करोड़ रुपए और 2.76 करोड़ रुपए से कम होकर क्रमशः 70.25 करोड़ रुपए तथा 2.08 करोड़ रुपए रह गए।

2.84 जहां तक ब्याज अन्तर-जन्य निधियों के अन्तर्गत ऋण का सम्बन्ध है, वर्ष के दौरान केन्द्रीय सरकार से

0.73 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई, और इस खाते में 0.38 करोड़ रुपए पुनर्अदा किए गए। अतः, केन्द्रीय सरकार को पुनर्देय ब्याज अन्तर-जन्य निधि के कुल ऋण 30 जून, 1987 की स्थिति के अनुसार 6.97 करोड़ रुपए के हो गए, जो 30 जून, 1986 की स्थिति के अनुसार 6.62 करोड़ रुपए के थे।

विदेशी मुद्रा ऋण

2.85 वर्ष के दौरान, क्रेदितांस्तल्त-फर-वाइडरफबाऊ (के०एफ०डब्ल्यू०) जर्मन संघीय मार्क ऋणों की कुल राशि 357.500 मिलियन हो गई जिसमें से भाऔविनि 30 जून, 1987 तक पात्र औद्योगिक संस्थाओं को 334.408 मिलियन जर्मन मार्क के उप-ऋण मंजूर कर चुका था। इसके अतिरिक्त जर्मन मार्क आवर्ती निधि से, जो कि जर्मन मार्क उप-ऋणियों से प्राप्त और के०एफ०डब्ल्यू० को उनकी पुनर्अदायगी होने तक, भारत सरकार के अनुमोदन से जर्मन मार्क में संपरिवर्तित राशियों का द्योतक है, 136.013 मिलियम मिलियन जर्मन मार्क के उप-ऋण मंजूर किए गए थे। 30 जून, 1986 की स्थिति के अनुसार के०एफ०डब्ल्यू० से भाऔविनि द्वारा लिए गए जर्मन मार्क ऋणों का बकाया शेष 197.671 मिलियन जर्मन मार्क था। वर्ष के दौरान, 15.443 मिलियन जर्मन मार्क के समकक्ष राशि का ऋण लिया गया और 6.527 मिलियन जर्मन मार्क की राशि के ऋण की पुनर्अदायगी की गई। 30 जून, 1987 की स्थिति के अनुसार के० एफ० डब्ल्यू से जर्मन मार्क में उधारों की बकाया राशि 206.587 मिलियन जर्मन मार्क थी, जो 30 जून, 1986 को तार-अन्तरण विक्रय दर पर 145.43 करोड़ रुपए के समकक्ष थी।

2.86 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में भाऔविनि द्वारा 15 मिलियन जर्मन मार्क की बांडों से प्राप्त राशि में भाऔवि बैंक से भागीदारी का उल्लेख किया था। यह राशि पूर्णतः वचनबद्ध हो गई, और 30 जून, 1987 तक इस लोन में से 3.646 मिलियन जर्मन मार्क संवितरित किए जा चुके थे।

2.87 वर्ष के दौरान, भाऔविनि ने एस०जी० वारबर्ग एण्ड कं० लन्दन (यू०के०) से 24 अक्तूबर, 1986 को पाउंड स्टर्लिंग ऋण लिया, जिसका 50 मिलियन अमरीकी डालर में विनिमय किया गया। इस ऋण पर लिबोर से 3/16% कम दर पर ब्याज लगेगा। यह ऋण भी 30 जून, 1987 की स्थिति के अनुसार उप-ऋणियों को पूर्णतः वचन-बद्ध हो चुका था।

2.88 संचयी किन्तु निवल रूप में 30 जून, 1987 की स्थिति के अनुसार भाऔविनि द्वारा लिये गये विदेशी मुद्रा वाणिज्यिक उधार 100 मिलियन अमरीकी डालर, 15 बिलियन जापानी येन और 15 मिलियम जर्मन मार्क थे।

निधियों के उपयोग

2.89 वित्तीय सहायता के संवितरण, बांडों की पुनर्अदायगी, उधारों की पुनर्अदायगी, लाभांश, कर की अदायगी तथा अन्य उपयोगों एवं अन्तिम नकद शेष के लिए निधियों की कुल आवश्यकता 1986-87 में कुल 808.08 करोड़ रुपए रही। निधियों की उपर्युक्त आवश्यकताएं (i) प्रदत्त शेयर पूंजी में 12.50 करोड़ रुपए की वृद्धि से, (ii) कराधान से पूर्व 61.62 करोड़ रुपए का लाभ अर्जन से, (iii) ऋणी संस्थाओं से ऋणों की मूलधन राशि की वसूलियों और निवेशों की बिक्री से 115.21 करोड़ रुपए, (iv) बांडों के निर्गम बाजार से 310.20 करोड़ रुपए के उधार से, (v) विदेशी मुद्रा में 96.53 करोड़ रुपए के समकक्ष उधार से, (vi) ब्याज अन्तर-जन्य निधियों के रूप में सरकार से 3.14 करोड़ रुपए की प्राप्ति से और (vii) 208.88 करोड़ रुपए के इति नकद शेष से पूरी की गई।

बकाया और अतिदेय राशियां

2.90 30 जून, 1987 की स्थिति के अनुसार 1,604 संस्थाओं से 2,117.10 करोड़ रुपए की ऋण सहायता बकाया थी। वित्तपोषित कम्पनियों के शेयरों और डिबेन्चरों में भाऔविनि की शेयरधारिता 72.83 करोड़ रुपए थी और 21.93 करोड़ रुपए की गारंटियां प्रवृत्त थीं।

2.91 वर्ष के अन्त में 260 संस्थाओं ने अदायगी में चूक की हुई थी और बकाया ऋण सहायता में उनकी कुल अतिदेय राशि (55.04 करोड़ रुपए मूलधन और 23.72 करोड़ रुपए ब्याज) 78.76 करोड़ रुपए थी। 30 जून, 1987 की स्थिति के अनुसार ये अतिदेय राशियां भाऔविनि के कुल बकाया ऋणों का लगभग 3.7% थीं।

2.92 वर्ष के दौरान, वसूली दर में मामूली 1% की ही वृद्धि हुई। हालांकि यह, पिछले वर्ष वसूली दर में उपलब्ध लगभग 7 प्रतिशत प्वाइंट वृद्धि के ऊपर थी।

2.93 वित्तपोषित संस्थाओं द्वारा देय राशियों की वसूली सहित उनके कार्यों के अनुवर्तन पर अग्रणीत संस्थान द्वारा अधिक ध्यान दिए जाने के लिए वित्तपोषित संस्थाओं के सम्बन्ध में ए०बी०सी० विश्लेषण धारणा आरम्भ की गई और उनकी स्थिति तथा हैसियत के आधार पर उन्हें विभिन्न श्रेणियों में रखा गया। वर्ष के दौरान आरम्भ की गई 'एकल बिन्दु संग्रह व्यवस्था' से आशा है कि अग्रणी संस्थान को यह सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी कि न केवल किसी एक अपितु सभी सम्बन्धित संस्थानों को देय राशियां वित्तपोषित संस्थाओं द्वारा समय पर अदा की जा रही हैं और समानुपातिक आधार पर इन्हें विभाजित किया जा रहा है। जान-बूझ कर चूक करने वाली ऋणी संस्थाओं की श्रेणी पर अधिक दबाव डालने के लिए वर्ष के दौरान लगातार अनुवर्तन उपाय किए गए। भाऔविनि के क्षेत्रीय, शाखा और अन्य कार्यालयों को वसूली लक्ष्य

प्राप्त करने में सक्रिय रूप से सम्बद्ध किया गया, और बकाया देयताओं की वसूली और/अथवा वित्तपोषित संस्थाओं के सामने आने वाली कठिनाइयों को समझने और दूर करने के उद्देश्य से निरीक्षण किए गए तथा तत्पश्चात् आवश्यकता अनुसार योजनाएं बनाई गई। वित्तपोषित संस्थाओं के बोर्डों के नामित निदेशकों के साथ भी समुचित सम्पर्क बनाए रखा गया, ताकि वे वित्तीय संस्थानों और सरकार को देय राशियों की अदायगी के मामलों को बोर्ड स्तर पर उठा सकें।

पुनर्स्थापन कार्यक्रम

2.94 लम्बे समय से समस्याओं का सामना कर रही इकाइयों के पुनर्स्थापन/पुनरुद्धार के लिए भाऔविनि के पुनर्स्थापन वित्त विभाग द्वारा उनका गहन अनुवर्तन किया गया। वर्ष के दौरान, पुनर्स्थापन वित्त विभाग ने भाऔविनि अग्रणी 4 मामलों में पुनर्स्थापन योजनाएं बनाईं, भाऔविनि अग्रणी चार मामलों में नियंत्रण हितप्रबन्धक वर्ग में परिवर्तन अनुमोदित किया तथा दो मामलों में कुछ राहतों और रियायतों के आधार पर देय राशियों के निपटान की व्यवस्था की। 7 मामलों में आधुनिकीकरण कार्यक्रम के कार्यान्वयन तथा राहतों और रियायतों के पैकेज सहित अतिरिक्त वित्तीय सहायता की मंजूरी पर आधारित पुनर्स्थापन योजनाएं तैयार की गई और 11 मामलों में भाऔविनि को ऋणदाता संस्थानों के और स्वयं अपने हितों की रक्षा और बचाव करने के दृष्टिकोण से ऋण वापस मांगने पड़े। अन्य मामलों में, सम्बन्धित अग्रणी संस्थान द्वारा अन्य संस्थानों के साथ संयुक्त रूप से पुनर्स्थापन कार्यक्रमों अथवा अन्य उचित कार्रवाई करने पर विचार किया जा रहा है।

रुग्णता का सामना करने के लिए उपाय

2.95 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में रुग्ण औद्योगिक कम्पनियां (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1985 का उल्लेख किया गया था। उद्योग के क्षेत्र में बढ़ती हुई रुग्णता का सामना करने की सरकारी नीति में यह अधिनियम युगान्तरकारी सिद्ध हुआ है। वर्ष के दौरान, उक्त अधिनियम की धारा 15 से 34 के सिवाय अन्य प्रावधान 12 जनवरी, 1987 से प्रभावी हो गए और धारा 15 से 34 तक के प्रावधान 15 मई, 1987 से प्रभावी हो गए। औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड भी 15 मई, 1987 से पूर्णतः कार्यरत हो गया।

2.96 औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड ने रुग्ण इकाइयों के मामले बोर्ड को भेजने के लिए उपायों की योजना तैयार करने और उपचारात्मक/सुधारात्मक कार्यवाही करने तथा पुनरुद्धार उपायों को अंतिम रूप देने के लिए वित्तीय निगमों के प्रधानों के साथ बैठकें कीं। इन विचार-विमर्श को ध्यान में रखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों को विस्तृत मार्ग-निदेशक सिद्धान्त जारी किए, जिनमें रुग्ण इकाइयों के पुनरुद्धार के मामले में उनके द्वारा अपनाए जाने वाले उपायों की सूचियां भेजी गई।

5—369GI/87

रुग्ण मामलों के सम्बन्ध में अपनाए जाने के लिए भाऔविनि के पुनर्स्थापन वित्त विभाग द्वारा भी इसी प्रकार की कार्यविधि अपनाई गई।

2.97 औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड ने 27 अप्रैल, 1987 को अपने नियम और विनियम घोषित किए तथा 27 मई, 1987 को औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड ने भाऔविनि को, अन्य वित्तीय संस्थानों के साथ, रुग्ण औद्योगिक कम्पनियां (विशेष उपबन्ध) अधिनियम, 1985 तथा औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण विनियम, 1987 के प्रावधानों के अनुसार एक परिचालन एजेन्सी के रूप में विनिर्दिष्ट किया।

बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों में समन्वय

2.98 वर्ष के दौरान, भारतीय रिजर्व बैंक ने, लघु और मध्यम तथा बड़े पैमाने के क्षेत्र में उद्योगों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने, कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के निर्धारण, आदि के मामले में बैंकों और वित्तीय संस्थानों में प्रभावशाली समन्वय सुनिश्चित करने के लिए मार्ग-निदेशक सिद्धान्त जारी किए। इसके अतिरिक्त, बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बीच समन्वय प्रक्रिया को सरल बनाने की दृष्टि से भारतीय रिजर्व बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों को विस्तृत मार्गदर्शक सिद्धान्त जारी किए जिनमें 'अन्य बातों के साथ-साथ, संभाव्यतः व्यावहार्य समझी जाने वाली रुग्ण इकाइयों के लिए बनाए गए पुनर्स्थापन कार्यक्रमों के अन्तर्गत अपनाए जाने वाली राहतों और रियायतों के प्रावधान के लिए मापदण्ड निर्धारित किए गए हैं। अनुवर्ती उपाय के रूप में और राष्ट्रीय वित्त एवं साख परिषद् की 24 दिसम्बर, 1986 को हुई प्रथम बैठक में दी गई सर्व-सम्मति के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक ने, बैंकों द्वारा वित्तीय संस्थानों के सहयोग से या उनकी भागीदारी के बिना, स्वस्थ एवं रुग्ण दोनों प्रकार की इकाइयों को दिए गए अग्रिमों से सम्बन्धित वर्तमान प्रणाली तथा मापदण्डों की जांच करने के लिए तथा निर्णय लेने की प्रक्रिया को तीव्र करने की दृष्टि से उपयुक्त सिफारिशें करने के लिए और ऋणियों को समय पर तथा पर्याप्त ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जनवरी, 1987 में कार्यकारी दल का गठन किया। इस दल ने, प्रारम्भ में, रुग्ण औद्योगिक इकाइयों के पुनर्स्थापन में वित्तीय संस्थानों और बैंकों के बीच समन्वय की समस्या पर ध्यान केन्द्रित किया। इस दल की सिफारिशों के आधार पर 25 जून, 1987 को भारतीय रिजर्व बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों को विस्तृत मार्ग-निदेशक सिद्धान्त जारी किए ताकि वे वित्तीय संस्थानों के साथ समन्वय तथा रुग्ण इकाइयों के लिए स्वीकृत रियायतों का शीघ्र कार्यान्वयन सुनिश्चित कर सकें। रुग्ण औद्योगिक कम्पनियां (विशेष उपबन्ध) अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के अनुसार यथा-स्वीकृत, मध्यम और बड़ी औद्योगिक इकाइयों के कार्य का अनुवर्तन करने में और संभाव्यतः व्यवहार्य रुग्ण इकाइयों के मामले में पुनर्स्थापन कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के क्षेत्र

में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा 'अग्रणी बैंक' और 'अग्रणी वित्तीय संस्थान' के लिए जारी किए गए नए मार्ग-निदेशक सिद्धान्तों के अन्तर्गत अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जानी है।

उद्योग व्यवहार्यता/बाजार अध्ययन

2.99 अनुभव से सिद्ध हो चुका है कि किसी औद्योगिक परियोजना को बनाने या बिगाड़ने में बाजार की प्रमुख भूमिका है। परियोजना के वास्तविक रूप में मूल्यांकन के लिए भी इसके व्यवहार्यता पैमाने और बाजार के सम्बन्ध में सूचना नितान्त आवश्यक है। अतः वित्तीय संस्थान समय-समय पर विभिन्न उद्योगों के सम्बन्ध में उद्योग व्यवहार्यता/बाजार अध्ययन करते हैं ताकि नई इकाइयों को वित्तपोषण के लिए अथवा विद्यमान इकाइयों के सम्बन्धित क्षेत्रों में विस्तार और विशाखन कार्यक्रमों को बढ़ाने के लिए नीतियां बनाई जा सकें।

2.100 वर्ष के दौरान, भाग्रौविबैंक के तत्वावधान में संस्थानों ने कागज, सीमेंट, चीनी, कास्टिक सोडा, विस्फोटक, एच०डी०पी०ई०/पी०पी० बुने हुए बोरे, ई०पी०ए०बी० एक्स० सिस्टम, पुश बटन टेलीफोन यन्त्र, फ्लूयोरेसेंट ट्यूबें और लैम्प, मल्टी-वाल पेपर सैक, मध्यम घनत्व वाले फाइबर बोर्ड, डिस्पोज़ेबल सिरिंज/कलैपसब्ल, प्लास्टिक ट्यूबें, सिरेमिक टाइलें, खाद्य ग्रेड चावल की भूसी का तेल, कम्प्यूटर, हल्के वाणिज्यिक वाहन, आटोमोबाइल टायर, बाल बेयरिंग्स, इस्पात टूल्स, मत्स्य-उद्योग, सोयाबीन प्रोसैसिंग, शीट ग्लास, आदि उद्योगों के विभिन्न उत्पादों के सम्बन्ध में अनेक बाजार मूल्यांकन अध्ययन किए। उपयुक्त में से कुछ अध्ययन विशेष रूप से चीनी, सोयाबीन प्रोसैसिंग, शीट ग्लास, आदि से सम्बन्धित अध्ययन भाग्रौविनि द्वारा किए गए।

2.101 भाग्रौविनि के बाजार सूचना प्रभाग को और अधिक मजबूत बनाने के लिए अब प्रयास किए जा रहे हैं ताकि परियोजना मूल्यांकन विभाग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उत्पाद/उद्योग के अनुसार अधिक संगत कम्प्यूटरीकृत सूचना आंकड़ा आधार बनाया जा सके, और नए उद्यमियों/उद्यमों को अवसर मार्गदर्शन उपलब्ध करवाया जा सके।

(ग) कार्य-परिणाम

2.102 वर्ष के लिए लाभ-हानि लेखा और 30 जून, 1986 की स्थिति के अनुसार तुलन-पत्र वाले लेखा-परीक्षित लेखों, जो कि इस रिपोर्ट के साथ अनुबद्ध हैं, से पता चलता है कि वर्ष 1985-86 के 48.81 करोड़ रुपए के मुकाबले इस वर्ष भाग्रौविनि का कर-पूर्व लाभ 61.62 करोड़ रुपए हो गया, जिससे 26.2% की वृद्धि परिलक्षित हुई। 18.14 करोड़ रुपए की कराधान व्यवस्था करने के बाद 1986-87 में निवल लाभ 43.48 करोड़ रुपए हुआ, जबकि 1985-86 में यह 34.18 करोड़ रुपये था। यह पिछले वर्ष के निवल लाभ से 27.2% अधिक है।

2.103 भाग्रौविनि के निदेशक बोर्ड द्वारा लाभ में से किए गए विनियोजन नीचे सारणी 13 में दिए गए हैं :—

सारणी 13 : निवल लाभ और विनियोजन

(करोड़ रुपये)

	इस वर्ष (जुलाई-जून)		पिछला वर्ष (जुलाई-जून)	
(1)		(2)		(3)
वर्ष के लिए निवल लाभ		43.48		34.18
विनियोजन				
निम्नलिखित को अन्तरित—				
(क) सामान्य आरक्षित निधि	10.82		9.04	
(ख) हितकारी आरक्षित निधि	1.50		1.50	
(ग) विशेष रिज़र्व [आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1) (viii) के अधीन)]	25.49		19.50	
		37.81		30.04
कर्मचारी कल्याण निधि को आवंटन		0.15		0.15
लाभांश की अदायगी		5.52		3.99
जोड़		43.48		34.18

2.104 सन्तोषजनक कार्य-परिणामों को देखते हुए भाग्रौविनि के निदेशक बोर्ड ने शेयरों पर 11% वार्षिक की दर से लभांश अदा करने का अनुमोदन किया, जबकि पिछले वर्ष यह 10% वार्षिक घोषित किया गया था।

कार्य परिणामों की प्रवृत्ति

2.105 30 जून, 1987 को समाप्त वर्ष को सम्मिलित करते हुए पांच वर्षों के भाग्रौविनि के कार्य-परिणाम सारणी 14 में संक्षेप में दिए गए हैं।

सारणी 14 : पांच वर्षों के दौरान भाग्रौविनि के कार्य-परिणाम

(करोड़ रुपये)

विवरण	30 जून को समाप्त वर्ष				
	1983 रु०	1984 रु०	1985 रु०	1986 रु०	1987 रु०
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
दिए गए उधारों पर ब्याज . . .	78.56	99.83	129.78	167.74	225.48
घटाइए : लिए गए उधारों की लागत . .	51.56	65.40	85.62	119.92	160.78
निवल ब्याज राजस्व	27.00	34.43	44.16	47.82	64.70
अन्य आय . .	4.86	5.14	5.22	9.40	8.00
निवल आय	31.86	39.57	49.38	57.22	72.70
व्यय					
—कार्मिक व्यय	3.09	3.57	4.44	4.85	6.55
—निवेशों से हानि . . .	0.44	0.14	0.19	0.37	0.18
—निदेशकों तथा समिति सदस्यों के शुल्क तथा व्यय	0.03	0.03	0.03	0.02	0.03
—अन्य व्यय व अनुदान	1.16	1.51	2.29	2.67	3.14
—मूल्य ह्रास	0.12	0.29	0.34	0.50	1.18
कर-पूर्व लाभ	27.02	34.03	42.09	48.81	61.62
कराधान	9.71	10.14	12.78	14.63	18.14
निवल लाभ	17.31	23.89	29.31	34.18	43.48
लाभांश (दर)	8.0%	8.5%	9.0%	10.0%	11.0

2.106 उपर्युक्त से स्पष्ट है कि—

*उधार कार्यों से प्राप्त ब्याज आय में 34.4% की वृद्धि हुई।

*"उधार लागत" में 34.0% की वृद्धि हुई।

*"निवल आय", "कर-पूर्व लाभ" और "निवल लाभ" में क्रमशः 27.0%, 26.2% और 27.2% की वृद्धि हुई।

*उधार लागत जो 1985-86 में "उधारों पर ब्याज आय" का 71.5% थी, 1986-87 में 71.3% हो गई।

*निवल आय की प्रतिशतता के रूप में कर-पूर्व लाभ 1986-87 में 84.7% रहा, जो पिछले वर्ष 85.3% था।

*निवल आय की प्रतिशतता के रूप में निवल लाभ 1986-87 में 59.8% रहा, जो पिछले वर्ष 59.7% था।

वित्तीय स्थिति

2.107 30 जून, 1987 की स्थिति के अनुसार परिसम्पत्तियों और देयताओं की स्थिति सहित पांच वर्षों के भाग्रौविनि के तुलन-पत्र के अनुसार वित्तीय स्थिति सारणी 15 में दी गई है।

सारणी 15 : पांच वर्षों के दौरान भाऔविनि की परिसम्पत्तियों तथा देयताओं की स्थिति (करोड़ रुपये)

विवरण	30 जून को समाप्त वर्ष 1983 रु०	1984 रु०	1985 रु०	1986 रु०	1987 रु०
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
परिसम्पत्तियां					
नकद व बैंक शेष	39.83	53.68	142.13	208.88	137.00
निवेश					
—सहायता प्राप्त संस्थाओं में	44.60	52.25	57.16	58.68	72.83
—अन्य संस्थानों में	1.21	1.21	0.21	0.21	2.81
सहायता प्राप्त संस्थाओं को ऋण	864.73	1,054.93	1,307.31	1,649.11	2,117.10
परिसर, उपकरण तथा अन्य परिसम्पत्तियां	34.96	44.46	65.68	93.25	132.73
स्वीकृतियों के लिए ग्राहक देयताएं	2.40	4.11	7.87	17.88	21.93
	987.73	1,210.64	1,580.36	2,028.01	2,484.40
देयताएं					
उधार					
(क) बांड	689.30	881.54	1,107.00	1,452.88	1,729.40
(ख) सरकार तथा भा०औ०वि० बैंक से	96.60	93.24	124.70	80.51	72.33
(ग) विदेशी मुद्राओं में	59.67	62.76	94.25	169.87	292.75
चालू देयताएं और प्रावधान	46.90	49.39	92.36	110.74	120.29
निर्धारित निधियां	3.43	4.01	4.86	6.25	8.03
स्वीकृतियों पर देयता	2.40	4.11	7.87	17.88	21.93
	898.30	1,095.05	1,431.04	1,838.13	2,244.73
निम्नलिखित के रूप में निवल मूल्य					
शेयर पूंजी	22.50	27.50	35.00	45.00	57.50
रिजर्व तथा आरक्षित निधि	66.93	88.09	114.32	144.88	182.17
ऋण : इक्विटी	9.5:1	9.0:1	8.9:1	8.9:1	8.7:1
निवल मूल्य : निवल लाभ	5.2:1	4.8:1	5.1:1	5.6:1	5.5:1

लेखा-परीक्षा रिपोर्ट

2.108 औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 34(1) की व्यवस्थाओं के अनुसार भाऔविबैंक द्वारा 1986-87 के लिए मैसर्स एन०एम० रायजी एंड कं०, सनदी लेखापाल, बम्बई को सांविधिक लेखा-परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया। भाऔविबैंक से भिन्न, भाऔविनि के शेयरधारियों ने मैसर्स टी०आर० चड्ढा एण्ड कं०, सनदी लेखापाल, नई दिल्ली को उसी अवधि के लिये लेखा-परीक्षक चुना। औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 34(3) की व्यवस्थाओं के अनुसार वर्ष 1986-87 के लिए लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट इस वर्ष के लेखे के साथ संलग्न है। आय-कर अधिनियम, 1961 (वित्त अधिनियम 1984 द्वारा यथा संशोधित) की धारा 44(कख) के अनुसार 30 जून, 1987 को समाप्त अवधि के लिए भाऔविनि की कर लेखा-परीक्षा करने के लिए मैसर्स टाकुर वैद्यनाथ अय्यर एंड कं०, सनदी लेखापाल, नई दिल्ली, कर लेखा-परीक्षक के रूप में नियुक्त रहे।

अध्याय 3

उत्प्रेरक दायित्व-नये आयाम

भाऔविनि का उत्प्रेरक दायित्व

3.01 कई वर्षों से, भाऔविनि के उत्प्रेरक दायित्व ने एक अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है। भाऔविनि द्वारा विभिन्न सहायक उपायों जैसे विशेषत: लघु और मध्यम क्षेत्र की परियोजनाओं के अभि-निर्धारण, संवर्धन, आयोजन और निष्पादन के लिए गैर-वित्तीय उपादेय उपलब्ध कराना, उद्यमीयता के आधार को विस्तृत करना, उद्योग के प्रौद्योगिकीय आधार में सुधार, प्रबंध दक्षताओं के विकास और उन्नयन में सहायता करना, उद्योग-रहित जिलों के विकास पर विशेष ध्यान देते हुए संतुलित क्षेत्रीय विकास, ग्रामीण विकास की वृद्धि, और अति लघु, लघु, सहायक और मध्यम आकार के उद्योगों के विकास पर विशेष बल देते हुए स्व-नियोजन के अवसरों के सृजन, आदि, के लिए इसकी उत्प्रेरक भूमिका और औद्योगिक विकास की सम्पूर्ण प्रक्रिया में इसके योगदान के प्रभावपूर्ण प्रमाण हैं।

प्रवर्तन गतिविधियां—समीक्षा

3.02 वर्ष 1986-87 में भाऔविनि प्रवर्तन गतिविधियों का मुख्य जोर, देश में उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों को सहायता और गति प्रदान करना, अधिक और उदार जोखिम सहायता प्रदान करते हुए उद्यमीयता आधार को विस्तृत करना, तकनीकी परामर्श संगठनों की सहायता करना और देश में प्रबन्ध विकास के प्रयोजन हेतु सहायता करने, पर रहा। भाऔविनि की प्रवर्तन योजनायें निरन्तर आधुनिकीकरण, विपणन-अनुसंधान, विपणन सहायता, प्रदूषण नियंत्रण आदि सहित ग्रामीण, कुटीर, अति लघु और लघु क्षेत्र के उद्योगों को प्रोत्साहित, उद्योगों के प्रौद्योगिकीय अनुसंधान और विकास के संवर्धन को उत्प्रेरित और इससे भी अधिक भौतिक और मानव संसाधनों की उत्पादकता में वृद्धि के साथ-साथ महिला उद्यमियों और समाज के कमजोर वर्गों से सम्बन्धित उद्यमियों को सहायता प्रदान करती रही।

3.03 वर्ष के दौरान, विभिन्न प्रवर्तन गतिविधियों के लिए उपयोग की गई राशि 446.06 लाख रुपए रही जो कि पिछले वर्ष उपयोग की गई 206.29 लाख रुपए की राशि से 61.4% अधिक है। आगामी पृष्ठों पर सारणी 16 और 17 में भाऔविनि द्वारा इसकी प्रवर्तन गतिविधियों के लिए उपयोग की गई राशि तथा जिन स्रोतों से इसे जुटाया गया, का ब्यौरा दिया गया है।

प्रवर्तन योजनाएं

3.04 वर्ष के दौरान, भाऔविनि ने लघु आकार के क्षेत्रों में गुणवत्ता नियंत्रण उपायों के लिए ब्याज उप-सहायता देने की एक और प्रवर्तन योजना प्रारम्भ की, जिसने परिणामस्वरूप जून, 1987 के अंत में भाऔविनि स्वयं अपने सामर्थ्य पर निम्नलिखित सात सलाहकारी शुल्क उप-सहायता योजनाएं, चार ब्याज उप-सहायक योजनाएं और एक सहायता योजना चला रहा था :—

सारणी 16 : प्रवर्तन गतिविधियों पर भाऔविनि द्वारा उपयोग की गई राशि (रुपये लाखों में)

भाऔविनि द्वारा सहायता प्रदान की गई गतिविधियों का स्वरूप	1986-87 (जुलाई-जून) राशि रुपये		1987	30 जून, तक संचयी राशि रुपये
(1)		(2)		(3)
(i) प्रवर्तन योजनाएं				
—उप-सहायता	30.08		229.08	
—ऋण सहायता	—	30.08	23.50	252.58
(ii) औद्योगिक क्षमता सर्वेक्षण				
उद्योग रहित जिलों सहित पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए		1.09		9.25
(iii) तकनीकी सलाहकारी संगठनों के लिए सहायता				
—तकनीकी सलाहकारी संगठन	0.27		56.05	
—औद्योगिक परामर्शदाताओं की निर्देशिका	—	0.27	0.43	56.48
(iv) जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान के माध्यम से जोखिम पूंजी सहायता के लिए मदद		213.00		982.92
(v) प्रबन्ध विकास संस्थान आदि की प्रबन्ध विकास गतिविधियों के लिए मदद		149.44		630.53

(1)	(2)		(3)	
(vi) उद्यमीयता विकास के लिए सहायता				
——उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों की लागत में हिस्सेदारी	9.03		27.01	
——भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान को सहायता	29.75		72.50	
——उद्यमीयता विकास संस्थानों को सहायता	8.50	47.28	8.50	108.01
(vii) अनुसंधान आदि का प्रवर्तन				
——भाऔविनि पीठें	1.90		25.18	
——विशेष अनुसंधान अध्ययन रिपोर्टें आदि	——		10.63	
——इण्डियन इकनॉमिक जर्नल को सहायता	——	1.90	0.10	35.91
(viii) अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों और सेमिनारों के लिए सहायता				
——ग्रामीण विकास पर अन्तरराष्ट्रीय प्रतिपादन	——		1.00	
——गुट निरपेक्ष और अन्य विकासशील राष्ट्रों के लिए अनुसन्धान और सूचना व्यवस्था	3.00		5.00	
——विश्व आर्थिक कांग्रेस	——	3.00	4.00	10.00
(ix) पुनश्चर्या कार्यक्रम और राज्य स्तरीय संस्थानों को सहायता				4.30
(x) अन्य				
(परियोजना के प्रत्यक्ष वित्त के लिए प्रयुक्त)		——		59.36
जोड़		446.06		2,149.34

सारणी 17 : भाऔविनि की प्रवर्तन गतिविधियों के लिये वित्तीय स्रोत (लाख रुपये)

निधि	1986–87 (जुलाई–जून) राशि रुपये	30 जून 1987 तक संचयी राशि रुपये
(1)	(2)	(3)
हितकारी आरक्षित निधि (औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 32ख के अधीन भाऔविनि के लाभों में से बनाई गई)	168.04	484.00
ब्याज अन्तर्-जन्य निधियां (भाऔविनि, ऋदितांस्तल्त फर वाइडरफबऊ, भारत सरकार और जर्मन संघीय गणराज्य की सरकार के बीच हुए करारों की शर्तों के अधीन के०एफ०डब्ल्यू० ऋणों के लिए भाऔविनि द्वारा अदा किए गए ब्याज में से भारत सरकार से प्राप्त धन के द्योतक है)	278.02	1,665.34
जोड़	446.06	2,149.34

शुल्क उप-सहायता योजनाएं, चार ब्याज उप-सहायता योजनाएं और एक सहायता चला रहा था:—

सलाहकारी शुल्क उप-सहायता योजनाएं

— व्यवहार्यता अध्ययन, आदि की लागत को पूरा करने के लिए ग्रामीण, कुटीर, अति लघु और लघु क्षेत्र के लघु उद्यमियों को उप-सहायता देना।

— सहायक और लघु क्षेत्र के उद्योगों के प्रवर्तन के लिए उप-सहायता योजना।

— बाजार अनुसंधान/सर्वेक्षण आदि लागत को पूरा करने के लिए नए उद्यमियों को उप-सहायता योजना।

— लघु क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों को बाजार सहायता उपलब्ध कराने के लिए उप-सहायता योजना।

— अति लघु तथा लघु क्षेत्र में रुग्ण इकाइयों के पुनर्स्थापन के लिए उप-सहायता योजना।

— अति लघु, लघु और सहायक इकाइयों के आधुनिकीकरण कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने के लिए उप-सहायता योजना।

— लघु और मध्यम स्तर की औद्योगिक इकाइयों में प्रदूषण नियंत्रण के लिए उप-सहायता योजना।

ब्याज उप-सहायता योजनाएं

— बेरोजगार युवा व्यक्तियों के लिये स्व-विकास और स्व-नियोजन योजना।

— महिला उद्यमियों के लिए ब्याज उप-सहायता योजना।

— लघु क्षेत्र में गुणवत्ता नियंत्रण उपायों को प्रोत्साहित करने के लिए ब्याज उप-सहायता योजना।

— देशी तकनीक को ग्रहण करने को प्रोत्साहित करने के लिए ब्याज उप-सहायता योजना।

सहायता योजना

— आन्तरिक अनुसंधान और विकास प्रयासों के माध्यम से टेक्नोलॉजी विकास के लिए सहायता योजना।

3.05 सलाहकारी शुल्क उप-सहायता योजनाओं का उद्देश्य तकनीकी सलाहकारी संगठनों के माध्यम से अति लघु, लघु तथा सहायक क्षेत्रों की औद्योगिक इकाइयों को कम दर पर सलाहकारी सेवाएं उपलब्ध कराना है। ब्याज उप-सहायता योजनाओं का लक्ष्य बेरोजगार युवाओं और महिलाओं को प्रोत्साहन देना, गुणवत्ता नियंत्रण उपायों को ग्रहण करना, उपलब्ध देशीय प्रौद्योगिकी को काम में लाना है; और जहां तक लघु क्षेत्र में इन योजनाओं के परिचालन का सम्बन्ध है, इन का संचालन राज्य वित्तीय निगमों के माध्यम से किया जा रहा है। सहायता योजना, अर्थात् आन्तरिक अनुसंधान और विकास प्रयासों के माध्यम से प्रौद्योगिकी विकास योजना, भाऔविनि स्वयं संचालित कर रहा है।

प्रवर्तन योजनाओं के अधीन उप-सहायता और ऋण प्रदान करने के माध्यम से सहायता

3.06 वर्ष के दौरान, भाऔविनि ने अपनी प्रवर्तन योजनाओं के अधीन 30.08 लाख रुपये की उप-सहायता का संवितरण किया, जिससे 1,132 परियोजनाओं को लाभ हुआ, जिनमें अधिकतर लघु और सहायक उद्योग क्षेत्र की हैं। पहली बार वर्ष के दौरान लघु क्षेत्र की इकाइयों को बाजार सहायता, लघु क्षेत्र की इकाइयों के आधुनिकीकरण कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए उप-सहायता और महाराष्ट्र में एक महिला उद्यमी को ब्याज उप-सहायता प्रदान की गई। 30 जून, 1987 तक भाऔविनि द्वारा संचयी रूप से, अपनी प्रवर्तन योजनाओं के अधीन उप-सहायता ऋणों के रूप में 252.58 लाख रुपये की सहायता का संवितरण कर चुका था, जिससे 5,180 औद्योगिक इकाइयां लाभान्वित हुई थीं, जिनमें से अधिकतर लघु और सहायक औद्योगिक क्षेत्रों से सम्बन्धित थीं।

श्रेणी 'क' (उद्योग रहित/विशेष क्षेत्र) जिलों के औद्योगिक क्षमता सर्वेक्षणों के लिए सहायता

3.07 उद्योग रहित/विशेष क्षेत्र जिलों के लिए संस्थानात्मक गहन विकास प्रयास कार्यक्रम के अधीन पिछले वर्ष तक 47 उद्योग रहित जिलों/विशेष क्षेत्र जिलों के लिए औद्योगिक क्षमता सर्वेक्षण कार्य सौंपे जा चुके थे। वर्ष के दौरान, भाऔविनि बैंक द्वारा अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों की ओर से एक तकनीकी सलाहकारी संगठन को एक और उद्योग रहित जिले/विशेष क्षेत्र जिले की औद्योगिक क्षमता सर्वेक्षण का कार्य सौंपा गया। वर्ष 1986-87 के अन्त तक तकनीकी सलाहकारी संगठनों से 45 उद्योग रहित जिलों/विशेष क्षेत्र जिलों के सम्बन्ध में रिपोर्टें प्राप्त हो चुकी थीं, जिनके आधार पर 122 परियोजना विचारों को भाऔविबैंक, भाऔविनि और भाऔसानिनि के वरिष्ठ अधिकारियों को एक छानबीन समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जा चुका था, जिनसे 362.83 करोड़ रुपये का निवेश होने तथा लगभग 19,591 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। इन परियोजना विचारों को आवश्यक कार्यान्वयन के लिए संबंधित राज्य सरकारों/राज्य स्तर की प्रवर्तन एजेंसियों को भेज दिया गया था। 22 परियोजना विचारों के लिए उद्यमियों का अभिनिर्धारण किया जा चुका था और वर्ष के अन्त में उनकी कार्यान्वयन योजनाएं पूरी किए जाने हेतु विभिन्न अवस्थाओं में थीं।

तकनीकी सलाहकारी सेवाओं के लिए सहायता

3.08 वर्ष 1986-87 के आरम्भ तक, सत्रह तकनीकी सलाहकारी संगठन—भाऔवि बैंक के अग्रणी दायित्व में आठ, भाऔविनि के अग्रणी दायित्व में पांच, भाऔसानिनि के अग्रणी दायित्व में तीन और कर्नाटक राज्य सरकार द्वारा प्रवर्तित एक—विशेषकर ग्रामीण, अति लघु, लघु और मध्यम स्तर की औद्योगिक इकाइयों, उद्यमियों, राज्य सरकारों, राज्य स्तर की वित्तीय और प्रवर्तन एजेंसियों आदि को परामर्श एवं उद्यमीयता विकास के क्षेत्र में विस्तृत सेवाएं प्रदान कर रहे थे। इन तकनीकी सलाहकारी संगठनों ने

1986-87 के दौरान कुल मिलाकर 3,509 दस्तकार्य पूरे किए थे, और संचयी रूप से 30 जून, 1987 तक 23,826 दस्तकार्य पूरे किए जा चुके थे, जिनका विवरण नीचे सारणी 18 में दिया गया है :—

सारणी 18 : सभी तकनीकी सलाहकारी संगठनों की प्रगति का सार

दस्तकार्यों की प्रगति	पूरे किये गए दस्तकार्यों की संख्या	
	1986-87 (जुलाई-जून)	प्रत्येक तकनीकी सलाहकारी संगठन के आरम्भ से 30 जून, 1987 तक
(1)	(2)	(3)
I. निवेश-पूर्व सलाहकारी दस्तकार्य		
—व्यवहार्यता, व्यवहार्यता-पूर्व अध्ययन/परियोजना रिपोर्टें, आदि	1,829	10,055
—औद्योगिक सम्भावना/क्षेत्र विकास सर्वेक्षण	43	425
—बाजार सर्वेक्षण	110	435
—परियोजना रूपरेखा	947	7,605
—प्रारम्भिक तथ्य निरूपण अध्ययन	6	92
—मूल्यांकन	29	988
—अन्य	184	1,626
उप-जोड़ (i)	3,148	21,226
II. निवेश-पश्चात् सलाहकारी दस्तकार्य		
—निदानात्मक अध्ययन	78	697
—रुग्ण इकाइयों का पुनर्स्थापन	74	406
—अन्य	53	851
उप-जोड़ (ii)	205	1,953
टर्नकी दस्तकार्य/कार्यात्मक औद्योगिक काम्पलैक्स, आदि	14	56
IV. उद्यमीयता विकास कार्यक्रम	142	591
कुल जोड़ (I—II—III—IV)	3,509	23,826

3.09 अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा स्थापित 16 तकनीकी सलाहकारी संगठनों (कर्नाटक सरकार द्वारा प्रवर्तित तकनीकी सलाहकारी संगठन को छोड़कर) का कुल सलाहकारी कारोबार 1981-82 में 142 लाख रुपये था, जो 1985-86 में बढ़कर 363 लाख रुपये हो गया, जिसकी वार्षिक चक्रवृद्धि विकास दर 21% बैठती है। तकनीकी सलाहकारी संगठनों द्वारा अर्जित की गई सम्पूर्ण अधिशेष राशियां इस अवधि के दौरान 3.31 लाख रुपये से बढ़कर 12.68 लाख रुपये हो गई जिससे उनके परिचालनों की बेहतर व्यावहार्यता परिलक्षित होती है।

3.10 तकनीकी सलाहकारी संगठनों के गुणनात्मक निष्पादन से भी अधिक प्रभावपूर्ण तथ्य यह है कि उन्होंने ग्रामीण, अति लघु, लघु और लघु मध्यम स्तर की औद्योगिक इकाइयों को रियायती सलाहकारी सेवाएं प्रदान करते हुए सलाहकारी संस्कृति का विकास किया है। सातवीं पंचवर्षीय योजना के लक्ष्यों के अनुरूप, अधिकांश तकनीकी सलाहकारी संगठनों ने वर्ष के दौरान, लघु क्षेत्र की चुनी हुई इकाइयों के प्रौद्योगिकीय उन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए समेकित कार्यक्रम बनाए हैं। इन कार्यक्रमों के अधीन विभिन्न राज्यों में प्रमुख लघु क्षेत्र के उद्योगों के

विशेष उप-क्षेत्रों का अध्ययन किया गया, ताकि उनकी आधुनिकीकरण आवश्यकता का अभिनिर्धारण किया जा सके और आधुनिकीकरण कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए एक-मुश्त सेवाएं निर्धारित की जा सकें।

3.11 वर्ष के दौरान, उत्तर-पूर्वी औद्योगिक कंसलटेन्ट्स् लिमिटेड (नेकान) नामक एक नये तकनीकी सलाहकारी संगठन की स्थापना की गई, जो विशेषत: मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा के उद्यमियों को सलाहकारी सेवाएं प्रदान करेगा। जुलाई, 1973 में स्थापित उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के विद्यमान तकनीकी सलाहकारी संगठन, अर्थात्, उत्तर-पूर्वी औद्योगिक और तकनीकी सलाहकारी संगठन लिमिटेड (नीटको) अब असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश की आवश्यकताओं को समग्र रूप से सेवाएं प्रदान करेगा।

3.12 भाआविनि का वर्ष के दौरान तकनीकी सलाहकारी संगठनों के गुणात्मक पहलुओं में सुधार करने, उचित बोध का विकास करने और सातवीं योजना अवधि और उसमें निर्दिष्ट लक्ष्यों के साथ सह-सामंजस्य के अनुरूप उनकी नियमित परियोजनाओं की संरचना करने में सहायता करने और विशेषकर, ग्रामीण और लघु उद्योग क्षेत्रों में उद्योगों के विकास में, इसके लक्ष्यों को पूरा करने पर लगातार जोर रहा। वर्ष के दौरान, 13 मार्च, 1987 को भाआविबैंक के तत्वावधान में तकनीकी सलाहकारी संगठनों के प्रबन्ध निदेशकों का एक सम्मेलन भी आयोजित किया गया, जिसमें भाआविबैंक, भाआविनि और भाआसानिनि के अध्यक्षों ने भाग लिया और अपने प्रवर्तित तकनीकी सलाहकारी संगठनों के लिए उचित निदेश एवं मार्ग-दर्शन देने में सहायता की। तकनीकी सलाहकारी संगठनों के प्रबंध निदेशकों के सम्मेलन में एक महत्वपूर्ण निर्णय यह लिया गया, कि यद्यपि प्रत्येक तकनीकी सलाहकारी संगठन स्वतंत्र रूप से अपनी परिचालनात्मक नीतियां और योजना बना सकता है, परन्तु यह सुनिश्चित करना अत्यन्त आवश्यक है, कि प्रत्येक तकनीकी सलाहकारी संगठन के कुल सलाहकारी कारोबार में लघु क्षेत्र के उद्योग का अंशदान संख्यावार 75% और सलाहकारी आय-वार 35% से कम न हो। यह विचारा गया है कि इससे तकनीकी सलाहकारी संगठन अपनी वाणिज्यिक व्यावहार्यता बनाए रख सकेंगे, और साथ ही उन क्षेत्रों के लघु उद्यमियों को उस दर पर सलाहकारी सेवाएं अर्पित कर सकेंगे, जिस दर पर संभवत: अन्य सलाहकार सेवाएं प्रदान न कर सकें। सम्मेलन में कम्प्यूटर की मदद से बेहतर लेखा सम्बन्धी आन्तरिक कार्य, डाटा मेनेजमेंट, परिचालनों के यांत्रिकीकरण की आवश्यकता पर भी बल दिया गया, ताकि तकनीकी सलाहकारी संगठन गुणात्मक रूप से बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकें।

औद्योगिक परामर्शदाताओं की निर्देशिका

3.13 भाआविबैंक के अग्रणी दायित्व में अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों ने औद्योगिक सलाहकारों का पेनल बनाये रखा, और उन्हें औद्योगिक परामर्शदाता निर्देशिका में सूचीबद्ध करते रहे। वर्ष के दौरान, 77 नए परामर्शदाताओं को इस सूची में शामिल किया गया और पहले से सूचीबद्ध 26 परामर्शदाताओं को अतिरिक्त क्षेत्रों में शामिल किया गया। इससे, 30 जून, 1987 तक निर्देशिका में सूचीबद्ध परामर्शदाताओं की कुल संख्या 654 हो गई।

जोखिम पूंजी वित्त के लिए सहायता

3.14 भाआविनि द्वारा 1975 में प्रवर्तित जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान ने प्रथम पीढ़ी के उद्यमियों को जोखिम पूंजी सहायता के रूप में ब्याज-मुक्त व्यक्तिगत ऋण प्रदान करने में अपनी सेवा के 11 वर्ष पूरे कर लिए। सारणी 19 में, 31 दिसम्बर, 1986 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष, इसके बाद 30 जून 1987 को समाप्त हुए अर्ध-वर्ष की अवधि और इसके प्रारम्भ से लेकर 30 जून, 1987 तक के जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान के परिचालनों का संक्षिप्त विवरण दिया गया है।

सारणी 19 : जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान की मंजूरियां और संवितरण

जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान की जोखिम पूंजी सहायता से सम्बन्धित विवरण	1986 (जनवरी-दिसम्बर)	1987 (जनवरी-जून)	30 जून 1987 तक संचयी
(1)	(2)	(3)	(4)
(i) मंजूर की गई परियोजनाएं (संख्या)	20	14	127
(ii) उपर्युक्त (1) से सम्बन्धित उद्यमी (संख्या)	37	21	213
(iii) निवल मंजूरियां (लाख रुपये)	302.84	200.50	1,404.18
(iv) संवितरण (लाख रुपये)	267.77	81.25	974.49

3.15 वर्ष 1986 के दौरान जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान द्वारा की गई मंजूरियां और संवितरण पिछले वर्षों की तुलना में सर्वाधिक ऊंचे रहे। प्रथम पीढ़ी के उद्यमियों की सहायता करते हुए जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान निस्सन्देह देश में उद्यमीयता के आधार को सशक्त एवं विस्तृत करने में समर्थ रहा है।

3.16 अपने हितोपभोगियों से विचारों का आदान प्रदान करने, उनकी समस्याओं को समझने और सहायता का मूल्यांकन करने के लिए जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान ने वर्ष के दौरान, 9 सितम्बर, 1986 को अपने हितोपभोगियों का दूसरा सम्मेलन आयोजित किया। इस सम्मेलन में बहुत से हितोपभोगियों और प्रतिष्ठित आमन्त्रित व्यक्तियों ने भाग लिया। उस विचार-विमर्श और जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान द्वारा अपने परिचालनों के दौरान प्राप्त हुए अनुभव के आधार पर वर्ष के दौरान, योजना को और उदार बनाकर कुछ और परिवर्तन किए गए, जो इस प्रकार है :

(i) प्रत्येक आवेदन पर 2,000— रुपये के आवेदन शुल्क की अदायगी की अपेक्षा समाप्त कर दी गई।

(ii) हितोपभोगियों को दी गई जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान की सहायता हेतु संपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में उनके जीवन पर ली जाने वाली बंधक विमोच्य बीमा पालिसियां लेने की प्रक्रिया भी समाप्त कर दी गई।

(iii) जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान से सहायता के लिए पात्र परियोजना लागत की निम्न सीमा 3 करोड़ रुपये से घटाकर 2 करोड़ रुपये कर दी गई।

(iv) विशेष मामलों में, जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान ऐसे प्रवर्तकों के आवेदनों पर भी विचार कर सकता है, जिन्हें परियोजना लागत में वृद्धि के वित्तपोषण के लिए उनके द्वारा लगाए जाने वाले प्रवर्तक अंशदान के भाग को पूरा करने या विशाखन करने या परियोजना की सम्पूर्ण व्यावहार्यता में सुधार करने के लिए अपनी औद्योगिक इकाइयों के विस्तार के लिए पहले से ही सहायता नहीं दी गई हो। विशेष मामलों के लिए, जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान गुणावगुण आधार पर ऋण दे सकेगा ताकि प्रवर्तकों द्वारा चलाए गए विस्तार/विशाखन कार्यक्रमों की लागत के भाग को वित्तपोषित करने के लिए उनकी कम्पनियों द्वारा जारी की गई अतिरिक्त इक्विटी पूंजी में अपने 'अधिकारिक निर्गम' में अंशदान करने में समर्थ हो सकें।

(v) प्राईवेट लिमिटेड कम्पनियों को भी जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान से आवेदन करने की अनुमति दी गई बशर्ते कि वे स्वयं को जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान निर्धारित उपर्युक्त अवधि में पब्लिक लिमिटेड कम्पनी के रुप में परिवर्तित करवाने को वचन-बद्ध हों, और करवालें।

(vi) संवितरण से पूर्व शर्त के रुप में शेयरों के सार्वजनिक निर्गम की अपेक्षा को उपयुक्त मामलों में छूट देते हुए ऋण के संवितरण की प्रक्रिया को और भी सरल और उदार बनाया गया। उचित मामलों में, जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान उन परियोजनाओं को भी सहायता देने पर विचार कर सकता है, जिन्हें केवल राज्य स्तरीय विकास/वित्तीय संस्थानों बैंकों द्वारा ही सहायता मंजूर की गई हो।

3.17 भारत सरकार की पूर्व-अनुमति के अधीनस्थ, वर्ष के दौरान, जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान को लिमिटेड कम्पनी के रुप में संपरिवर्तित करने का निर्णय लिया गया ताकि प्रौद्योगिकी वित्त एवं जोखिम पूंजी सहायता, अर्थात, नए उद्योगों को उधार ऋण, प्रौद्योगिकी के विकास के लिए वित्त, परियोजना की इक्विटी में प्रत्यक्ष इक्विटी भागीदारी आदि के रूप में विभिन्न प्रकार की सहायता दी जा सके।

3.18 अभी तक भा०औ०वि०नि० ही जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान को सम्पूर्ण निधि सहायता प्रदान करता रहा है। 30 जून, 1987 तक भा०औ०वि०नि० ने, 1,150 लाख रुपए की निधि आबंटित की थी, जिसमें, से 973 लाख रुपए की निधि जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान को संवितरित की जा चुकी थी।

प्रबंध विकास के लिए सहायता

3.19 भा०औ०वि०नि० द्वारा वर्तित प्रबंध विकास संस्थान (अपने विकास बैंकिंग केन्द्र सहित) सरकारी विभागों के अतिरिक्त वाणिज्यिक और विकास बैंकों और सरकारी, निजी संयुक्त और सहकारी क्षेत्रों में प्रबंधकीय दक्षता के विकास का प्रयास कर रहा है। प्रबंध विकास संस्थान द्वारा की गई सेवाओं ने शैक्षिक और व्यावहारिक अनुस्थापन के अद्वितीय सम्मिश्रण—पूर्ण कार्यक्रमों द्वारा एक महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है।

3.20 वर्ष 1986 के दौरान और इसके बाद 30 जुन, 1987 को समाप्त हुई 6 मास की अवधि के दौरान प्रबंध विकास संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की संख्या क्रमशः 87 और 31 रही जिनमें 2,555 भागीदारों ने हिस्सा लिया। संचयी रुप से प्रबंध विकास संस्थान ने 30 जून, 1987 तक 794 प्रबंध विकास कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें 19,340 भागीदार लाभान्वित हुए और जिसमें से 536 भागीदार अन्य विकासशील देशों से थे।

3.21 सलाहकारी और अनुसंधान के क्षेत्र में प्रबंध विकास संस्थान की उपलब्धियों की विशेषताएं थीं (क) नेवेली लिग्नाईट कारपोरेशन के लिए व्यापक मानव शक्ति योजना अध्ययन, (ख) दो चुनी हुई सार्वजनिक उपयोगिताओं, अर्थात, बिजली बोर्डों और राज्य सड़क परिवहन उपक्रमों की आन्तरिक सलाहकारी सेवाओं की क्षमताओं में सुधार करने के उद्देश्य से योजना/आयोग अन्तराष्ट्रीय श्रम संगठन/संयुक्त राष्ट्र विकास योजना प्रबंध परामर्श में गहन प्रशिक्षणहेतु संस्थानात्मक प्रणाली की स्थापना के लिए आधार का उपबंध करना (ग) जम्मू व कश्मीर औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड के संगठनात्मक ढ़ांचे का अध्ययन। प्रबंध विकास संस्थान द्वारा आरम्भ की गई अनुसंधान परियोजनाओं में (i) भा०औ० सा०नि०नि० द्वारा प्रवर्तित शेयरधारी सर्वेक्षण, भौगोलिक संवितरण (ii) आई० सी० एस०एस० आर० द्वारा प्रवर्तित औद्योगिक रूग्णता—प्रबंध पहलुओं का अध्ययन (iii) भा०औ०वि० बैंक द्वारा प्रवर्तित परियोजनाओं के मूल्यांकन और मानिटरिंग के साधन रुप में प्रयोग किया जाने वाला अन्तर-फर्म तुलनात्मक अध्ययन (iv) भारत में राज्य-स्तरीय वित्तीय संस्थानों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं का सर्वेक्षण, और (v) जोखिम पूंजी/बीज पूंजी और विशेष पूंजी योजनाओं का प्रभाव; भी शामिल है। बाद की दो परियोजनाएं स्वयं प्रबंध विकास संस्थान द्वारा आरम्भ की गई थी।

3.22 प्रबंध विकास संस्थान ने देश में प्रबंध प्रशिक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है अब यह अपने कार्यकलापों

में महत्वपूर्ण विस्तार के लिए तैयार है भारत सरकार, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने प्रबंध विकास संस्थान को भारतीय प्रशासनिक सेवा/ग्रुप "क" सेवाओं से संबंधित सरकारी अधिकारियों और सरकारी तथा निजी क्षेत्र संगठनों के कार्यपालक, जिनमें उच्च स्थान प्राप्त करने की क्षमता है, के लिए हारवर्ड विश्वविद्यालय के संयोजन से 15 माह का गहन राष्ट्रीय प्रबंध कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एक एजेन्सी के रुप में कार्य करनेहेतु अभिहित किया है । अगले कुछ वर्षों में कैम्पस के अतिरिक्त विस्तार और सुसज्जित कम्प्यूटर सेन्टर बनाने के लिए भी योजनाऐं कार्याधीन हैं । प्रबंध विकास संस्थान हेतु एक महत्वपूर्ण परिपेक्ष्य योजना बनाई गई है और प्रबंध विकास संस्थान को पूर्णतः नई दिशा देने के प्रयास किए जा रहे है ताकि देश में प्रबंधकीय साधनों का विकास किया जा सके और आगामी चुनौतियों का सामना करने के लिए आज के प्रबंधकों को प्रशिक्षित किया जा सके ।

3.23 प्रबंध विकास संस्थान को वर्ष 1986–87 में भा०औ० वि०नि०की वित्तीय सहायता 149.44 लाख रुपए रही । 30 जून 1987 तक, भा०औ०वि०नि० ने संचयी रुप से प्रबंध विकास संस्थान को 630.53 लाख रुपए की वित्तीय सहायता दी थी ।

उद्यमीयता विकास के लिए सहायता

3.24 यदि पिछले कुछ वर्षों से उद्यमीयता विकास अन्दोलन गति प्राप्त करने में समर्थ हुआ है, तो यह भा०औ०वि०नि० सहित अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा किए जा रहे संरक्षण और उदार सहायता के ही कारण है । पिछले वर्ष के दौरान भा०औ० वि० बैंक और भा०औ०सा०नि०नि० सहित भा०औ०वि०नि० ने 203 उद्यमीयता विकास कार्यक्रमोंहेतु सहायता दी जिसमें विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमियों के लिए 56 उद्यमीयता विकास कार्यक्रम शामिल थे । क्षेत्रीय अभियांत्रिकी कालेज, प्रौद्योगिकी संस्थान, समाजसेवी एजेन्सियों, भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान और राज्य स्तरीय उद्यमीयता विकास संस्थानों जैसी मान्य एजेन्सियों के माध्यम से विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गये इससे, जून, 1987 तक, भा० औ० वि० बैंक और भा०औ०सा०नि०नि० सहित भा०औ०वि०नि० ने 747 उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों को वित्तीय सहायता देने की मंजूरी दी, जिससे 17,920 संभावित उद्यमी लाभान्वित हुए ।

3.25 भा०औ०वि०नि० सहित अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा प्रवर्तित भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान (भा० उ०वि०सं०) ने 31 मार्च, 1987 को अपने परिचालनों का चौथा वर्ष पूरा कर लिया । संसाधन उत्पादेयों की व्यवस्था करने, माडल उद्यमीयता विकास कार्यक्रम आरम्भ करने, तुलनात्मक रुप से पिछड़े क्षेत्रों में उद्यमीयता विकास कार्यक्रम आरम्भ करने और उद्यमीयता विकास के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास करने के लिए उद्यमीयता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से स्थापित इस शीर्ष स्तरीय संस्थान ने वर्ष के दौरान उत्तर–पूर्वी क्षेत्र में अपने उद्यमीयता विकास कार्यक्रम की गतिविधियों पर ध्यान केन्द्रित किया और असम, मेघालय, नागालैण्ड, मणिपुर, मिजोरम, अरूणाचल प्रदेश, सिक्किम, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, आदि राज्यों में उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों की प्रभावोत्पादकता का सफलता पूर्वक प्रदर्शन किया । भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान ने चौथा प्रतिष्ठित उद्यमीयता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षक पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया और पहली बार प्रशिक्षण देने वालों एवं उत्साहित करने वाले प्रशिक्षकों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया । अपने सहायता कार्यकलापों में भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान ने हिमाचल प्रदेश, उड़ीसा, बिहार, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, आदि में उद्यमीयता विकास कार्यक्रम आयोजित करने वाली अनेक एजेन्सियों को संकाय और व्यवसायिक सहायता प्रदान की भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान ने मारीशस, मालावीह, अबिदजन, गिनी, नाईजीरिया, मलेशिया, सिनेगल, आदि देशों में भी आयोजित अनेक अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सहायता और सहयोग दिया । उद्यमीयता विकास कार्यों के विस्तार में शामिल अनेक एजेन्सियों के अवबोधन और क्षमताओं को प्रखर करने के लिए भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान ने विभिन्न संगठनों के लिए सेमिनार और कार्यशालाओं का आयोजन किया और उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, आदि में उद्यमीयता सम्मेलन भी आयोजित किए। वर्ष के दौरान, भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान की गतिविधियों की मुख्य विशेषता, एशिया और प्रशांत के चोगर्म सदस्यों के लिए उद्यमीयता विकासकार्यशाला का आयोजन था । भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान ने उद्यमीयता विशेषताओं, स्वनिर्मित प्राभोवोत्पादक उद्यमीय अध्ययन, ग्रामीण उद्यमीयता विकास परियोजना और मध्य प्रदेश में जनजातीय उद्यमीयता विकास कार्यक्रम अध्ययन जैसी अनेक, अनुसंधान परियोजनाएं आरम्भ की हैं । आगामी वर्षों में भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान द्वारा विभिन्न लघु और दीर्घकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों जैसे, अनुभव बांटने के लिए राष्ट्रीय सेमिनार और कार्यशालाऐं ओयोजित करने और अनुसंधान और प्रशिक्षण प्रयासों के माध्यम से उद्यमीयता विकास कार्यक्रम आयोजित करने वाले संगठनों की प्रभावशीलता और गति बढ़ाने पर बल दिया जाएगा ।

3.26 पिछले वर्ष उत्तर प्रदेश, लखनऊ में राज्य स्तरीय उद्यमीयता विकास संस्थान की स्थापना का उल्लेख किया गया था । वर्ष के दौरान, उद्यमीयता विकास के क्षेत्र में दो और राज्य स्तरीय संगठन एक बिहार में और दूसरा उड़ीसा में, बनाए गए । उद्यमीयता विकास संस्थान, बिहार की स्थापना पटना में की गई और इसका औपचारिक उद्घाटन 7 मार्च, 1987 को किया गया । उद्यमीयता विकास संस्थान, उड़ीसा का भी पंजीकरण 13 मार्च, 1987 को हुआ और इसने मई, 1987 से अपना कार्य आरम्भ कर दिया ।

3.27 उत्तर प्रदेश में लखनऊ में स्थित उद्यमीयता विकास संस्थान ने अपने परिचालन का पहला वर्ष पूरा कर लिया और वर्ष के दौरान इसने 14 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें विभिन्न लक्ष्यों वाले समूह प्रतिनिधित्व करने वाले 350 भागीदार शामिल हुए । उद्यमीयता विकास संस्थान, उत्तर प्रदेश ने वर्ष के दौरान अपना पहला अन्तर संस्थानात्मक सेमिनार और उत्तर प्रदेश में उद्यमीयता विकास कार्यक्रम आयोजित करने वाली एजेन्सियों की पहली संस्थानात्मक बैठक भी आयोजित की । इसने वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य में चार उद्यमीयता जागरुकता कैम्प भी आयोजित किए और उत्तर प्रदेश में महिलाओं के लिए भी पहला

उद्यमीयता विकास कार्यक्रम लखनऊ में सफलतापूर्वक आयोजित किया। आशा है कि अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों की सहायता से अन्य राज्यों में उभरते हुए और राज्य स्तरीय उद्यमीयता विकास संस्थानों के सहयोग से उद्यमीयता विकास गतिविधियां संस्थानात्मक और बेहतर रुप में विनियमित हो जाएंगी और इनकी उद्यमीयता कौशल से शिक्षित बेरोजगार युवा वर्ग को "नौकरी मांगने वाले" से "नौकरी देने वाला" बनाया जा सकेगा। जिससे देश की सम्पूर्ण औद्योगिक प्रक्रिया के विकास में सहायता मिलेगी।

3.28 भा०औ०वि० नि० ने संचयी रुप में वर्ष 1986–87 में उद्यमीयता विकास के लिए 47.28 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की और उद्यमीयता विकास गतिविधियों को चलाने के लिए स्थापित उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों और संगठनों/संस्थानों को 108.01 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमी पार्कों को सहायता

3.29 पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया था कि भा औ०वि०नि० ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमी पार्कों की दो परियोजनाओं को, बिड़ला टेक्नालाजी इन्स्टीटयूट द्वारा प्रवर्तित रांची, बिहार में एक और सी० सी० शराफ रिसर्च इन्स्टीटयूट द्वारा प्रवर्तित महाराष्ट्र, तारापुर में दूसरी, को सहायता प्रदान करने की सहमति प्रदान की थी। वर्ष के दौरान, भा०औ० वि०नि० सहित अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान सिद्धांत क्षेत्रीय अभियांत्रिकी कालेज तिरुचिरापल्ली और हारकोर्ट बटलर टेक्नोलॉजी इन्स्टीयूट, कानपुर द्वारा स्थापित किए जा रहे दो विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमी पार्कों को वित्तीय सहायता देने की सहमति प्रदान की है। ये विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमी पार्क सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम के अधीन पहले ही पंजीकृत हो चुके हैं और क्षेत्रीय अभियांत्रिकी कालेज, तिरुचिरापल्ली, विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमी पार्क के मामले में राज्य सरकार ने भी पर्याप्त वित्तीय सहायता देने का आश्वासन दिया है। क्षेत्रीय अभियांत्रिकी कालेज, तिरुचिरापल्ली का विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमी पार्क यांत्रिकी, विद्युत और इलेक्ट्रानिक अभियांत्रिकी इकाइयों का विशेष अध्ययन करेगा। यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमी पार्क इन क्षेत्रों के विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमियों को अनुसंधान और विकास और उत्पाद विकास सुविधाएँ प्रदान करेगा। भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने भी उत्पाद अभिनिर्धारण और विकास में इस विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमी पार्क की सहायता करने में सहमति प्रदान की है। हाईकोर्ट बटलर प्रौद्योगिकी संस्थान का कानपुर स्थित विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमी पार्क रसायन अभियांत्रिकी (पोलीमर्स एण्ड प्लास्टिक्स बायोकैमिकल्स आदि), खाद्येतर तेल और भोजन प्रौद्योगिकी का विशेष अध्ययन करेगा। आशा है कि दो से तीन वर्षों की अवधि में उपयुक्त सभी विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमी पार्क 'योग्यता' को 'पार्य', 'सुविधा' को 'अनुभव' और 'अनुसंधान के फलस्वरुप' 'औद्योगिक प्रक्रिया और उत्पाद' को अनुकूल बनाते हुए संभावित उद्यमियों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी की पृष्ठभूमि से आत्मविश्वासी उद्यमी बना सकेंगे।

अनुसंधान का प्रवर्तन

3.30 विनिर्दिष्ट क्षेत्रों में अनुसंधान प्रवर्तन के लिए भा० औ०वि०नि० ने, कई वर्षों से देश के विश्वविद्यालयों और प्रबंध संस्थानों से अच्छे संबंध बनाने के प्रयास किए हैं। बम्बई, कलकत्ता, दिल्ली, गुवाहाटी और विश्वविद्यालयों में, प्रत्येक में एक तथा अहमदाबाद के भा[illegible] बंध संस्थान में एक पीठ की स्थापना करके, इस प्रकार कुल छः पाठों की स्थापना की गई है और वे सुचारू रूप से कार्य कर रही हैं। वर्ष के दौरान, भा०औ०वि०नि० की पीठों के तत्वावधान के अधीन निम्नलिखित वार्षिक सार्वजनिक व्याख्यान दिए गए :—

—मानव संसाधन विकास : प्रौद्योगिकी की भूमिका

—डा० ए० एन० सक्सेना, दिल्ली विश्वविद्यालय

—भारत की बैंकिंग नीति के कुछ पहलू

—डा० आर० एस०, सबनीस, बम्बई विश्वविद्यालय

—भारतीय पूंजी बाजार में विकास बैंकों की भूमिका

—डा० एन० पी० श्रीनिवासन, मद्रास विश्वविद्यालय

3.31 कलकत्ता विश्वविद्यालय में, 'पूंजी—उत्पादेय अनुपात की प्रवृत्ति' और हल्के इंजीनियरी उद्योग की रूग्णता पर इसके कार्योत्पादक प्रभाव विषय पर एक अनुसंधान परियोजना पहले से ही चलाई जा रही है और अनुसंधान के आधार पर गुवाहाटी विश्वविद्यालय और भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद में ग्रामीण विकास पर बैंकों की भूमिका और 'पूंजी बाजार—सातवीं योजना के अधीन कार्य' विषयों पर शीघ्र ही वार्षिक व्याख्यान दिए जाएंगे।

मर्चेन्ट बैंकिंग सेवाएं

3.32 भा०औ०वि०नि० ने औद्योगिक विकास के लिए अपने उत्प्रेरक दायित्व के रुप में 1 जुलाई, 1986 से नई दिल्ली में एक मर्चेन्ट बैंकिंग प्रभाग और बाद में बम्बई में मर्चेन्ट बैंकिंग ब्यूरो की स्थापना करके औद्योगिक समुदाय को मर्चेन्ट बैंकिंग सेवाएँ, प्रदान करनी आरम्भ की। अपने परिचालन के प्रथम वर्ष के दौरान मर्चेन्ट बैंकिंग प्रभाग ने 12 निर्गमों की व्यवस्था की और इसे 30 जून, 1987 तक 32 कम्पनियों से निकट भविष्य में किए जाने वाले उनके सार्वजनिक निर्गमों की व्यवस्था हेतु आदेश पत्र प्राप्त हो चुके थे। व्यासिता दन्तकार्यों के अतिरिक्त, मर्चेन्ट बैंकिंग प्रभाग ने अन्य वित्तीय संस्थानों के साथ मिलकर पूंजी पुनर्संरचना, विलयन और समामेलन के लिए दत्तकार्य करने भी आरम्भ कर दिए हैं। भा०औ०वि०नि० का मर्चेन्ट बैंकिंग प्रभाग, परियोजना निरूपण और परियोजना लागत को पूरा करने के लिए साधन जुटाने के क्षेत्रों में उद्यमियों को अवसर मार्ग—निर्देश भी प्रदान कर रहा है।

नए प्रयास

3.33 भा०औ०वि०नि० उपयुक्त प्राधिकरियों के अनुमोदन से लीजिंग वित्त, प्रौद्योगिक वित्त और मशीनरी, उपस्कर और कम्प्यूटर बनाने वाली संस्थाओं को आस्थगित अदायगी आधार पर क्रेता संस्थाओं-वास्तविक उपभोक्ताओं को अपने उपस्कर बेचने के लिए अनावर्ती ऋण सुविधाएं देते हुए अपने उत्प्रेरक दायित्व में नए आयाम जोड़ेगा। भाऔविनि का

सेवाओं क्षेत्र, विशेषत: इंजीनियरी, तकनीकी, वित्तीय, बाजार और प्रबन्ध सेवाओं, जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी दूर संचार और इलेक्ट्रानिक्स सेवाएं भी शामिल हैं, के क्षेत्रों को भी वित्तीय सहायता देने का विचार है ।

3.34 औद्योगिक विकास उत्प्रेरक के रूप में भाग्रौविनि का प्रयास संस्थानात्मक अवस्थापना अन्तरालों का अभिनिर्धारण करना और अपनी संविधि की सीमाओं में इन अन्तरालों को भरना रहा है । अनुभव साक्षी है, कि किसी भी मात्रा में राजकोषीय तथा वित्तीय प्रोत्साहन और यहां तक कि वित्त की सहज सुलभता भी औद्योगिक प्रयासों को सफल नहीं बना सकती जब तक कि परियोजना चक्र की प्रत्येक अवस्था में परियोजना परामर्श सुविधाओं और प्रसार सेवाओं सहित अन्य उत्पादेय, जसे साधन सम्पन्न उद्यमीयता, नवीनतम और दक्ष प्रौद्योगिकी/जानकारी, व्यवसायीकृत प्रबन्ध वर्ग, सुप्रेरित एवं कुशल मानव शक्ति उपलब्ध न हो। अपनी प्रवर्तन और विकासात्मक भूमिका में भाग्रौविनि अपने स्रोतों और क्षमता के अनुरूप अधिकतम संभव सीमा तक गैर-वित्तीय उत्पादेयों को देने का प्रयास कर रहा है और निरन्तर करता रहेगा ।

अध्याय 4

आन्तरिक मामले

निदेशक बोर्ड की बैठकें

4.01 वर्ष के दौरान, निदेशक बोर्ड की बारह बैठकें हुई, जिनमें से दस नई दिल्ली में, एक बंगलौर तथा एक कलकत्ता में हुई ।

निदेशक बोर्ड में परिवर्तन

4.02 केन्द्रीय सरकार ने श्री पी० मुरारी के स्थान पर भारत सरकार, उद्योग मंत्रालय, औद्योगिक विकास विभाग, नई दिल्ली के अतिरिक्त सचिव, श्री ए० वी० गणेशन को 26 नवम्बर, 1986 से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के निदेशक बोर्ड में निदेशक के रूप में नामित किया । लेकिन, वर्ष के दौरान भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (भाग्रौविबैंक) के नामित निदेशकों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ ।

4.03 औद्योगिक वित्त निगम (संशोधन) अधिनियम, 1986 के बन जाने से, जो दिनांक 2 फरवरी, 1987 से प्रभावी हो गया, उस के फलस्वरूप भारतीय रिजर्व बैंक, (भारिबैंक) औविनि अधिनियम, 1948 की धारा 10(1) (ख) के अधीन भाग्रौविनि के बोर्ड में अपना एक नामित निदेशक नियुक्त कर सकता है । एतद् भारतीय रिजर्व बैंक ने, भाग्रौविनि के निदेशक बोर्ड में, दिनांक 4 जुलाई, 1987 से श्री एस० एन० बगई, कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक, को नामित किया ।

4.04 औद्योगिक वित्त निगम (संशोधन) अधिनियम, 1986 के द्वारा भाग्रौविनि के निर्वाचित निदेशकों की अवधि 4 वर्ष से घटाकर 3 वर्ष कर दी गई । उक्त संशोधन के परिणामस्वरूप भाग्रौविनि के निर्वाचित निदेशक, श्री जे० एस० वाष्णेय, श्री एस० के० सेठ तथा श्री बी० एस० थोरात, दिनांक 2 फरवरी, 1987 से निवृत्त माने गये, किन्तु 11 मई, 1987 को आयोजित विशेष महासभा में पंजाब नेशनल बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, श्री जे० एस० वाष्णेय, को औविनि अधिनियम, 1948 की धारा 10(1) (ग) के अन्तर्गत अनुसूचित बैंकों का प्रतिनिधित्व करने के लिये दोबारा भाग्रौविनि के निदेशक के रूप में निर्वाचित किया गया । श्री एस० के० सेठ, अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, नेशनल इन्श्योरेंस कम्पनी लि०, को भी दिनांक 6 अप्रैल, 1987 को हुई विशेष महासभा में औविनि अधिनियम, 1948 की धारा 10(1)(घ) के अधीन बीमा कम्पनियों, आदि का प्रतिनिधित्व करने के लिये फिर से भाग्रौविनि निदेशक के रूप में निर्वाचित किया गया । इसी प्रयोजन के लिये, 6 अप्रैल, 1987 को बुलाई गई विशेष महासभा में सहकारी बैंकों का प्रतिनिधित्व करने के लिये औविनि अधिनियम, 1948 की धारा 10(1)(ङ) के अन्तर्गत श्री बी० एस० थोरात के स्थान पर श्री एस० एस० कदम अध्यक्ष महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक लि०, बम्बई को निदेशक के रूप में निर्वाचित किया गया ।

4.05 निर्वाचित निदेशकों में से, बीमा कम्पनियों आदि के प्रतिनिधि श्री सी० आर० ठाकोर ने 30 मार्च, 1987 से (कार्य समापन पर) (भाग्रौविनि के निदेशक बोर्ड से त्यागपत्र दे दिया। उनके स्थान पर 22 जून, 1987 को आयोजित हुई विशेष महासभा में भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबन्ध निदेशक, श्री एन० के० शिकर को निदेशक के रूप में निर्वाचित किया गया ।

4.06 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम का निदेशक बोर्ड श्री पी० मुरारी, श्री बी० एस० थोरात तथा श्री सी० आर० ठाकोर द्वारा भारतीय औद्योगिक वित्त निगम से निदेशक के रूप में सम्बद्ध रहने के दौरान किए गए अमूल्य मार्गदर्शन, योगदान एवं सेवाओं की अति प्रशंसा करता है ।

सलाहकारों के तदर्थ समूह की बैठकें

4.07 भाग्रौविनि द्वारा समय-समय पर औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 15 के अन्तर्गत भाग्रौविनि के पास वित्त पोषण के लिये आये विशिष्ट प्रस्तावों पर निपुण एवं प्रवीण सलाह प्राप्त करने के लिये सलाहकारों के तदर्थ समूह की बैठकें बुलाई जाती है । वर्ष के दौरान होटलों, अस्पतालों तथा इलैक्ट्रानिक उद्योगों के प्रस्तावों पर विचार करने हेतु विशिष्ट सलाह के लिये सलाहकारों के तदर्थ समूह की छः बैठकें की गई ।

राज्य सलाहकार समितियां

4.08 वर्ष के दौरान, औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 15 के अन्तर्गत गठित राज्य सलाहकार समितियों की छः बैठकें, क्रमशः कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, केरल, हिमाचल प्रदेश तथा बिहार में आयोजित की गई । यह बैठकें विशिष्ट क्षेत्रों और/अथवा उद्योगों के सम्बन्ध में उपलब्ध परिस्थितियों, योगदान तथा

गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए भाआवित्रि के लिये अपने योगदान और गतिविधियों के सम्बन्ध में बेहतर जानकारी देने और उसके मूल्यांकन करने, तथा सम्बन्धित राज्य में उद्योगीकरण की समस्याओं और संभावनाओं की मौके पर जानकारी देने में सहायक हुई। भाआवित्रि के क्षेत्रीय तथा शाखा कार्यालयों के प्रमुखों द्वारा पदेन सचिवों की हैसियत से समिति के सदस्यों के साथ पूरे वर्ष सम्पर्क बनाये रखा गया।

राष्ट्रीय तथा राज्य स्तर के संस्थानों के साथ समन्वय

4.09 अन्तर संस्थानात्मक बैठकों, अन्तर संस्थानात्मक पुनर्स्थापन तथा वरिष्ठ कार्यपालकों की बैठकों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर के वित्तीय संस्थानों के बीच अन्तर संस्थानात्मक समन्वय बनाये रखा गया। 1986–87 के दौरान अन्तर संस्थानात्मक मंच की 10, अन्तर संस्थानात्मक पुनर्स्थापन मंच की 9 और वरिष्ठ कार्यपालकों की 22 बैठकें हुई।

4.10 क्षेत्रीय स्तर पर भाआवि बैंक द्वारा आयोजित क्षेत्रीय कार्यपालकों की बैठकें क्षेत्रीय/राज्य स्तर पर संस्थानात्मक समन्वय बनाने में तथा इसके साथ ही कठिनाइयों से ग्रस्त वित्तपोषित संस्थाओं की प्रगति की समीक्षा करने, राज्य स्तर की औद्योगिक परियोजनाओं के लिये वित्तीय ढांचा तैयार करने, संवितरणों तथा वसूलियों पर, विशेष रूप से परियोजना वित्तपोषण भागीदारी योजना मामलों पर विचार करने तथा परियोजना अनुवर्तन, देयताओं की वसूली, बन्धक परिसम्पत्तियों का बीमा, बीमा राशियों आदि के समायोजन के आपसी हित के मामलों पर विचार-विमर्श करने में काफी उपयोगी सिद्ध हुई। वर्ष के दौरान 23 क्षेत्रीय कार्यपालक बैठकें हुई, जिनमें से 6 उत्तरी क्षेत्र की, 5 पश्चिमी क्षेत्र की, 5 पूर्वी क्षेत्र की, 3 उत्तर पूर्वी क्षेत्र की तथा 4 दक्षिणी क्षेत्र की थीं।

4.11 राज्य स्तर पर, भा औ वि नि द्वारा अन्तर-संस्थानात्मक समूहों, राज्य स्तरीय समन्वय समितियों, राज्य स्तरीय मार्गदर्शन तथा अनुवर्तन समितियों, और अन्य राज्य स्तरीय मंचों, आदि की बैठकों में अपने क्षेत्रीय तथा शाखा कार्यालयों के मुख्य अधिकारियों के माध्यम से भाग लेकर समन्वय बनाये रखा गया।

विदेश यात्रायें तथा अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर भागीदारी

4.12 भाआवित्रि ने विदेशों के अन्य विकास वित्तीय संस्थानों और विश्व पूंजी बाजार में कार्यशील अन्तर्राष्ट्रीय बैंकों के साथ घनिष्ट सम्पर्क तथा सम्बन्ध बनाये रखा।

4.13 भाआवित्रि के अध्यक्ष, श्री धर्मेन्द्र नाथ डाबर ने एस० जी० वरबर्ग एण्ड कम्पनी के साथ 50 मिलियन डालर के चौथे यूरो-डालर सिण्डीकेट ऋण के सम्बन्ध में समझौते पर हस्ताक्षर करने हेतु इंग्लैंड का दौरा किया। उन्होंने क्रेदितांस्तल्त-फ़र-वाइडरफबऊ के साथ परस्पर हित के मामलों पर विचार-विमर्श करने हेतु जर्मन संघीय गणराज्य का भी दौरा किया।

4.14 भाआवित्रि के कार्यपालक निदेशक, श्री आर० विश्वनाथन ने एशियन विकास बैंक की 27 से 29 अप्रैल, 1987 के दौरान 20वीं वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिये तथा अन्तर्राष्ट्रीय बैंकरों से आपसी हितों के मामलों पर विचार-विमर्श करने के लिये ओसाका (जापान) तथा सिंगापुर का दौरा किया।

4.15 श्री एफ० एम० पटनायक, महाप्रबन्धक ने 14 तथा 15 अप्रैल, 1987 को वियना (आस्ट्रिया) में आयोजित लघु तथा मध्यम उपक्रमों की विश्व महासभा की गवर्निंग बाडी की 8वीं बैठक में भाआवित्रि का प्रतिनिधित्व किया। इसी प्रकार, एशियन विकास बैंक तथा एशिया तथा प्रशान्त में विकास वित्तीय संस्थानों के संगठन द्वारा विकास वित्तीय संस्थानों की लेखा-विधि तथा वित्तीय नियंत्रण विधियों तथा लेखा-परीक्षा उपायों के लिये 6 से 8 अप्रैल, 1987 को मनीला (फिलिपीन्स) में आयोजित विचार-गोष्ठी/कार्यशाला में श्री हरिश्चन्द्र शर्मा, महाप्रबन्धक ने भा औ वि नि के प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया।

10 वां भाआवित्रि रजत जयन्ती स्मृति व्याख्यान

4.16 भाआवित्रि का 10वां रजत जयन्ती स्मृति व्याख्यान दिनांक 4 मई, 1987 को श्री सुंग सांग पार्क गवर्नर, बैंक आफ कोरिया द्वारा आर्थिक विकास के लिये वित्तीय नीति विषय पर दिया गया। व्याख्यान की अध्यक्षता भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर, श्री आर०. एन० मल्होत्रा ने की। भाआवि बैंक के अध्यक्ष व प्रबन्ध निदेशक, श्री एस० एस० नाडकर्णी इस व्याख्यान के अतिथि वक्ता थे, जिन्होंने अपने ज्ञान और अनुभव के आधार पर इस विषय पर अतने विचार व्यक्त किये। विस्तृत समूह के प्रमुख श्रोताओं द्वारा व्याख्यान को रूचिपूर्वक सुना गया। श्री पार्क के व्याख्यान का तत्व सार यह था कि विकासशील देशों की औद्योगिक योजनाओं के अनुरूप ही वित्तीय नीतियां, औद्योगिक प्रक्रिया में सहायक होनी चाहियें। उन्होंने, प्रतिष्ठित आर्थिक विकास सिद्धान्तों को विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति के सन्दर्भ में लागू करने से पहले सतर्कता पर बल दिया, क्योंकि अधिकांशत यह सिद्धान्त उद्योकीगृत आर्थिक परिस्थितियों के प्रभाव में विकसित हुए थे। विकासशील अर्थव्यवस्था में वित्तीय संस्थानों का मुख्य कार्य किसी अर्थ व्यवस्था की भौतिक परिसम्पतियों को वित्तीय परिसम्पत्तियों में परिवर्तन द्वारा निवेश साधनों को जुटाना है। बैंकों सहित सभी वित्तीय संस्थानों को उन उद्योगों को अपनी सीमित निधियां सहायतार्थ देनी चाहिये जिनका राष्ट्र की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान सुनिश्चित हो। कोरिया के सन्दर्भ में 'बि-निर्माण उद्योग' ने अधिक उच्च रोजगार गुणक प्रभाव दिखाया था, और यह कोरियाई अर्थव्यवस्था के विकास में इंजिन के रूप में सिद्ध हुआ। कोरियाई अर्थव्यवस्था ने उद्योगों के आयात प्रतिस्थापन के विकास के माध्यम से उद्योगीकरण के विकास कौशल को बड़ी निष्ठा से अपनाया, और बाद में यही आयात प्रतिस्थापन निर्यात उद्योगों के रूप में परिवर्तित

हो गया। वित्तीय नीति की पेचीदगियों पर चर्चा करते हुए श्री पार्क ने सुझाव दिया चूंकि मुद्रा स्वयं अपना नियंत्रण नहीं कर सकती अतः इसे नियंत्रित किया जाना अनिवार्य है। श्री पार्क ने कहा, "आग की भांति नियंत्रित मुद्रा ही उपयोगी होती है, नियंत्रण से निकल जाने पर इससे बड़ी क्षति भी हो सकती है।"

संगठनात्मक गतिविधियां

4.17 वर्ष के दौरान, योजना तथा कार्य के उत्तम निष्पादन तथा आवेदकों तथा विनपोषित संस्थाओं की आवश्यकताओं पर ध्यान देने के उद्देश्य से कार्यपालक निदेशक का एक और पद (जो बढ़कर दो हो गये हैं) सृजित किया गया। कार्यपालक निदेशक के एक पद का कार्य भार स्टेट बैंक आफ इण्डिया के स्थानीय प्रधान कार्यालय, गुवाहाटी के मुख्य महाप्रबन्धक, श्री आर० विश्वनाथन ने भाऔविनि में प्रतिनिधित्व आधार पर 22 सितम्बर, 1986 से संभाला उसी तारीख से श्री एस० के० ऋषि, महाप्रबन्धक को भाऔविनि के कार्यपालक निदेशक के दूसरे पद पर पदोन्नत किया गया।

4.18 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया था कि भाऔविनि ऐसे सभी राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में, जहां निगम का कोई कार्यालय नहीं है, भाऔविनि के ग्राहकों को बेहतर तथा अधिक व्यक्तिगत सेवायें प्रदान करने के उद्देश्य से, नये कार्यालय खोलने पर विचार रत था। तदनुसार, वर्ष 1986–87 के दौरान शिलांग (मेघालय), पणजी (गोवा) तथा शिमला (हिमाचल प्रदेश) में भाऔविनि के तीन कार्यालय खोले गये। आशा की जाती है कि वे कार्यालय सम्बन्धित राज्यों में औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने में सहायक होंगे।

प्राधिकार प्रत्यायोजन

4.19 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में, भाऔविनि के क्षेत्रीय शाखा/कार्यालयों को, परिचालन मामलों का अवस्थानुसार कार्य विकेन्द्रीकरण करने के उद्देश्य से पहली जनवरी, 1986 से विस्तृत शक्तियों के प्रत्यायोजन करने के सम्बन्ध में उल्लेख किया गया था। वर्ष के दौरान, जबकि क्षेत्रीय शाखा कार्यालयों को प्रत्यायोजित प्राधिकारों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ, वर्तमान प्रणाली के परिचालन में आई कठिनाइयों को दूर करने के लिये कई कदम उठाये गये।

4.20 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के वरिष्ठ कार्यपालकों की गठित विभिन्न समितियों ने प्रशिक्षण, कम्प्यूटरीकरण, स्टाफ से सुझाव, कार्य सरलीकरण, रिकार्ड रखने तथा उनका रख-रखाव, माइक्रो फिल्मिंग, स्टाफ कल्याण, लाइब्रेरी, जड़-सम्पत्ति का अधिग्रहण, उत्पादकता सुधार, आदि से सम्बन्धित पहलुओं की योजना निष्पादन तथा जांच करने के लिये अपना कार्य जारी रखा, तथा समय-समय पर भाऔविनि के कार्य क्षेत्र सम्बन्धी परिचालनों में प्रभावशाली कदम उठाने के लिये बैठकें आयोजित की। सतर्कता से सम्बन्धित मामले एक कार्यपालक निदेशक द्वारा देखे जाते रहे, जिन्हें मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में नामित किया गया है।

वरिष्ठ अधिकारियों के सम्मेलन

4.21 वर्ष के दौरान, भाऔविनि के वरिष्ठ अधिकारियों की दो बैठकें नवम्बर, 1986 तथा मई, 1987 के महीने में आयोजित की गई। इनमें भाऔविनि की वर्तमान तथा प्रस्तावित गतिविधियों को और सुदृढ़ बनाने के सम्बन्ध में समीक्षा की गई। क्षेत्रीय तथा शाखा कार्यालयों की शक्तियों, कमजोरियों, अवसरों और उनके सामने आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए निष्पादन गतिविधियों पर विचार किया गया, ताकि निगमित कार्यालयों की अपेक्षाओं, नियमों तथा विनियमों आदि की सीमाओं के अधीन संगठन की समग्र उत्पादकता और बेहतर समझ तथा सौहार्द का विकास किया जा सके। इन सम्मेलनों में भाऔविनि के क्षेत्र कार्यालयों से प्राप्त हुए कई सुझावों पर भी ध्यान दिया गया। बाद में उक्त सुझावों पर भाऔविनि के कार्यपालक निदेशक; श्री आर० विश्वनाथन की अध्यक्षता में उच्च अधिकार प्राप्त गठित एक समिति द्वारा गहराई से विचार किया गया, और इसके परिणामस्वरूप संगठन एवं पद्धति की दृष्टि से विशिष्ट क्षेत्रों में विद्यमान कार्य पद्धतियों और अतिरिक्त सुधारों को लागू करने में उल्लेखनीय प्रगति प्राप्त हुई।

4.22 वरिष्ठ अधिकारियों के एक सम्मेलन में भागीदारों को सतर्कता और सुरक्षा की दृष्टि से अपनाये जाने वाले सुरक्षा पहलुओं और अपेक्षाओं के सम्बन्ध में विचार-विमर्श करने का अवसर प्राप्त हुआ, और उन्हें भारत सरकार के केन्द्रीय सतर्कता आयोग के मुख्य सतर्कता आयुक्त से भी विचार विमर्श करने का सुअवसर मिला। जोखिम प्रबन्ध और बीमे के सम्बन्ध में निगमित नीति के विषय पर भी यूनाइटेड इण्डिया एश्योरेंस कम्पनी के कार्यपालकों के साथ विचार विमर्श करने का अवसर प्राप्त हुआ। वरिष्ठ कार्यपालक सम्मेलन, जो कि अब नियमित प्रक्रिया का हिस्सा बन गये हैं, निगमित और भाऔविनि के क्षेत्र-कार्यालयों से आपस में संचार अन्तरालों को दूर करने तथा लक्ष्यों और आयामों, विशेषकर मंजूरियों, संवितरणों और वसूलियों के क्षेत्र में उपलब्धियां प्राप्त करने में काफी उपयोगी सिद्ध हुए हैं।

कम्प्यूटरीकरण कार्यक्रम

4.23 भाऔविनि को पिछले वर्ष की रिपोर्ट में प्रधान कार्यालय में अपेक्षित अनुषंगी सामान सहित एक आधुनिक "आई० सी० आई० एम० 6000 माडल 40 सिस्टम कम्प्यूटर प्राप्त करने तथा लगाने एवं भाऔविनि के दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय में एक पर्सनल कम्प्यूटर (आई० सी० आई० एम० पी० सी०) लगाने के सम्बन्ध में उल्लेख किया गया था। वर्ष के दौरान, अमरीका के मैसर्स रैकल मिलगो से आयात किये गए मौडेमों के माध्यम से महानगर टेलीफोन निगम लि० नई दिल्ली से पट्टे पर लेकर प्रधान कार्यालय और दिल्ली

क्षेत्रीय कार्यालय में लगाये गये कम्प्यूटर सिस्टम को आपस में जोड़ा/मिलाया गया जिससे, आंकड़े और फाइलों का आपस में अन्तरण तथा रिमोट जॉब एन्ट्री करना संभव हो गया।

4.24 इसके अतिरिक्त, एक ओर भाऔविनि के बढ़ते हुए कारोबार और नई गतिविधियां शुरू करने के प्रस्ताव को ध्यान में रखते हुए और दूसरी ओर विद्यमान सिस्टम की क्षमता बढ़ाने की दृष्टि से, भाऔ विनि के प्रधान कार्यालय में लगाये गये आई० सी० आई० एम० 6000 माडल 40 कम्प्यूटर सिस्टम की मुख्य मशीन में एक एम० बी० मेमोरी, एक 640 एम० बी० फिक्स्ड डिस्क ड्राइव, 5 अतिरिक्त वर्क स्टेशन और एक मैगनेटिक टेप ड्राइव को इसके साथ जोड़कर क्षमता बढ़ाई गई। दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय में लगाए गये आई० सी० आई० एम० बिजनेस पी० सी० को भी आई० सी० आई० एम० क्वैटरों पी० सी० से एक एम० बी० मेमरी, 3 वी० डी० यू०, एक 20 एम० बी० डिस्क ड्राइव और एक 5 1/4" फ्लापी डिस्क ड्राइव सुविधाओं सहित शक्तिशाली प्रोफेसर से प्रतिस्थापित किया गया है।

4.25 वेतन चिट्ठे, सामान्य वित्तीय लेखांकन, रुपया ऋण, लेखांकन, निवेश कार्य प्रबन्ध और प्रबन्ध व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जो समानान्तर अभ्यास वर्ष 1985-86 में प्रारम्भ किये गये थे, वर्ष के दौरान उन्हें और सुदढ़ बनाया गया। वर्ष के दौरान, परियोजना मूल्यांकन और तुलन-पत्र विश्लेषण की कम्प्यूटरीकरण व्यवस्था को चालू किया गया। वर्ष की समाप्ति के समय विदेशी मुद्रा ऋण लेखांकन एवं मानिटरिंग व्यवस्था, विदेशी मुद्रा स्त्रोत, सांख्यिकी सूचना, प्रबन्ध सूचना और रिपोर्टिंग व्यवस्था, परियोजना सूचना एवं मानिटरिंग व्यवस्था नामित निदेशक व्यवस्था, के सम्बन्ध में साफ्टवेयर के विकास का कार्य तेजी से चल रहा था, और इन प्रणालियों में समानान्तर अभ्यास शीघ्र ही लागू किये जाने के लिये सुनिश्चित थे।

4.26 क्षेत्रीय शाखा कार्यालयों में कम्प्यूटरीकरण करने हेतु भी वर्ष के दौरान कार्य किया गया। गहन अध्ययन कर विचार करने और भारत सरकार के इलैक्ट्रानिक्स विभाग के साथ विचार/विमर्श करने के पश्चात् भाऔविनि के क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों में कम्प्यूटर व्यवस्था का चयन करने के प्रयोजन के लिये वत्तकार्य मैसर्स टेली कम्यूनिकेशन्स कन्सलटेन्ट्स इण्डिया लि० को सौंपा गया। वर्ष 1987-88 के दौरान भाऔविनि के क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों में उक्त कम्प्यूटर व्यवस्था के लगाये जाने की संभावना है। इस दौरान अवस्थापना सुविधाओं तथा कम्प्यूटर व्यवस्था के लगाने के लिये भाऔविनि के क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों के स्थान के निर्माण हेतु कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त कम्प्यूटर व्यवस्था की मुख्य मशीन को विद्यमान स्थान, से स्कोप काम्पलेक्स में स्थानान्तरण करने का भी निर्णय लिया गया है जहां पर भाऔविनि ने मलकीयत के आधार पर कार्यालय स्थान अधिग्रहण किया है। अपेक्षा की जाती है कि इस स्थानापन्न से परिचालन कार्यों में अधिक लोच और क्षमता में अधिक वृद्धि हो जायेगी।

मानव संसाधन

4.27 जून, 1987 की समाप्ति तक भाऔविनि में (इसके क्षेत्रीय शाखा एवं उप कार्यालयों सहित) 1,132 कर्मचारी कार्यरत थे। इनमें 383, अधिकारी, 535 सहायक कर्मचारी और 214 अधीनस्थ कर्मचारी थे। अनुसूचित जाति/जनजाति, भूतपूर्व सैनिक और शारीरिक रूप से विकलांग कर्मचारियों की संख्या क्रमशः 156, 35 तथा 14 थी। जून, 1987 की समाप्ति के समय भाऔविनि में महिला कर्मचारियों की संख्या 177 थी।

जन शक्ति विकास एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम

4.28 मानव संसाधन का सर्वोत्तम लाभ उठाने और उच्च दायित्वों को निभाने तथा विभिन्न दत्तकार्यों को पूरा किये जाने को ध्यान में रखते हुए वर्ष के दौरान उचित दृष्टिकोण तथा सकारात्मक कार्य-संस्कारों सहित मानवीय साधनों के विकास और समृद्धि पर बहुत जोर दिया गया। स्टाफ के सदस्यों के लिये विभिन्न स्तरों पर कई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये। भाऔविनि में कम्प्यूटरीकरण प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने की दृष्टि से कम्प्यूटर बोध और साफ्टवेयर विकास पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गये। वर्ष 1986-87 के दौरान कुल 46 इन हाऊस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये। इनमें से प्रधान कार्यालय में 38, पटना, कार्यालय के प्रशिक्षण केन्द्र में 4, हैदराबाद कार्यालय प्रशिक्षण केन्द्र में 3 और बम्बई कार्यालय-प्रशिक्षण केन्द्र में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में विभिन्न स्तरों के 772 स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया।

4.29 इन हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अतिरिक्त, देश के अन्य व्यावसायिक संस्थानों द्वारा आयोजित बाह्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी स्टाफ के 48 सदस्यों को भेजा गया। विकास बैंकिंग केन्द्र सहित प्रबन्ध विकास संस्थान द्वारा आयोजित अधिकारी विकास कार्यक्रमों में स्टाफ के सत्रह सदस्यों को भेजा गया।

4.30 अन्तराष्ट्रीय सामूहिक ऋण व्यवस्था, निगमित वित्त और मर्चेन्ट बैंकिंग, प्रौद्योगिकी विकास, सहकारिता और वित्तपोषण, विकास बैंकों का प्रबन्ध, वित्तीय प्रबन्ध और निवेश मूल्यांकन आदि विषयों के सम्बन्ध में आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा सेमिनारों में नौ उच्च-स्तरीय अधिकारियों को विदेशों में भेजा गया।

4.31 भाऔविनि ने वर्ष के दौरान प्रशिक्षण गतिविधि में विकेन्द्रीकरण से तेजी लाने और इसके प्रसार प्रभाव को अधिक परिलक्षित बनाने की दृष्टि से पश्चिमी क्षेत्र में बम्बई, दक्षिणी क्षेत्र में हैदराबाद और पूर्वी क्षेत्र में पटना में प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का निर्णय लिया।

4.32 गहन आन्तरिक तथा कार्य-दौरान प्रशिक्षण के अतिरिक्त, संगठन की समग्र उत्पादकता में सुधार लाने के

लिये कर्मचारी सुझाव योजना के अधीन स्टाफ को निरन्तर सुझावों को देने के लिये प्रेरित और प्रोत्साहित किया जाता है। सुझाव योजना समिति सदस्यों द्वारा दिये गये प्रत्येक सुझाव को भली प्रकार मूल्यांकन करती है और यदि कोई सुझाव कार्यान्वयन हेतु स्वीकार कर लिया जाता है तो सुझाव योजना समिति की सिफारिशों के आधार पर सम्बन्धित स्टाफ सदस्य को नकद पुरस्कार/प्रशंसा पत्र दिये जाते हैं।

मानवीय सम्बन्ध और कल्याण कार्य

4.33 भाआवित्रि में नियोक्ता कर्मचारी सम्बन्धों में अच्छा तालमेल रहा, जिसके परिणामस्वरूप सम्पूर्ण वर्ष स्टाफ के सम्बन्ध सौहार्द और सदभावपूर्ण बने रहे। कर्मकार स्टाफ की पदोन्नति के सम्बन्ध में कर्मचारी संघ तथा प्रबन्धक वर्ग के बीच 3 नवम्बर, 1986 को एक समझौता ज्ञापन भी किया गया।

4.34 स्टाफ कल्याण निधि के अतिरिक्त जो कि विविध प्रकार की स्टाफ कल्याण गतिविधियों जैसे, कर्मचारियों द्वारा स्व-विकास, स्व-विवाह, आश्रित बच्चों के विवाह, घरेलू टिकाऊ सामान खरीदने, छात्रवृत्ति प्रदान करने, खेलों तथा मनोरंजन क्लबों को अनुदान देने, शिमला, श्रीनगर, गोवा, पुरी, ऊटी, बंगलौर तथा दार्जिलिंग के अवकाश गृहों के रख-रखाव करने, पश्चिम विहार, नई दिल्ली स्थित शिशु गृह के रख-रखाव करने आदि का मूलभूत आधार रही है विकलांगता तथा वित्तीय सहायता योजना, 1985 तथा स्वैच्छिक कल्याण योजना, 1986 उन कर्मचारियों के लिये जो विकलांग रिटायर हो गये या जिनकी लम्बी बीमारी या दुर्घटना के कारण समय-पूर्व मत्यु हो गई, बहुत लाभदायक सिद्ध हुई।

आवास

4.35 भाआवित्रि की स्टाफ कल्याण गतिविधियों की प्रमुख प्राथमिकता आवास रही। जून, 1897 के अन्त तक भाआवित्रि के पास स्टाफ की विभिन्न श्रेणियों के लिये दिल्ली, कानपुर, अहमदाबाद, बम्बई, पुणे तथा बंगलौर में अपने फ्लैट थे। दिल्ली में स्टाफ की विभिन्न श्रेणियों के लिये अतिरिक्त 152 फ्लैट बनाने के करार पर हस्ताक्षर किये गये। वर्ष 1988 के अन्त तक संभवतः इन फ्लैटों का निर्माण पूरा हो जाने के पश्चात् स्टाफ को कब्जा प्राप्त हो जायेगा।

4.36 वर्ष के दौरान, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग को स्टाफ क्वार्टर बनाने के लिए दिया गया कार्य, कई स्थानों, जैसे, कलकत्ता, चण्डीगढ़, कोचीन, हैदराबाद, जयपुर तथा मद्रास में प्रारम्भ हो गया। भोपाल में स्टाफ क्वार्टर बनाने का कार्य मध्य प्रदेश हाऊसिंग बोर्ड को सौंपा गया। वर्ष के अन्त में, पटना तथा गुवाहाटी में फ्लैटों के निर्माण के प्रबन्ध को अन्तिम रूप देने का प्रयास किया जा रहा था।

कार्यालय परिसर

4.37 जून, 1987 के अन्त तक, भाआवित्रि के अहमदाबाद, बंगलौर, बम्बई, कलकत्ता, हैदराबाद, मद्रास, पटना तथा पुणे के पास अपने कार्यालय परिसर थे। कोचीन तथा चण्डीगढ़ के कार्यालय परिसरों का निर्माण कार्य केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग को सौंपा गया था, तथा इस कार्य के वर्ष 1987 के अन्त तक तेजी से गति पकड़ लेने की आशा है।

खेल-कूद

4.38 भाआवित्रि के कर्मचारियों में खेलों तथा खेल भावना को बढ़ाने के उद्देश्य से पिछले वर्ष पहली अखिल भारतीय खेल-कूद प्रतियोगिता की शुरूआत की गई थी दूसरी अखिल भारतीय खेल-कूद प्रतियोगिता इस वर्ष पहली मार्च, 1987 को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली में सम्पन्न हुई। इस वर्ष की प्रतियोगिताओं की मुख्य विशेषताएं (क) और अधिक एथलेटिक खेलों का आयोजन, (ख) बड़ी संख्या में पुरुष तथा महिला खिलाड़ियों द्वारा सक्रिय रूप से भाग लेना तथा (ग) भाआवित्रि के कर्मचारियों के बच्चों द्वारा बड़ी संख्या में दौड़ प्रतियोगिताओं में भाग लेना, रहीं। भाआवित्रि ने भाआविबैंक द्वारा नई दिल्ली में 18 से 21 जून, 1987 के दौरान आयोजित की गई अन्तर वित्तीय संस्थान टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भी भाग लिया और टेबल टेनिस (डबल) में प्रथम तथा द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किए तथा टीम प्रतियोगिता ट्राफी भी जीती।

भाआवित्रि कर्मचारी मनोरंजन क्लब का वार्षिक समारोह

4.39 भाआवित्रि कर्मचारी मनोरंजन क्लब के रजत जयन्ती समारोह का उल्लेख पिछले वर्ष किया गया था। इस वर्ष क्लब ने अपना वार्षिक समारोह आल इण्डिया फाइन एंड क्राफ्ट सोसाइटी आडिटोरियम में 26 दिसम्बर, 1986 को आयोजित किया और इस अवसर पर एक स्मारिका 'नव ज्योति' निकाली गई। क्लब, जिसे भाआवित्रि द्वारा उदारतापूर्वक वित्तीय अनुदान दिए जाते रहे हैं, मनोरंजन गतिविधियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मनोरंजन भ्रमण, सेवा-निवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए विदाई समारोह, आन्तरिक खेल, खेल प्रतियोगिताएं, अन्तर-बैंक खेल प्रतियोगिताएं, बिजली और खेल के सामान के वितरण, आदि का आयोजन करता रहता है।

जन-सम्पर्क

4.40 भाआवित्रि के, प्रधान कार्यालय स्थित जन-सम्पर्क विभाग ने वर्ष के दौरान, भाआवित्रि के कार्य निष्पादन, राज्य सलाहकार समितियों की बैठकों, बांड निर्गम तथा विदेशी मुद्रा संसाधन जुटाने आदि से सम्बन्धित 21 प्रेस विज्ञप्तियां जारी कीं। इसने आन्तरिक परिचालन के लिए प्रतिमास इकॉनामिक एंड फाइनेनशियल न्यूज डाइजेस्ट' निकालना भी जारी रखा, तथा वर्ष के दौरान भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के अनेक प्रकाशन निकालने में सहायक रहा। इस वर्ष भाआवित्रि के जन-सम्पर्क विभाग द्वारा 'चीनी' सहकारिताएं : 'समस्याएं तथा भावी संभावनाएं' नामक महत्वपूर्ण प्रकाशन निकाला, जो कि अप्रैल,

1985 में आयोजित भाग्रौविनि की वित्तपोषित चीनी सह-कारिताओं के सम्मेलन की कार्य-सूची तथा कार्य-विवरण पर आधारित था।

4.41 जन-सम्पर्क विभाग ने 10 नवम्बर, 1986 को नैशनल एसोसिएशन आंफ कन्सलटिंग इंजीनियर्स, नई दिल्ली के साथ मिलकर 'परियोजना कार्यान्वयन: प्रभावशाली दृष्टिकोण' विषय पर एक कार्यशाला के आयोजन की व्यवस्था की। इस कार्यशाला में निजी तथा सरकारी क्षेत्र के व्यवसायी परामर्शदाता इंजीनियरों ने भाग लिया और यह परियोजना के स्थापित करने की प्रारम्भिक अवस्था से लेकर परामर्शदाताओं की भूमिका के निरूपण की दृष्टि से लाभकारी सिद्ध हुई। इस अवसर पर योजना आयोग के सदस्य श्री आबिद हुसैन मुख्य अतिथि थे, जिन्होंने इंजीनियरिंग परामर्श समुदाय और वित्तीय संस्थानों के बीच सहयोग की भावना की प्रशंसा की और आग्रह किया कि परामर्शदाता विभिन्न विकास और औद्योगिक परियोजनाओं के कार्यान्वयन हेतु अधिक दक्ष तथा लागत बचत तकनीकों के सम्बन्ध में अपना परामर्श प्रदान करें। उन्होंने परामर्शदायी संगठनों से अनुरोध किया कि वे ठोस तकनीकी और जनतान्त्रिक संस्कार का विकास करें, जिसके फलस्वरूप राजकोषीय नियन्त्रणों के स्थान पर विभिन्न भौतिक नियन्त्रणों के सम्बन्ध में अधिक महत्व दिया जा सके।

विकास उन्मुख कार्यक्रमों और अन्य सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों के लिए योगदान

4.42 वर्ष के दौरान, भाग्रौविनि ने अहमदाबाद के गुजरात इन्स्टीच्यूट आंफ एरिया प्लानिंग संस्था को 2 लाख रुपये की राशि का अनुदान दिया। यह संस्था लोगों, विशेषकर, समाज के कमजोर वर्गों के लिए कार्यक्रमों से सम्बद्ध विकास कार्यों में जुटी है और यह सहायता उक्त सोसाइटी को प्रांगण, प्रशिक्षण केन्द्र और पुस्तकालय के निर्माण के लिए दी गई। बंगलौर के इण्डियन इन्स्टीच्यूट आंफ साईंस को इसके प्रांगण में विज्ञान काम्प्लैक्स की स्थापना हेतु एक लाख रुपये का अंशदान दिया गया। भाग्रौविनि ने बम्बई के डा० अर्नेस्ट बोरगस मेमोरियल फंड को शहर से बाहर के गरीब रोगियों के लिए होम निर्माण और बम्बई में उनके कैन्सर उपचार हेतु 50,000- रुपये का दान दिया। नई दिल्ली के इण्डियन इन्स्टीच्यूट आंफ कैमिकल इंजीनियर्स, उत्तरी क्षेत्र केन्द्र के लिए संस्थान के काम्प्लैक्स में इसके पुस्तकालय, सम्मेलन कक्ष और कम्प्यूटर केन्द्र हेतु 25,000- रुपये का योगदान किया गया। इतनी ही राशि नई दिल्ली के भारत कृषक समाज को किसान काम्प्लैक्स जिसमें, अन्य बातों के साथ-साथ, किसानों के लिए एक होस्टल, एक अध्ययन कक्ष एक अनुसंधान प्रयोगशाला और एक सभा भवन का निर्माण करने के लिए दी गई। स्पोर्टस् अथॉरिटी आंफ इण्डिया को दो निरूपित स्कूलों में खेल-कूद सुविधाओं का विकास करने के लिए 20,000- रूपये की राशि प्रदान की गई। अपने इन अल्प योगदानों के माध्यम से भाग्रौविनि ने, स्वयसेवी संगठनों और संस्थानों द्वारा किए जा रहे सम्बन्धित विकास कार्यक्रमों में योगदान करने का भरसक प्रयास किया है।

हिन्दी का प्रगामी प्रयोग

4.43 शासकीय प्रयोजनों के लिए हिन्दी के प्रयोग में तीव्रता लाने के उद्देश्य से भाग्रौविनि के प्रधान कार्यालय के हिन्दी कक्ष और क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयों में हिन्दी स्टाफ को सुदृढ़ किया गया। भाग्रौविनि के कर्मचारियों के लाभ के लिए हिन्दी के प्रयोग के सम्बन्ध में तीन कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। वर्ष के दौरान, यह निर्णय लिया गया कि हिन्दी में मूल पत्र-व्यवहार बढ़ाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक मास का अन्तिम शुक्रवार हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाए। इस सम्बन्ध में प्रगति का अनुवर्तन राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा किया जाता रहा है।

4.44 वर्ष के दौरान, सभी प्रशासन परिपत्र, परिचालन परिपत्र, प्रेस विज्ञप्तियां, अधिसूचनाएं, विज्ञापन, सामान्य आदेश आदि द्विभाषीय रूप में जारी किए गये। भाग्रौविनि की वार्षिक रिपोर्ट भी द्विभाषीय रूप, अर्थात् हिन्दी और अंग्रेजी में जारी की गई। इस वर्ष से यह निर्णय लिया गया है कि वार्षिक रिपोर्ट के अतिरिक्त परिचालन आंकड़े नामक प्रकाशन को भी द्विभाषीय रूप में छापा जाये। मानक अभिव्यक्तियों, वाक्यों आदि की एक शब्दावली (अंग्रेजी-हिन्दी) छपवाई गई, और यह स्टाफ के सभी सदस्यों को उपलब्ध कराई गई ताकि वे अपना कार्य हिन्दी में सुविधाजनक रूप से कर सकें। वर्ष के दौरान, एक अखिल भारतीय प्रतियोगी लिखित परीक्षा भी आयोजित की गई जिसमें भाग्रौविनि के सभी कार्यालयों से 53 स्टाफ के सदस्यों ने भाग लिया। सफल प्रतियोगियों को नकद पुरस्कार प्रदान किए गए।

4.45 नीति निर्देशों के अनुसार, सभी लघु पुस्तिकाओं, नियमों और विनियमों को साथ-साथ हिन्दी में भी जारी करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इस वर्ष की उल्लेखनीय उपलब्धि यह रही है कि प्रशासन और कार्मिक विभाग के सेवा प्रभाग द्वारा अपना अधिकतर कार्य हिन्दी में किया गया। विभिन्न हिन्दी परीक्षाएं उत्तीर्ण किए जाने वाले मानदेय को भी पहली जनवरी, 1985 से भूतलक्षी प्रभाव सहित बढ़ाया गया। इसके अतिरिक्त, भाग्रौविनि में हिन्दी के कार्य की बढ़ती हुई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक उचित द्विभाषीय शब्द संसाधक (हिन्दी और अंग्रेजी) को प्राप्त करने का प्रस्ताव है।

37वीं वार्षिक रिपोर्ट (1984-85) को रजत वैजयन्ती

4.46 वर्ष के दौराद, नई दिल्ली के इन्स्टीच्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टैंट्स आंफ इण्डिया ने बैंकों और वित्तीय संस्थानों से प्राप्त हुई प्रविष्टियों में से भाग्रौविनि की 30 जन, 1985 को समाप्त हुए वर्ष की 37वीं वार्षिक रिपोर्ट को सर्वोत्तम घोषित किया और भाग्रौविनि को रजत वैजयन्ती प्रदान करने का निर्णय लिया। यह पहला अवसर है कि भाग्रौविनि को यह प्रतिष्ठा प्राप्त हुई है।

आभार प्रदर्शन

4.47 निदेशक बोर्ड, भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों निवेशालयों, विभागों, भारतीय रिजर्व बैंक (भारिबैंक), भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (भाऔविबैंक), अन्य सहयोगी वित्तीय संस्थानों, विभिन्न राज्य सरकारों, राज्य स्तर के वित्तीय एंव विकास संस्थानों और मर्चेन्ट बैंकिंग संस्थाओं के प्राप्त हुई सहायता, और सहयोग और सद्भाव के लिए अपना आभार प्रकट करता है।

4.48 निदेशक बोर्ड, तकनीकी सलाहकारों संगठनों, जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान, प्रबन्ध विकास संस्थान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यम पार्कों, भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थानों, उत्तर प्रदेश, बिहार और उड़ीसा के उद्यमीयता विकास संस्थानों और भाऔविनि से सक्रिय रूप से संबद्ध अन्य संस्थानों के समूह के अध्यक्षों और मुख्य कार्यपालकों द्वारा अपने-अपने संगठनों की गतिविधियों और भूमिकाओं को बढ़ाने के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करता है।

4.49 भाऔविनि की क्षेत्रीय/आंचलिक और राज्य सलाहकार समितियों तथा तकनीकी सलाहकार/तदर्थ समिति के सदस्यों, समय-समय पर उनके अमूल्य सहयोग और सलाह के लिए आभारी है तथा उनका धन्यवाद करता है। निदेशक बोर्ड, विभिन्न संगठनों और सहायता प्राप्त संस्थाओं के बोर्डों में भाऔविनि की ओर से नामित गैर-शासकीय सदस्यों का भी आभारी है।

4.50 निदेशक बोर्ड, भाऔविनि द्वारा विदेशों में स्थित विभिन्न विकास वित्तीय संस्थानों से प्राप्त निरन्तर सहायता तथा सक्रिय सहयोग, विशेष रूप से विश्व बैंक, आर्थिक विकास संस्थान, एशियन विकास बैंक, जर्मन संघीय गणराज्य के कादितास्तल्ति-फर-वाइडरफबऊ, और विदेशों में समवर्ती और अन्य बैंकों आदि से प्राप्त सहायता के लिए भी आभार प्रकट करता है।

4.51 अन्त में, निदेशक बोर्ड, निगम के सभी स्तर पर, समस्त कर्मचारियों द्वारा वर्ष के दौरान की गई निष्ठावान और समर्पित सेवा के लिए उनकी अत्याधिक सराहना करता है।

निदेशक बोर्ड की ओर से
(डी० एन० डावर)
अध्यक्ष

परिशिष्ठ 1

1986-87 के दौरान चुने हुए उद्योगों की विस्थापित क्षमता, उत्पादन और क्षमता उपयोग का विवरण

(कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े इकाइयों की संख्या के द्योतक है)

क्रम सं०	उत्पाद	माप इकाई	1986-87 में विस्थापित क्षमता और उत्पादन					
			सम्पूर्ण देश के सम्बन्ध में			निगम की वित्तपोषित संस्थाओं के सम्बन्ध में		
			विस्थापित क्षमता और इकाइयों की संख्या	1986-87 (अप्रैल-मार्च) में उत्पादन	प्रतिशत क्षमता उपयोग	विस्थापित क्षमता और इकाइयों की संख्या	1986-87 (अप्रैल-मार्च) में उत्पादन	प्रतिशत क्षमता उपयोग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1.	चीनी	लाख टन	77.83 (377)	83.82	107.7	19.17 (116)	17.97	93.7
2.	सूती धागा (मिल क्षेत्र)	मिलियन तकुए	26.12 (1027)*	1471 मिलियन कि० ग्राम	—	7.11 (209)**	570.18 मिलियन कि० ग्राम	—
3.	सूती वस्त्र (मिल क्षेत्र)	लाख खड्डियां	2.06	3295 मिलियन मीटर	—	0.37 लाख खड्डियां	674.68 मिलियन मीटर	—

*283 संयुक्त मिलें सम्मिलित हैं।
**51 संयुक्त मिलें सम्मिलित हैं,

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
4.	पटसन वस्त्र . .	लाख टन	16.00 (70)	13.93	87.1	2.91 (8)	2.77	95.2
5.	कागज और गत्ता .	लाख टन	27.36 (285)	16.00	58.5	15.45 (51)	13.80	89.3
6.	प्लाईवुड . .	मिलियन वर्ग मी०	117.51 (59)	80.00	68.1	6.70 (4)	2.60	38.8
7.	सीमेंन्ट . .	मिलियन टन	53.54 (144)	33.64	62.8	42.88 (86)	33.91	79.1
8.	नाइट्रोजन उर्वरक	लाख टन	68.80 (40)	54.10	78.6	34.51 (12)	26.35	76.4
9.	फास्फेटिक उर्वरक .	लाख टन	20.70 (17)	16.60	80.2	14.08 (5)	7.53	53.5
10.	कास्टिक सोडा .	लाख टन	9.92 (39)	7.50	75.6	4.17 (10)	2.87	68.8
11	सोडा एश . .	लाख टन	10.05 (6)	9.50	94.5	1.32 (3)	0.94	71.2
12.	केल्सियम कार्बाइड	लाख टन	2.18 (8)	0.70	32.1	0.44 (3)	0.18	40.9
13.	एसिटिक एसिड	लाख टन	0.81 (19)	0.35	43.2	0.03 (1)	0.03	93.0
14.	कार्बन ब्लैक	लाख टन	1.55 (7)	0.90	58.1	0.17 (1)	0.11	64.7
15.	तरल क्लोरीन	लाख टन	7.70 (29)	3.10	40.3	2.49 (10)	1.23	49.4
16.	विस्कोज फिलामेन्ट धागा	हजार टन	45.18 (8)	44.64	98.8	4.64 (1)	6.11	131.7
17.	नायलोन फिलामेंट धागा	हजार टन	43.52 (11)	36.72	84.4	44.29 (5)	27 20	61.4
18.	नायलोन टायर कार्ड	हजार टन	N.A.	24.40	N.A.	22.29	19.39	86.9
19.	पालिएस्टर फिलामेंट यार्न	हजार टन	70.84 (14)	81.32	114.8	9.16 (2)	4.99	54.5
20.	पालिएस्टर स्टेपल फाइबर	हजार टन	128.51 (8)	65.63	51.1	14.07 (2)	13.53	96.2
21.	विस्कोस स्टेपल फाइबर	हजार टन	112.70 (4)	96.30	85.0	78.00 (1)	86.66	111.1
22.	आटो टायर .	लाख संख्या	160.58 (23)	130.00	80.9	79.26 (7)	48.87	61.3
23.	आटो टयूबें . .	लाख संख्या	171.45 (25)	103.00	60.0	62.96 (7).	36.57	58.1
24.	रबर गर्भरोधक .	मिलियन संख्या	713.00 (3)	600.00	84.1	200.00 (1)	161.59	80.8
25.	पुर्नप्रयोग की गई रबर	हजार टन	36.58 (11)	25.00	68..3	6.80 (2)	3.97	58.4

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(8)
26.	खालों से तैयार चमड़ा	लाख संख्या	113.00 (44)	47.00	41.6	13.50 (3)	3.95	29.3
27.	कांच की शीटें	मिलियन वर्ग मी०	48.41 (8)	40.00	82.6	18.11 (3)	17.64	97.4
28.	फाइबर ग्लास	हजार टन	5.29 (3)	4.00	75.6	1.75 (1)	1.21	69.1
29.	कांच की बोतलों और विविध कांच का सामान	लाख टन	5.80 (31)	5.30	91.4	1.00 (3)	0.73	73.0
30.	कृत्रिम डिटर्जेन्ट	हजार टन	323.46 (21)	200.00	61.8	38.37 (2)	22.23	57.9
31.	साबुन	हजार टन	365.40 (48)	390.00	106.7	84.30 (3)	105.14	124.7
32.	फैटी एसिड	हजार टन	130.65 (18)	65.00	49.8	6.95 (3)	4.43	63.7
33.	ग्लिसरीन	हजार टन	22.58 (19)	11.50	50.9	4.10 (4)	2.04	49.7
34.	बिक्री योग्य स्टील (मुख्य संयंत्र)	लाख टन	104.35 (6)	81.40	78.0	17.40 (1)	19.07	109.5
35.	स्टील इंगोट्स (मुख्य संयंत्र)	लाख टन	140.20 (7)	93.26	66.5	23.40 (2)	22.42	95.8
36.	स्टील इंगोट्स/बिल्लेट्स (मिनी स्टील संयंत्र)	लाख टन	48.00 (160)	22.67	47.2	4.42 (13)	3.92	88.7
37.	स्टील गढ़ाई	हजार टन	325.00 (90)	190.00	58.5	26.15 (4)	6.19	23.7
38.	स्टील ढलाई	हजार टन	200.00	90.00	45.0	27.75 (7)	19.94	71.8
39.	शीत कृत इस्पात पत्तियां	लाख टन	13.00 (63)	1.90	14.6	2.08 (7)	1.55	74.5
40.	एल्युमीनियम	लाख टन	3.62 (4)	2.57	71.0	1.45 (2)	1.34	92.4
41.	जिंक	लाख टन	0.96 (2)	0.76	79.2	0.14 (1)	0.17	121.4
42.	मोटर साइकिल	लाख संख्या	4.11 (8)	3.20	77.9	1.70 (2)	1.36	80.0
43.	स्कूटर	लाख संख्या	10.50 (11)	6.25	59.5	4.77 (3)	3.73	78.2
44.	मोपेड	लाख संख्या	7.00 (13)	4.37	62.4	3.27 (4)	2.04	62.4
45.	वाणिज्यिक वाहन	लाख संख्या	2.65 (12)	0.82	30.9	0.50 (4)	0.30	60.0
46.	तिपहिया	लाख संख्या	0.63 (4)	0.52	82.5	0.50 (1)	0.31	62.0
47.	पंखा और वी बेल्ट	लाख संख्या	183.71 (16)	165.00	89.8	12.00 (1)	11.24	93.7

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
48.	कन्वेयर बेल्टस	हजार टन	8.91 (8)	7.50	84.2	2.37 (1)	2.51	105.9
49.	जी०एल०एस० लैम्प	मिलियन संख्या	342.69 (19)	295.00	86.1	46.55 (2)	28.04	60.2
50.	फ्लोरेसेन्ट ट्यूबें	मिलियन संख्या	41.93 (15)	44.00	104.9	5.00 (1)	5.21	104.2
51.	पावर ट्रांसफार्मर	मिलियन किलोवाट्स	32.50 (31)	28.54	87.8	1.80 (1)	1.50	83.3
52.	डीजल इंजिन	हजार संख्या	501.00 (34)	175.00	34.9	35.50 (4)	69.1	19.5
53.	ट्रैक्टर (कृषि)	हजार संख्या	112.00 (19)	76.00	67.8	17.00 (2)	6.45	37.9
54	पावर टिलर	हजार संख्या	16.00 (5)	3.80	23.7	5.00 (1)	2.10	42.0
55.	होटल	लाख संख्या*	113.41 (455)	78.82	69.5	3.93 (8)	2.53	64.4

@कालम 4 और 7 तथा 5 और 8 में क्रमशः किराये के लिए खाली कमरों तथा भरे हुए कमरों की संख्या दी गई है।

परिशिष्ट-II

औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम 1948 (1948 का 15) में 17 वें संशोधन अधिनियम अर्थात् औद्योगिक वित्त निगम (संशोधन) अधिनियम, 1986 (1986 का 50) के द्वारा किए गए संशोधन

औविनि अधिनियम 1948 की धारा	औद्योगिक वित्त निगम (संशोधन) अधिनियम, 1986 (1986 का 50) के द्वारा किए गए संशोधन
(1)	(2)
2	निम्नलिखित गतिविधियों को सम्मिलित करने के लिए 'औद्योगिक समुत्थान' की परिभाषा में विस्तार: —ऊर्जा का भंडारण; —औद्योगिक क्षेत्र अथवा आद्योगिक सम्पदा का विकास; —उद्योग के लिए इंजीनियरिंग, तकनीकी, वित्तीय, प्रबन्धकीय, मार्केटिंग या अन्य सेवाएं अथवा सुविधाएं प्रदान करना; —चिकित्सा, स्वास्थ्य अथवा अन्य समवर्गीय सेवाएं प्रदान करना; —सूचना प्रौद्योगिकी, दूर संचार या इलेक्ट्रानिकी से संबंधित सेवाएं प्रधान करना; —लीजिंग, सब-लीजिंग या किराया खरीद आधार के संबंध में सेवाएं प्रदान करना
	—केन्द्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट कोई अन्य गतिविधि।
4	भाऔविनि की प्राधिकृत पूंजी 100 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 250 करोड़ रुपये की अधिकतम सीमा में इतनी राशि तक करना जितनी केन्द्रीय सरकार द्वारा राजपत्र में अधिसूचित की जाए।
10	एक प्रबन्ध निदेशक की नियुक्ति के लिए प्रावधान करना परन्तु एक ही व्यक्ति को अध्यक्ष और प्रबन्ध निदेशक दोनों के रूप में कार्य करने के लिए नियुक्त किया जा सकना।
	भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा एक निदेशक के नामांकन के लिए प्रावधान।
10क	अध्यक्ष की नियुक्ति की पदावधि, पुनर्नियुक्त किए जा सकने की पात्रता की शर्त के अधीन 4 वर्ष से बढ़ाकर 5 वर्ष से अनधिक करना। प्रबन्ध निदेशक को ऐसी शक्तियों का उपयोग करने के लिए प्राधिकृत करना जो बोर्ड अध्यक्ष अथवा अधिनियम के अधीन प्रत्यायोजित की जाएं। ऐसे मामलों के संबंध में जो बोर्ड की सक्षमता में हैं और जो भाऔविनि के हित में हैं तथा जिन पर

(1)	(2)
	तुरन्त कारवाई करनी आवश्यक है, बोर्ड की आगामी बैठक में रिपोर्ट किए जाने की शर्त के अधीन अध्यक्ष अथवा उसकी अनुपस्थिति में प्रबन्ध निदेशक द्वारा किए जाने के लिए प्राधिकृत करना ।
11	निर्वाचित निदेशकों की पदावधि को 4 वर्ष से घटाकर 3 वर्ष करना।
19	भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमोदन से भारत से बाहर के किसी बैंक में निक्षेप खाता खोलने के लिए भाग्रौविनि के लिए विशेष प्रावधान।
20	भारतीय यूनिट ट्रस्ट के यूनिटों तथा वित्तीय अथवा विकास संस्थान अथवा संगठन में बांड एंव डिबेंचर द्वारा निवेशों के लिए प्रावधान।
21	भारतीय रिजर्व बैंक से अल्पकालीन उधार लेने के संबंध में 15 करोड़ रुपये की अधिकतम सीमा को हटाना।
	केन्द्रीय सरकार, भाग्रौविबैंक, भाजीबीनि, भायूट्र अथवा केन्द्रीय सरकार के सामान्य पर अथवा विशिष्ट अनुमोदन से ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर जैसी करार पाई जाएं, भारत में या भारत के बाहर किसी प्राधिकरण, संस्थान, संगठन, न्यास से उधार लेने का प्रावधान।
23	भाग्रौविनि के प्राधिकृत कारोबार में निम्न-लिखित अनुसार प्रसार किया जाना—
	—किसी सहकारी बैंक द्वारा दिए गए ऋण की गारन्टी देने के लिए भाग्रौविनि को प्राधिकार।
	—भाग्रौविनि अन्तराष्ट्रीय पुनर्निर्माण बैंक या किसी अन्तरराष्ट्रीय संस्था या राष्ट्रीय संस्थान या संगठन के अभिकर्ता के रूप में कार्य कर सकने का प्रावधान।
	—किसी उद्योग के प्रवर्तन, प्रबन्ध, अथवा विस्तार के लिए किसी औद्योगिक समुत्थान को तकनीकी एंव प्रशासकीय सहायता के अतिरिक्त वित्तिक एंव मार्केटिंग सहायता प्रदान करना।
	—भारत अथवा भारत के बाहर सलाहकारी और मर्चेन्ट बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना।
30क और 30ख	किसी औद्योगिक समुत्थान में प्रशासक की नियुक्ति के लिए प्रावधान ।
अनुसूची	धारा 39 (3) द्वारा विनिर्धारित विश्वस्तता और गोपनीयता की घोषणा से संबंधित अनुसूची में संशोधन।

परिशिष्ट III

1986-87 (जुलाई-जून) के दौरान भाग्रौविनि द्वारा वित्तपोषित नई विस्तार तथा विशाखन परियोजनाओं का प्रत्यक्ष आर्थिक योगदान

(करोड़ रुपये)

उद्योग	परियोजनाएं (संख्या)	कुल पूंजी लागत (रु०)	सम्भावित प्रत्यक्ष रोजगार (संख्या)	उत्पादन का मूल्य (रु०)	सकल मूल्य वृद्धि (रु०)	प्रति वर्ष क्षमता
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
चीनी . .	11	107.05	4878	89.86	32.18	1.95 लाख टन चीनी
फलों का रस .	5	20.95	554	40.44	11.89	एससेप्टिक पैकटों में शीतल पेय आधारित 28.56 मिलियन लिटर फलों के रस की प्रोसेसिंग और पैकेजिंग 45.72 लाख पैकेजों में फलों के रस की प्रोसेसिंग और पैकेजिंग ।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
वस्त्र . .	15	103.67	5,166	68.07	24.33	1.54 लाख तकुए, 168 रोटरें और 325 लाख मीटर कपड़े की प्रोसेसिंग ।
कागज उत्पाद .	5	22.74	715	34.16	12.86	900 लाख मल्टीवाल पेपर सैक्स, 475 लाख अंडे की ट्रे या 238 लाख सेब की ट्रे, 2400 टन वैक्यूम धातुकृत कागज/गत्ता/फिल्म, 6,600 टन भूसा पल्प और रद्दी कागज पल्प ।
उर्वरक और कीटनाशक	6	660.69	1,968.	315.84	164.55	4.95 लाख टन यूरिया, 2.97 लाख टन अमोनिया, 1.32 लाख टन सिंगल सुपर फास्फेट, 0.66 लाख टन सल्फ्यूरिक एसिड, 180 टन सोडियम सिलीको फ्लोराइड, 375 टन फोरेट टेक्नीकल, 200 टन मोनोक्रोटोफॉस, 100 टन क्लोरो-पाइरीफॉस टेक्नीकल और 450 टन ब्यूटाक्लोर टेक्नीकल ।
रसायन और रसायन उत्पाद	28	372.19	5,274	433.61	164.80	8,250 टन कॉस्टिक सोडा, 16,500 टन ऑक्सीजन, 5.43 लाख टन सोयाबीन की पिराई, 550 टन डे-लाइट फॉसफोरस (फ्लोरेसेंट पाउडर), 6,900 टन सोरबीटकेल, 5,000 टन हाइड्रोजन पेरोक्साइड, 6,000 टन रेफ्रिजिरेंट गैसें, 3,500 टन अल्युमीनियम फ्लोराइड, 42 टन सिफालेक्सिन, 23,100 टन हाइड्रोजेनेटिड राइस ब्रान तेल, 3,000 टन दूर-संचार की तार के खोल, 10,000 टन औद्योगिक रोगन, 20,000 टन तरल ग्लूकोज, 9,500 टन डेक्स-ट्रोस मोनोहाइड्रेट, 3,650 टन माल्टोडेक्सीट्रिन, 9,000 टन स्टार्च, 50 टन 6-एपीए, 10 टन एन-जाइम्स, 30 टन 7-एडीसीए, 60 लाख बोतलें/इन्ट्राविनस ट्रांसफ्यूशन सोल्युशन के एम्प्यूल्स, 400 टन पालीमेराइजेशन इनीशियेटर्स, 1,000 टन सेलिसिलिक एसिड, 1,000 टन एसपिरिन, 350 टन एसिटिक एसिड, 3,000 टन एन-हाइड्रस हाइड्रोफ्लोरिक एसिड, 500 टन फ्यूमरिक एसिड, 5,000 टन क्लारोफ्लोरोकार्बन रैफ्रिजरेंट गैसें, 95 मिलियन डेटोनेटर्स और 28.75 मिलियन मीटर डिटो-नेटिंग फ्यूजेज ।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
आटोमोबाइल टायर और ट्यूबें	2	18.18	550	26.05	13.04	दुपहियों/तिपहियों के लिए 22.5 लाख टायर और 22.5 लाख ट्यूबें
कृत्रिम रेशे .	5	365.47	1,375	354.25	153.70	15,000 टन आंशिक रूप से चमकीला पॉलियस्टर फिलामेंट धागा, 20,000 टन पॉलियस्टर स्टेपल धागा ।
कृत्रिम रेसिन्स और प्लास्टिक का सामान	10	109.07	1,947	104.23	43.92	7,500 टन पालीथर पालियल्स, 2,500 टन थर्मोप्लास्टिक पोलीयूरेथेन रेसिन्स/कम्पाऊन्ड, 10 लाख मोल्डिड लगेज, 10 लाख सोफ्ट लगेज, 2000 टन औद्योगिक लेमिनेट्स, 121 मिलियन डिस्पोजेबल सिरिंज, 8,600 टन रेड मड कोरूगेटेड शीटें और फिटिंग, 1,000 टन बी०ओ०पी०पी० फिल्म और 2,450 टन एच०डी०पी०ई०/पी०पी० बोवन सैक्स ।
सीमेंट और सीमेंट उत्पाद .	5	202.88	844	842.49	44.52	11.33 लाख टन सीमेंट और 45,000 टन एसबेसटस सीमेंट शीटें
कांच और कांच उत्पाद	3	14.01	522	10.62	5.70	3.5 मिलियन वर्ग मीटर वायर्ड और फिगर्ड कांच, 18,000 टन सोडा लाइम कांच की बोतलें, 19,800 टन कांच की बोतलें और 2,000 टन बोरोसिलिकेट कांच की वायल्स ।
विविध अधातु खनिज उत्पाद .	11	113.65	2,813	82.24	51.21	81,000 टन मृत्तिका शिल्प दीवार और फर्श की टाइलें, 23,600 टन वायट्रियस चाइना सेनेटरीवेयर्स, 600 टन सिलिकोन कार्बाइड क्रसिबल्स, 6,000 टन सिलिकोन कार्बाइड और 4,000 टन अल्युमीनियम आक्साइड ।
लोहा और इस्पात	18	358.11	3,520	465.07	152.12	1.5 लाख टन डायरेक्ट रिड्यूस्ड आयरन, 35,000 टन जी०पी० जी०सी० शीटें, 1.45 लाख टन इगनाट्स/ बिल्लेट्स 24,000 टन रोल्ड उत्पाद, 10,000 टन उच्च अलॉय और विशेष इस्पात कास्टिंग्स, 24,500 टन कोल्ड रोल्ड स्टील स्ट्रिप्स, 9,000 टन प्रिसिशियन क्लोल्ड डाई प्रैस फोरजिंग्स, 16,800 टन प्रिसिशियन स्टील ट्यूबें, 1.25 लाख

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
						टन कोल्ड रोल्ड कार्बन स्टील क्वायल्स, 700 टन स्टेनलेस स्टील और हार्ड फेसिंग अलाय वायर राड्स, 10,000 टन स्टील और उच्च अलॉय सी०आई० कास्टिंग, 13,000 टन सीमलेस स्टील ट्यूबें, 1,590 टन एम्यूनीशन स्टील बाडी, 50,000 टन मध्यम और हल्के स्ट्रक्चरल्स और स्प्रिंग स्टील, 6,000 टन लोहे का पाउडर, 2,500 टन कॉस्टिंग पाइप, 50,000 टन प्रोडक्शन ट्यूबिंग और 10,000 टन ड्रिल पाइप ।
मशीनरी और उपांग्	13	149.61	1,940	171.53	64.66	200 कम्प्यूटर अंक नियंत्रण मशीनें, 20 छोटे हाइड्रो-टरबाइन, 36 टेप लाइनें, 18 लेमिनेटिड इक्विपमेंट, 15,000 साइकिल रिडक्शन गीयर्स, 2,800 टन स्टील कार्ड रीइन्फोर्सड और कृत्रिम रेशे रीइन्फोर्सड कन्वेयर बेल्टिंग्स, 1500 आर्क वेल्डिंग इक्विपमेंट, 3000 टन वेल्डिंग उपभोग्य और 16,0000 डीजल इंजिन ।
बिजली और इलेक्ट्रानिक उपस्कर	42	569.84	10.924	780.56	327.55	11 लाख इलैक्ट्रानिक पुश बटन टेलीफोन उपकरण, 23.90 लाख रंगीन टी०वी० पिक्चर ट्यूबें, 6 लाख ब्लैक एण्ड वाइट वी०वी० पिक्चर ट्यूबें, 2.5 लाख इलैक्ट्रोनिक प्राइवेट ऑटोमैटिक टेलीफोन एक्सचेंज लाइनें, 1.88 लाख पोर्टेबल जेनेरेटिंग सेट, 1.24 लाख वर्ग मीटर प्रिंटेड सर्किट बोर्ड, 6.25 लाख कंडक्टर किलोमीटर पॉलिथिलीन इन्सुलेटेड जेली फिल्ड टेलीफोन केबल्स, 1.25 लाख सिंगल और डबल साइड के फ्लापी डिस्क ड्राइव्स, 360 मिलियन एम० आई०सी० आर० चेक और 60 मिलियन कम्प्यूटर स्टेशनरी, 12,000 बैंक प्लेन्स और 4,000 कम्प्यूटर हेतु बोर्ड लेवल प्रोडक्ट्स 2,500 मिलियन मोटर आडियो मैग्नेटिक टेप, 0.60 लाख वीडियो डेक्स, 3 लाख छत के पंखे, 2

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
						लाख रंगीन टी०वी०, 2 लाख इलैक्ट्रानिक ट्यूनर्स, 2 लाख एक्स-ट्रा हाई टेंशन ट्रांसफार्मर्स, 2.7 मिलियन वर्ग इंच हाइब्रिड माइक्रो सर्किट, 2,000 रिकार्डर्स, इंडी-केटर्स, एक्टीवेटर्स, कन्वर्टर्स और कन्ट्रोलर्स, 60 डाटा एक्विजी-शन और डिस्ट्रिब्यूटेड कन्ट्रोल सिस्टम, 2,000 ग्रुप फिक्वेंसी डिविजन मल्टीप्लेक्सिंग-वायस चेनल की लाइन ट्रांसमिशन हेतु एम० यू एक्सइक्विपमेंट, 10 मिलियन निक्कल केडमियम पाकेट प्लांट बैटरी के ए०एच० 3,000 सामान्य प्रयोजन आवेदन हेतु ब्रशलैस आल्टरनेटर्स, आटोमोशबाइल्स हेतु एक लाख ब्रशलैस आल्टरनेटर्स, 8,500 सिंगल फेस आयल फिल्ड ट्रांसफार्मर्स, 16,500 सिंगल फेस कास्ट रेसिन ट्रांसफार्मर्स, 0.60 लाख हर-मेटिकली सील किए हुए कम्प्रैशर, एक लाख हीट ट्रांसफर क्वाल्यस, 1,020 ट्रैक चैन, 240 रोलर एसेम्बलीज और 500 पल्स कोड मोड्युलेशन मल्टीप्लेक्स टर्मिनल ।
परिवहन उपस्कर	22	556.66	5,624	396.55	204.41	1.5 लाख मोपेड, 1.2 मिलियन बाइसिकल, 1.0 लाख स्कूटर, 550 टन अलौह डाईकास्ट आटो-मोटिव कास्टिंग्स, 5 लाख फ्लाई व्हील मैगनेट्स, 6.25 लाख डैस बोर्ड मीटर्स, 12.50 लाख हैड लेम्प एसेम्बली, 6.25 लाख आटोमोटिव स्विच, 2,900 टन आटोमोटिव एक्सल शाफ्ट, 135 टन इंजिन टाइमिंग गीयर्स, 340 टन स्ट्रेट लेवल गीयर्स, 7.50 लाख कनेक्टिंग राड एसेम्बलीज, वाणिज्यिक वाहनों हेतु 30,000 फ्रंट एण्ड स्ट्रक्चर्स, 1,200 ट्रिपर्स, 400 इन्टेग्रल और निर्यात बसों, हेतु बाडी बिल्डिंग 6 मिलियन आटोमोटिव स्पार्क प्लग, 2,700 टन विभिन्न प्रेस्ड मेटल कम्पोनेन्ट्स/ एसेम्बलीज, 6 लाख पिस्टन और पिस्टन पिनें, 1.90 लाख सेमी

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
						फिनिश्ड मशीन गीयर पार्टस, 1,000 टन एक्सट्रा हैवी ड्यूटी प्लास्टिक कम्पोनेंट्स 1.5 लाख कम्बीनेशन स्विच के सेट 1.7 लाख डोर लेचिस सेट, 4.7 लाख तालों के सेट, 0.50 लाख आटो-मोबाइल एयर-कंडीशनर, 2.2 लाख क्लचशाफ्ट के सेट, 2.20 लाख कनेक्टिंग राड के सेट, 1.1 लाख शाफ्ट और ट्रांसमिशन गीयर असेम्बली सेट, साइकिलों के लिए 10,000 टन प्रिसिशियन स्टील ट्यूबें और 2,400 टन हेलिकल स्प्रिंग।
लकड़ी उत्पाद .	2	15.50	381	14.68	8.04	1.5 मिलियन वर्ग मीटर प्लाईवुड, 7.8 मिलियन वर्ग मीटर वीनीअर, 9.15 लाख वर्ग मीटर मध्यम घनत्व का एक तह वाला प्रवर्तित पारटिकिल बोर्ड।
होटल . .	6	49.53	1,327	34.50	30.50	680 कमरे
अन्य . .	27	180.26	4,398	238.19	83.08	
जोड़ . .	236	3,989.97	54,720	4,502.94	1,593.06	

वार्षिक लेखे 1986-87
लेखा-परीक्षकों रिपोर्ट

सेवा में,

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के शेयरधारी

हम, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के अधोहस्ताक्षरी लेखा-परीक्षकों ने निगम के 30 जून, 1987 के संलग्न तुलन-पत्र और लेखों का लेखा-परीक्षण किया है और शेयर-धारियों को निम्नानुसार रिपोर्ट करते हैं :—

1. तुलन-पत्र और लेखे, लेखा-पुस्तकों के साथ तालमेल में हैं।
2. हमारे द्वारा मांगी गई आवश्यक सूचनाएं और स्पष्टीकरण हमें दिए गए हैं और वे संतोषजनक पाए गए हैं।
3. हमारे विचार और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरणों के अनुसार, तुलन-पत्र और तुलन-पत्र पर दी गई टिप्पणियां पूर्ण और निष्कपट हैं, और इसमें सभी सम्बन्धित जानकारी दी गई है तथा यह औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 और निगम के नियमों के अनुसार तैयार किया गया है तथा इससे निगम के कार्यों के सच्चे और सही रूप का पता चलता है।

एन० एम० रायजी एण्ड कम्पनी टी० आर० चड्ढा एण्ड कम्पनी

सनदी लेखापाल

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 18 अगस्त, 1987

30 जून, 1987 को तुलन-पत्र

विवरण	अनुसूची	इस वर्ष लाख रुपये	पिछले वर्ष लाख रुपये
(1)	(2)	(3)	(4)
परिसम्पत्तियां			
रोकड़ और बैंक शेष	1	13,700.00	20,888.48
वित्तपोषित संस्थाओं में निवेश	2	7,283.36	5,867.64
अन्य संस्थानों में निवेश	—	281.00	21.00

(1)	(2)	(3)	(4)
वित्तपोषित संस्थाओं को ऋण	3	2,11,709.56	1,64,910.52
परिसर एवं उपस्कर	4	2,245.75	1,306.32
अन्य परिसम्पत्तियां	5	11,027.48	8,018.76
स्वीकृतियों के लिए ग्राहक देयता	—	2,193.35	1,788.16
जोड़		2,48,440.50	2,02,800.00
देयताएं और शेयरधारी निधि			
शेयर पूंजी	6	5,750.00	4,500.00
रिजर्व और आरक्षित निधियां	7	18,216.74	14,488.08
दीर्घकालीन ऋण	8	2,09,448.78	1,70,325.80
चालू देयताएं तथा व्यवस्थाएं	9	12,028.81	11,073.83
स्वीकृतियों पर देयताएं	—	2,193.35	1,788.16
निर्दिष्ट निधियां	10	802.82	625.01
जोड़		2,48,440.50	2,02,800.88

हरिश्चन्द्र शर्मा　आर० विश्वनाथन　डी० एन० डावर　एम० एन० बगई　ए० वी० गणेशन　बी० आर० पंचमुखी
महाप्रबन्धक　कार्यपालक निदेशक अध्यक्ष　पी० एम० करिहाल　डी० एम० पटेल

निदेशक

नई दिल्ली: 18 अगस्त, 1987　इसी तारीख की हमारी संलग्न रिपोर्ट के अनुसार　टी० आर० चड्ढा एण्ड कम्पनी
एन० एम० रायजी एण्ड कम्पनी
सनदी लेखापाल

30 जून, 1987 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ-हानि लेखा

विवरण	अनुसूची	इस वर्ष लाख रुपये	पिछले वर्ष लाख रुपये
ऋणों, अग्रिमों और जमा में ब्याज (अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों और सामान्य तथा आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए घटाकर)	11	22,548.04	16,774.42
ऋणों की लागत	12	16,077.89	11,992.59
निवल ब्याज राजस्व		6,470.15	4,781.83
अन्य परिचालनों में आय	13	799.86	940.48
जोड़		7,270.01	5,722.31
कार्मिक व्यय	14	654.88	485.32
निदेशकों और समिति सदस्यों की फीस	—	2.55	2.05
परिसर एवं उपस्कर—किराया, अनुरक्षण तथा मूल्यह्रास	15	278.60	171.40
अन्य व्यय	16	167.27	177.14
प्रबन्ध विकास संस्थान को अनुदान	—	5.00	5.00
कराधान के लिए व्यवस्था	—	1,813.59	1,463.00
जोड़		2,921.89	2,303.91

विवरण	अनुसूची	इस वर्ष लाख रुपये	पिछले वर्ष लाख रुपये
समायोजन :			
औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 32 के अधीन सामान्य आरक्षित निधि . . .		1,082.19	904.12
आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(i) (vii) के अधीन विशेष आरक्षित निधि		2,548.52	1,950.65
औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 32ख के अधीन हितकारी आरक्षित निधि . .		150.00	150.00
कर्मचारी कल्याण निधि		15.00	15.00
लाभांश		552.41	398.63
		4,348.12	3,418.40
लेखांकन नीतियां और टिप्पणियां जो लेखे का भाग है	17		

हरिश्चन्द्र शर्मा महाप्रबन्धक | आर० विश्वनाथन कार्यपालक निदेशक | डी० एन० डावर अध्यक्ष | एस० एन० बगई पी० एल० करिहालू | ए०वी० गणेशन | वी० आर० पंचमुखी डी० एम० पटेल

निदेशक

इसी तारीख की हमारी संलग्न रिपोर्ट के अनुसार टी० आर० चड्ढा एण्ड कम्पनी
एन० एम० रायजी एण्ड कम्पनी
सनदी लेखापाल

नई दिल्ली: 18 अगस्त, 1987

अनुसूची 1

30 जून, 1987 को तुलन-पत्र के साथ संलग्न तथा उसका भाग

रोकड़ और बैंक शेष

विवरण	इस वर्ष लाख रुपये	पिछले वर्ष लाख रुपये
रोकड़ और बैंक शेष		
हाथ में नकदी	1.33	0.77
हाथ में चैक/ड्राफ्ट एवं वसूली हेतु प्रस्तुत	792.28	580.25
भारत में बैंकों में शेष		
चालू खातों में	5,609.39	6,326.53
(टिप्पणी नं० 7 देखें) . .		
अल्पावधि जमा में	6,695.00	3,502.50
भारत के बाहर बैंकों में		
चालू खातों में	481.60	356.18
अल्पावधि जमा में	120.40	10,122.25
जोड़	13,700.00	20,888.48

अनुसूची 2

30 जून, 1987 को तुलन-पत्र के साथ संलग्न तथा उसका भाग

वित्तपोषित संस्थाओं में निवेश (लागत पर)

विवरण	धारा के अन्तर्गत*			इस वर्ष लाख रुपये	पिछले वर्ष लाख रुपये
	23(घ)	23(च)	23(छ)		
(i) इक्विटी शेयर	3,724.52	1,019.19	1,448.09	6,191.80	5,085.44
(ii) अधिमान शेयर	328.75	67.00	0.01	395.76	418.60
(iii) डिबेन्चर	34.91	379.07	245.60	669.58	349.91
(iv) शेयरों और डिबेन्चरों पर आवेदन राशि	31.22	5.00	—	36.22	13.69
	4,119.40	1,470.26	1,693.70	7,283.36	5,867.64
30 जून, 1986 को जोड़	3,601.85	759.25	1,506.54		
कथित					
—बही मूल्य				3,941.08	3,232.95
—बाजार मूल्य				7,735.44	9,517.21
निवेश जिनके लिए दरें उपलब्ध नहीं हैं (बही मूल्य)				3,306.07	2,621.00

*औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 से सम्बन्धित

अनुसूची 3

30 जून, 1987 को तुलन-पत्र के साथ संलग्न तथा उसका भाग

